e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 273
शुक्रवार
06.10.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

किसी का भला करके देखो, हमेशा लाभ में रहोगे, किसी पर दया करके देखो, हमेशा याद में रहोगे !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### कार ने एक ही परिवार के चार लोगों को कुचला, दो की मौत, दो गंभीर

**नीमच :** जिले के रामनगर के समीप तीखी रुंडी गांव में बुधवार देर रात एक कार ने एक ही परिवार के चार लोगों को कुचल दिया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद से कार चालक फरार है। परिजनों ने गांव के सरपंच पर ही आरोप लगाए हैं। जीरन थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।हादसे में मृत और घायलों के परिजनों के अनुसार सरपंच सुखलाल नाथ की गाड़ी ने पहले पट्टूबाई, करण नाथ, रोडू नाथ और पवन बाई को टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद उन पर कार चढ़ा दी। हादसे में पट्टू बाई (40) की मौके पर मौत हो गई, जबकि करणनाथ (24) ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। रोडू नाथ (60) और पवन बाई (53) गंभीर रूप से घायल हैं।

### ईडी के समन के खिलाफ हाई कोर्ट में दाखिल मुख्यमंत्री की रिट पिटीशन पर सुनवाई 6 को

**रांची :** ईडी के समन के खिलाफ हाई कोर्ट में दाखिल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिट पिटीशन पर छह अक्टूबर को सुनवाई होगी। याचिका पर सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा एवं जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में होगी।हेमंत सोरेन ने 23 सितंबर को झारखंड हाई कोर्ट में ईडी के समन के खिलाफ रिट पिटीशन दाखिल की है। दाखिल पिटीशन में डिफेक्ट था, जिसे दूर करने के लिए तीन अक्टूबर तक का समय दिया गया। पिटीशन में जो कमी थी उसे दूर कर लिया गया है।मुख्यमंत्री ने पिछले दिनों ईडी के समन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार करते हुए हाई कोर्ट में अपील करने का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाई कोर्ट जाने की छूट दिए जाने को आधार बनाया है। साथ ही ईडी की उनके खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई न करने का आदेश पारित करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री ने ईडी पर चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की साजिश करने सहित अन्य वैधता को चुनौती दी है। ईडी को पीएमएलए की इन धाराओं के तहत किसी के बयान दर्ज करने के दौरान उसकी गिरफ्तारी करने का अधिकार है।

### सिटी मैनेजर व सर्वेयर रिश्वत लेते गिरफ्तार

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर नगर निगम के



कार्यालय में एसीबी की टीम ने छापामार कर सिटी मैनेजर अनिल उरांव एवं सर्वेयर राकेश कुमार को 4000 रुपए लेते रगें हाथ गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार सिटी मैनेजर एवं सर्वेयर ने वार्ड नंबर 33 के एक व्यक्ति से प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी किस्त 90 हजार रुपए जारी करने के एवज में 4 हजार रुपए की नाजायज मांग कर रहे थे। लेकिन लाभुक 4000 रुपए नहीं देना चाह रहा था।ज्यादा दबाव बनाने पर लाभुक ने एसीबी की टीम से संपर्क कर उक्त जानकारी दी। जांच के बाद एबीसी की टीम ने मामले को सही पाया। लाभुक ने जैसे ही सिटी मैनेजर अनिल उरांव एवं सर्वेयर राकेश कुमार को रिश्वत के रूप में 4000 नगद दिया।वैसे ही एसीबी की टीम ने छापा मारकर दोनों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों व्यक्तियों को हिरासत में ले कर एसीबी की टीम रांची ले गई। टीम का नेतृत्व एसीबी के पुलिस निरीक्षक विनोद कुमार पासवान कर रहे थे।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

कैबिनेट की बैठक में 32 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# झारखंड राज्य प्रशिक्षण नीति 2023 के गठन को मिली मंजूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक में 32 प्रस्तावों पर मुहर लगी। त्रिस्तरीय पंचायत के लिए मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार योजना के तहत 24 ग्राम पंचायत को 10 लाख रुपये का पुरस्कार, पांच प्रखंड पंचायत को 15 लाख और दो जिला परिषद को 20 लाख रुपये की राशि दी जायेगी।स्वास्थ्य एवं स्वच्छ प्रोत्साहन पुरस्कार के तहत भी 24 पंचायत को 10 लाख, प्रखंड पंचायत को 15 लाख और जिला परिषद को 20 लाख रुपये दिये जायेंगे। उत्कृष्ट ग्राम सभा पुरस्कार योजना के तहत 48 ग्राम सभा को चार-चार लाख रुपये उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए दिये जायेंगे। झारखंड राज्य प्रशिक्षण नीति-2023 को स्वीकृति दी गई। इसके तहत जो भी प्रशासनिक अधिकारी पदाधिकारी हैं, उन्हें प्रशिक्षण किस तरह से दिया जायेगा, उसका पूरा ढांचा तैयार किया गया। सिद्धो कान्हो सहकारी लिमिटेड को दो करोड़ रुपये देने की स्वीकृति दी गई। इसके लिए 48 करोड़ रुपये की मंजूरी हुई। रांची में विधानसभा थाना, साहिबगंज में गंगा नदी थाना, बोकारो में चीरा थाना, चाईबासा में कोरिया थाना, इसके अलावा रांची में चामा, जलगा ओपी, इसके अलावा रांची में राहे को उत्क्रमित कर थाना बनाया गया।

**कैबिनेट के अन्य फैसले**




**त्रिस्तरीय पंचायत के लिए मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार योजना के तहत 24 ग्राम पंचायत को 10 लाख रुपये का पुरस्कार, पांच प्रखंड पंचायत को 15 लाख और दो जिला परिषद को 20 लाख रुपये की राशि दी जायेगी।**

- लोहरदगा जिले में 23 जनवरी, 2020 को हिंसा और राजधानी से प्रभावित 91 परिवारों की चल-अचल संपत्ति के नुकसान के बदले 51 लाख रुपये अधिक मुआवजा भुगतान करने की स्वीकृति दी गई।
- कैंसर बीमारी से संबंधित आंकड़ा जताने के लिए चिकित्सा संसाधनों को आंकड़ा उपलब्ध कराने को अनिवार्य किया। रैबीज बीमारी को नोटिफाई बीमारी में अधिसूचित किया गया।
- ओपन जेल में कैदियों को भेजने के लिए नियम को सरल किया गया। पुलिस महानिदेशक कार्यालय की सूची के अनुसार उन्हें ओपन जेल में शिफ्ट किया जाएगा।
- पथ प्रमंडल बोकारो अंतर्गत नवाडीह गोमो पथ 11.5 किलोमीटर के चौड़ीकरण-मजबूतीकरण के लिए 38 करोड़ की योजना मंजूर हुई।
- जामताड़ा निराशा पथ पर बराकर नदी पर 263 करोड़ की लागत से उच्च स्तरीय पुल बनाने का पथ निर्माण विभाग के प्रस्ताव पर मंजूरी दी गई।
- शिक्षा परियोजना में मुख्य अभियंता का पद सृजित किया गया।
- रांची नगर निगम के अंतर्गत कार्यरत सहायक अभियंता और नगर प्रबंधक के बकाया भुगतान के लिए एक करोड़ 40 लाख रुपये जेसीएफ लोन लेकर देने की स्वीकृति दी गई।
- राज के 4351 ग्राम पंचायत में 43500 का स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए चार अरब 63 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई।
- रांची शहरी जलापूर्ति परियोजना फेस 2 के निवेदन स्टार के लिए 10 प्रतिशत की अधिक सीमा को विलोपोत किया गया।
- लोहरदगा के कुडू में 107 एकड़ जमीन में मेसर्स ईएसएल को स्टील प्लांट लगाने के बदले क्षतिपूरक वन लगाने के लिए 21 करोड़ रुपये की राशि वन विभाग को देने की स्वीकृति दी गई।
- देवघर, गिरीडीह, रांची और गुमला में 5000 मीट्रिक टन क्षमता वाले तीन कोल्ड स्टोरेज बनेंगे। इसके लिए राशि की स्वीकृति।
- राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग अंतर्गत मोहरिर सेवा संवत नियमावली 2023 का गठन।

सीबीआई कोर्ट ने नेशनल शूटर तारा शाहदेव मामले में सुनाया फैसला

## रंजीत को आजीवन कारावास दो अन्य को भी सजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** नेशनल शूटर तारा शाहदेव मामले में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को तीनों दोषियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सजा सुनायी। दोषी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल हसन को अंतिम सांस तक आजीवन कारावास, उसकी मां कौशल रानी को 10 वर्ष की सजा और झारखंड हाई कोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (निगरानी) मुश्ताक अहमद को 15 साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने रंजीत कोहली पर 75 हजार और अन्य दोनों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इससे पूर्व 30 सितम्बर को अदालत ने तीन आरोपितों को दोषी करार दिया था। अदालत ने तीनों को आईपीसी की धारा 120बी, 496, 376(2)एन, 323, 298, 506 में दोषी पाया था। अभियोजन पक्ष (सीबीआई) के वरिष्ठ लोक अभियोजक प्रियांशु सिंह ने अदालत में सजा के दौरान कहा कि यह मामला व्यक्तिगत आदमी का नहीं, समाज और देश को प्रभावित करने वाला है। इसलिए दोषियों को अधिक से अधिक सजा दी जाये। इसमें केवल दोषियों के अधिकारों को ही नहीं, बल्कि पीड़िता के अधिकारों और समाज के कष्ट को भी ध्यान में रखकर सजा सुनायी जाये। उन्होंने अदालत में पश्चिम बंगाल के धनंजय चटर्जी बनाम सरकार के एक केस में सजा का हवाला दिया। धनंजय चटर्जी पर दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप था। इस मामले में फांसी की सजा सुनायी गयी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने सजा के दौरान कहा कि मुश्ताक अहमद न्यायिक अधिकारी रहे हैं। उनकी छवि अच्छी रही है। इसे देखते हुए कम से कम सजा दी जाये। कौशल रानी के संबंध में कहा कि उनकी उम्र 85 साल है। वह हमेशा बीमार रहती है। उनकी भूमिका भी केस में ज्यादा नहीं है। उनके कम से कम सजा दी जाये।गौरतलब है कि नेशनल शूटर तारा शाहदेव ने हिंदपीढ़ी थाने में रंजीत कोहली और उसकी मां कौशल रानी के खिलाफ 19 अगस्त, 2014 को मामला दर्ज कराया था। इसमें धर्म परिर्वतन, यौन उत्पीड़न और दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया गया था। झारखंड पुलिस ने मामले में अदालत में धारा 34/498ए के तहत रंजीत कोहली और उसकी मां कौशल रानी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की।

पुलिस की चार्जशीट से तारा शाहदेव संतुष्ट नहीं हुई। उसने इसका विरोध किया। इसके बाद झारखंड सरकार ने मामले को सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया। सीबीआई ने 22 मई, 2015 को केस दर्ज किया। सीबीआई की डीएसपी सीमा पाहुजा ने केस का अनुसंधान किया। सीबीआई ने रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल हसन, उसकी मां कौशल रानी और झारखंड हाई कोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (निगरानी) मुश्ताक अहमद के खिलाफ 12 मई, 2015 को आईपीसी की धारा 120 बी, 496, 376,323, 298, 354ए, 506 और 498 ए के तहत चार्जशीट दाखिल किया। दायर चार्जशीट में कहा गया कि रंजीत सिंह कोहली ने साजिश के तहत मां कौशल रानी और मुश्ताक अहमद के साथ मिलकर तारा शाहदेव से वास्तविक धर्म छिपाते हुए हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार 7 जुलाई, 2015 को शादी किया।

## 10 राज्यों के एक्सपर्ट ने किया मलेरिया उन्मूलन पर मंथन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** देश से 2030 तक मलेरिया के उन्मूलन की दिशा में तेजी से काम करने को रांची में गुरुवार से तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का मंथन कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम में मेजबान झारखंड के अलावा नागालैंड, मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, ओडिशा, त्रिपुरा और असम जैसे 10 राज्यों की मलेरिया विभाग की टीम शामिल हुई।छत्तीसगढ़ की टीम इस कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुई।

पहले दिन मलेरिया उन्मूलन की दिशा में देशभर के दस राज्यों में चल रही गतिविधियों पर चर्चा हुई। इन राज्यों में नवाचार के प्रयोग के बारे में बताया गया। राज्य प्रतिनिधियों ने पीपीटी के माध्यम से अपने राज्य में मलेरिया उन्मूलन की दिशा में चल रहे कार्यों की जानकारी दी।मलेरिया के राष्ट्रीय सलाहकार डॉ सीएस अग्रवाल और संयुक्त निदेशक (भारत सरकार) डॉ रिंकु शर्मा ने मलेरिया उन्मूलन के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। बैठक में मलेरिया को खत्म करने, स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने, नवाचार, अनुसंधान और स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने पर विशेष चर्चा हुई।इससे पूर्व राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड डॉ वीरेंद्र कुमार सिंह ने रीजनल रिव्यू मीटिंग की मेजबानी करते हुए सभी आमंत्रित एवं गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। मलेरिया उन्मूलन की दिशा में उनके निरंतर मार्गदर्शन का आग्रह किया।

इस रीजनल रिव्यू मीटिंग का विधिवत उद्घाटन छह अक्टूबर को होगा, जिसमें चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री बन्ना गुप्ता और स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह भी शामिल होंगे।

## पीएम ने राजस्थान में 5000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का किया लोकार्पण


**एजेंसी**

**प्रधानमंत्री ने जोधपुर हवाई अड्डे पर 480 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली अत्याधुनिक नई टर्मिनल बिल्डिंग की आधारशिला भी रखी**



**जोधपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान में लगभग 5,000 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया.यह समारोह जोधपुर शहर में आयोजित किया गया था जहां पीएम मोदी ने परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास पट्टिकाओं का अनावरण किया.जोधपुर में प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास किया. इन परियोजनाओं के तहत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर में 350 बिस्तरों वाला ट्रॉमा सेंटर और क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक और पूरे राजस्थान में प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत सात क्रिटिकल केयर ब्लॉक विकसित किए जाएंगे. एम्स जोधपुर में ट्रॉमा, इमरजेंसी और क्रिटिकल केयर के लिए एकीकृत केंद्र 350 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने जोधपुर हवाई अड्डे पर 480 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली अत्याधुनिक नई टर्मिनल बिल्डिंग की आधारशिला भी रखी.साथ ही प्रधानमंत्री ने आईआईटी जोधपुर परिसर भी राष्ट्र को समर्पित किया. यह अत्याधुनिक परिसर 1135 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है.प्रधानमंत्री ने राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में बुनियादी ढांचे के उन्नयन के लिए नवविकसित केंद्रीय उपकरण प्रयोगशाला, स्टाफ क्वार्टर और योग और खेल विज्ञान भवन राष्ट्र को समर्पित किया. उन्होंने राजस्थान में सड़कों के बुनियादी ढांचे में सुधार लाने के उद्देश्य से एनएच-125ए पर जोधपुर रिंग रोड के कारवाड़ से डांगियावास खंड को चार लेन बनाने सहित कई सड़क विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी।प्रधानमंत्री ने राजस्थान में दो नई ट्रेन सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें जैसलमेर को दिल्ली से जोड़ने वाली एक नई ट्रेन - रुणिचा एक्सप्रेस और मारवाड़ जंक्शन को खांबली घाट से जोड़ने वाली एक नई हेरिटेज ट्रेन शामिल हैं. इस अवसर पर राज्यपाल कलराज मिश्र, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व कैलाश चौधरी भी मौजूद थे।

## जाति आधारित जनगणना के लिए वर्ष 2021 में हमने की है मांग : हेमंत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जातिगत जनगणना को लेकर 2021 से प्रयास किया जा रहा है। राज्यपाल को विधानसभा से पारित कर आरक्षण से सम्बन्धित विधेयक भेज रखा है। सरकार का स्पष्ट मानना है कि जो जिस समूह में जितनी संख्या में हैं, उतना अधिकार उनको मिले। ये बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में संवादाताओं के सवाल का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी दलों की सहमति से आज से दो वर्ष पूर्व जाति आधारित जनगणना हेतु प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मांग कर चुके हैं। दिल्ली में झारखण्ड के सर्वदलीय शिष्टमंडल के सदस्यों ने जाति आधारित जनगणना कराने की मांग पत्र गृह मंत्री को सितम्बर 2021 में सौंपा था।

**वंचितों की बेहतरी एवं उत्थान संबंधित समुचित नीति निर्धारण जरूरी:** मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से कहा था कि संविधान में सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के विकास के लिए विशेष सुविधा एवं आरक्षण की व्यवस्था की है। आजादी के बाद से आज तक की कराई गई जनगणना में जातिगत आंकड़े नहीं रहने से विशेषकर पिछड़े वर्ग के लोगों को विशेष सुविधाएँ पहुंचाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2021 में प्रस्तावित जनगणना में युगों-युगों से उत्पीड़ति, उपहासित, उपेक्षित और वंचित पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्गों की जातीय जनगणना नहीं कराने की सरकार द्वारा संसद में लिखित सूचना दी गयी जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। पिछड़े - अति पिछड़े वर्ग युगों से अपेक्षित प्रगति नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में यदि अब जातिगत जनगणना नहीं करायी जायेगी तो पिछड़ी / अति पिछड़ी जातियों की शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक स्थिति का ना तो सही आकलन हो सकेगा, ना ही उनकी बेहतरी व उत्थान संबंधित समुचित नीति निर्धारण हो पाएगा और ना ही उनकी संख्या के अनुपात में बजट का आवंटन हो पाएगा। मालूम हो कि आज से 90 वर्ष पूर्व जातिगत जनगणना वर्ष 1931 में की गई थी एवं उसी के आधार पर मंडल कमिशन के द्वारा पिछड़े वर्गों को आरक्षण उपलब्ध कराने की अनुशंसा की गई थी।

**जो लोग जिस समूह में जितने, उतना अधिकार उन्हें मिले**

**भारत में आर्थिक विषमता का जाति से बहुत मजबूत संबंध है:** पत्र में लिखा था कि भारत में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के लोगों ने सदियों से आर्थिक एवं सामाजिक पिछड़ेपन का दंश झेला है। आजादी के बाद विभिन्न वर्गों का विकास अलग-अलग गति से हुआ है। जिसके कारण अमीरों एवं गरीबों के बीच की खाई और बढ़ी है।

**पत्र के माध्यम से बताए फायदे:** मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से जाति आधारित जनगणना कराये जाने से देश के नीति-निर्धारण में कई तरह के फायदों को बताया। पत्र में लिखा था कि पिछड़े वर्ग के लोगों को आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने में ये आकड़े सहायक सिद्ध होगें। नीति निर्माताओं को पिछड़े वर्ग के लोगों के उत्थान के निमित्त बेहतर नीति-निर्धारण एवं क्रियान्वयन में आकड़े मदद करेंगे। ये आँकड़े आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विषमताओं को भी उजागर करेंगे एवं तत्पश्चात् लोकतांत्रिक तरीके से इनका समाधान निकाला जा सकेगा। संविधान की धारा-340 में भी आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त करने के निमित्त आयोग बनाने का प्रावधान है। जातिगत जनगणना से संविधान के इस प्रावधान का भी अनुपालन सुनिश्चित हो सकेगा। लक्ष्य आधारित योजनाओं में सुयोग्य लाभुकों को शामिल करने तथा नहीं करने में होने वाली त्रुटियों को कम करने में भी यह सहायक सिद्ध होगी।

### दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल संधू ने स्क्वाश में दिलाया गोल्ड

**हांगझोउ(एजेंसी):** दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल संधू ने एशियाई खेलों की स्क्वाश मिश्रित युगल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता. यह एशियन गेम्स में स्क्वाश मिश्रित युगल स्पर्धा भारत का पहला गोल्ड मेडल है. एचएस प्रणय ने बैडमिंटन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है और उनका मेडल पक्का हो गया है. भारत की ज्योति वेन्नम, अदिति स्वामी, परनीत कौर ने महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम फाइनल में स्वर्ण पदक जीता.

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• 24x7 अनुभवी स्त्री रोग विशेषज्ञ
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर
• अत्याधुनिक प्रसूति कक्ष
• Vaccination
• NICU
Dr. S.K Das (MBBS, DGO, MS)
Dr. Rashmi Sinha (MBBS, MS)
Dr. Nupur MBBS, MS (OBS & GYNAE)
Dr. Arpita Das MBBS, MS (Obs & Gynae)
OPD : Monday to Saturday 10AM to 5PM
7808368888 www.asarfihospital.com

## भाजपा की सरकार बनने के बाद तुलसीदामर माइंस और पावर प्लांट भवनाथपुर में लगाया जाएगा : बाबू लाल मरांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** हेमंत सोरेन गलत तरीक़े से नामी बेनामी संपति अर्जित किया है। ईडी के समन के बाद भी भागते फिर रहे है। जब कुछ गड़बड़ नही किया है तो डर कैसा उक्त बातें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी ने कही। वे संकल्प यात्रा के दौरान पीडब्ल्यूडी मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला.कहा कि पूरी सरकार करप्शन में डूबी हुई है अपराध चरम पर है. गृह विभाग का डेटा कहता है कि प्रदेश में हर दिन औसतन 5 हत्याएं हो रही है। बहु-बेटी सुरक्षित नही है। जनता इस सरकार से पूरी तरह त्रस्त है. उन्होंने कहा कि पुलिस वाले विधि व्यवस्था की जगह सड़क के किनारे खड़े होकर बालु ट्रैक्टर का इंतजार करते है.उन्होंने कहा कि बालू की नीलामी करवाई जाए या गांव वालों को सौंप दिया जाए। उन्होंने कहा कि इस सरकार में जो भी पदाधिकारी गलत काम कर रहे हैं भाजपा की सरकार आते ही जांच कराकर ऐसे लोगो को दंडित किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन पर भी प्रहार किया. उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जनविरोधी कार्यों को बताने आपके पास आये है। बाबूलाल मरांडी ने कहा की देश और प्रदेश के विकास का विजन सिर्फ भाजपा के पास है. भाजपा गरीब, किसान, दलित, वंचित लोगो की दर्द को समझती है। 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार बनते ही अमीरी और गरीबी की खाई को पाटने का काम किया है। सरकार बनते ही महिलाओं को इज्जत घर का तोहफा दिया। महिलाओं का दर्द वे महसूस करते थे। उज्ज्वला योजना से महिलाओं को धुएं वाली चूल्हे से मुक्ति दिलाई। जो गरीब लोग कभी बैंक के चौखट तक नही गए उनके लिए जन धन खाते खुलवाकर बैंक से जोड़ा। इस योजना से बिचौलियागिरी समाप्त की गई। क्योंकि कांग्रेस के शासन में केंद्र से आने वाले पैसे का बहुत बड़ा हिस्सा बिचौलियों के पास चला जाता था। लेकिन अब सरकार से मिलने वाली सभी सहायता राशि बैंक के माध्यम से सीधे जनता के पास पहुंचती है. बड़े पैमाने पर पीएम आवास का लाभ गरीबो को दिया गया जिससे अब गरीब भी पक्के मकान में रहने लगे हैं.लेकिन हेमंत सरकार ने इस महत्वपूर्ण योजना को रोकने का काम किया है. लोगो को पैसा ठीक से नही मिलने पा रहा है। कोरोना काल मे जब सबकुछ बंद था तो मोदी जी ने जनधन खाते में पैसे दिया साथ ही 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने का काम किया.उन्होंने कहा कि दुख के साथ कहना है कि हेमंत सरकार गरीबो का नियमित अनाज नही पहुंचा पा रही है. विश्वकर्मा समाज के लिए 13 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है. नई तकनीक से ट्रेनिंग दी जाएगी साथ ही 500 रुपये का का भत्ता भी मिलेगा। महिलाओं को लोकसभा व विधानसभा 33 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं को सशक्त बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा की जनता की मांग पर उन्होंने कहा की भाजपा की सरकार बनने पर तुलसीदामर खदान खोला जाएगा। साथ ही श्री बंशीधर नगर को जिला और भवनाथपुर को अनुमंडल बनाया जाएगा।

## पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने जीयर स्वामी जी महाराज से लिया आशीर्वाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को श्रीलक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने स्वामी जी से यज्ञ को लेकर विस्तृत चर्चा की। यहां बताते चलें कि जीयर स्वामी जी महाराज पाल्हे जतपुरा में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर चातुर्मास व्रत में हैं। 23 अक्टूबर को जलयात्रा के साथ यज्ञ प्रारंभ होगा। 27 अक्टूबर को धर्म सम्मेलन होगा। 28 अक्टूबर को यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। पूर्व सीएम श्री मरांडी ने कहा कि यज्ञ को लेकर यहां बेहतर व्यवस्था की गई है। पूरा माहौल भक्तिमय है। उन्होंने कहा कि अगर मौका मिला तो यज्ञ में भी वे जरूर आयेंगे। उस मौके पर यज्ञ समिति के पदाधिकारियों ने पूर्व सीएम श्री मरांडी को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर विधायक भानू प्रताप शाही, भाजपा नेता बालमुकुंद सहाय, ओमप्रकाश केसरी, अमित तिवारी, प्रफुल्ल सिंह, समिति के संरक्षक पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, शारदा महेश प्रताप देव, रघुराज पांडेय, सचिव अनीश शुक्ला, उपाध्यक्ष अमित कुमार शुक्ला, मथुरा राम, उपसचिव कैप्टन सुनील कुमार चौबे, उमेश शुक्ला, राकेश चौबे, गुडु शुक्ला, राजू सिंह, शिवकुमार पांडेय, राजेन्द्र गुप्ता, विजय केसरी, प्रदीप शुक्ला, नवनीत शुक्ला, श्यामलाल मेहता समेत समिति के कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## बाबा बंशीधर का आशीर्वाद जिसको मिल जाता है वही झारखंड की गद्दी पर विराजमान होता है : भानु



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संकल्प यात्रा के आखिरी पड़ाव और अंतिम विधानसभा भवनाथपुर में आयोजित संकल्प यात्रा की रैली में वर्तमान विधायक भानु प्रताप शाही ने मंच से राज्य सरकार पर जम कर हमला बोला, विधायक ने कहा की राज्य सरकार ने एक साल में 5 लाख नौकरी का वादा किया था, बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था,साढ़े तीन लाख रुपए का आवास देने का वादा किया था, भवनाथपुर में प्लांट का वादा किया था लेकिन इनमें से एक भी वादा उनके द्वारा पूरा नहीं किया वही झारखंड के प्यारी जनता के आंख में वर्तमान सरकार मिट्टी झोंक कर अंधा कर रही है।भानु प्रताप शाही ने मंच से झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के पूर्व तथा प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से भवनाथपुर की जनता के लिए पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट तथा घागरा माइन चालू करवाने की मांग की वही विधायक ने अपने पिताजी स्वर्गीय लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती के अहम मुद्दे कनहर बराज का पानी गढ़वा जिला में आए ये मांग की।विधायक ने कहा की झामुमो की सरकार में भवनाथपुर विधानसभा को लगातार छला गया है, विधानसभा के युवा लगातार पलायन कर रहे हैं, गरीब का घर गिर रहा है लेकिन वर्तमान सरकार ने आंखो पर काला पट्टी लगा रखा है जिस से उनको गरीब, युवा, शोषित, किसान, मजदूर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है।

## दानरों नदी के तट पर जमा हो रहा है गढ़वा का कचरा



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के सभी जगहों में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता को लेकर काफी सजग हैं वहीं एक तरफ झारखण्ड के गढ़वा जिला मुख्यालय स्थित दानरो नदी में गढ़वा शहर का सारा कचरा नदी के तट पर जमा किया जा रहा है ।पास से एक रास्ता जो शहर के जाम से बचने के लिए यही है जहां से हजारो गाड़ियां प्रतिदिन पार होती है ऐसे में मुंह पर रुमाल रखकर पथिक रास्ता पार कर रहें हैं।गढ़वा कि सम्रग विकास करने वाले किसी भी पार्टी के नेता के लिए इससे बुरा खबर क्या हो सकता है।सरकार में मंत्री जिनका विभाग पेयजल व स्वच्छता है उनके विधानसभा में यह गंदगी समझ से परे है।जनता की कठिनाई इतना बढ गई है की आसपास रहने वाले लोग हैजा सहित अन्य बीमारियो के भय से अपना बना बनाया मकान औने पौने दाम पर बेचकर भागना चाह रहे हैं। एक 80 वर्षीय वृद्ध ने कहा नगर परिषद व जिला प्रशासन सहित सरकार के मंत्री मिथलेश ठाकुर इसपर ध्यान देते तो यह दुर्दशा नहीं होती।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साफ संदेश है कि कहीं का भी कचरा नदी में ना फेंका जाय मूल बात तो यह भी है की राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी इन दिनों पलामू गढ़वा के दौरे पर हैं ।क्या जनता इनसे यह उम्मीद रखे की ये विपक्ष की आवाज बनकर इस जटिल समस्या पर सरकार व जिला प्रशासन से बात कर गढ़वा वासी के साथ न्याय करेंगे।जनता को आज भी गढ़वा उपायुक्त व पलामू प्रमंडल के आयुक्त से काफी उम्मीद है की इस जिल्लत भरी जिंदगी से न्याय दिलाने का रहनुमा बनेंगे।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत केतार में हुआ वार्षिक आम सभा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन झारखंड राज्य के तहत गुरुवार को पंचायत सचिवालय केतार के परिसर में आम सभा किया गया। उक्त आम सभा केतार एवं परसोडीह कलस्टर के आजीविका महिला स्वालंबी सहकारी समिति के महिलाओं के द्वारा किया गया। कार्यक्रम सभा की शुरुआत प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीओ मुकेश मछुआ, 20 सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह खरवार, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के मैनेजर अभिषेक कुमार, जेएसएलपीएस के समन्वयक प्रियंका कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर किया गया। आम सभा कार्यक्रम में उपस्थित समूह की महिलाओं ने एक वर्ष में किए गए कार्यों का लेखा-जोखा भी सभी के समक्ष सार्वजनिक किया। इस दौरान बीडीओ मुकेश छुआ ने जेएसएलपीएस समूह की महिलाओं को जन जागृति करने में अहम योगदान होने की बात बताइ साथ ही उन्होंने आजीविका के संदर्भ में कहां की ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले महिलाओं के द्वारा बैंक से छोटी-छोटी ऋ ण लेकर स्वयं आत्मनिर्भर बन रही एवं समाज को जागरूक करने में जुटी है। इस अवसर पर उप प्रमुख शंभू सिंह खरवार, सुरेंद्र प्रसाद, खरौंधी प्रखंड के समन्वयक मोनिका कुमारी, सभी पंचायत के मुखिया, अकाउंटेंट कासीर अहमद, आईपीआरपी भोला उरांव, उदय प्रसाद, मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, राम भजन गुप्ता, अजय राम सहित सैकड़ो समूह की महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## विद्यालय में लगे सोलर प्लेट अज्ञात चोरों ने कर चोरी, मुखिया ने थाना में दिया लिखित आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के विशुनपुर पंचायत मे अवस्थित उत्क्रमित मध्य विधालय हबरुआ मे 15 वें वित्त की राशि पेयजल की सुविधा के जल मिनार लगाई गई थी घटना के अंजाम देने के लिए विगत कर्मा पूजा के दिन भी देने वाला था लेकिन गाँव के महिला के द्वारा कर्मा गड़ा गया जिसके के कारण उस दिन घटना का अंजाम नहीं दे पाया। लेकिन कुछ दिन के बाद 2 अक्टुबर 2023 के अज्ञात अपराधी ने सोलर की चोरी कर भागने मे सफल रहा है। सुबह होते ही ग्रामीणों के द्वारा पंचायत के मुखिया श्री जितेंद्र कुमार भारती के फोन के द्वारा दिया गया। तत्काल पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती, पंचायत समिति सदस्य शत्रुधन साव, उप मुखिया प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह, संतोष ठाकुर, डा उमेश कुमार सहित सहयोगी साथियों के साथ घटना स्थल पर पहुचे और तत्काल स्थानीय थाना नौड़ीहा बाजार मे दूरभाष के माध्यम सूचना दिया और थाना मे अज्ञात अपराधी के विरुद्ध लिखित आवेदन दिया। इस घटना के निंदा करते हुए कहा कि इस विधालय मे पानी पीने के नन्हें मुन्हें बच्चों के लिए भारी समस्या होती थी। पेयजल की सुविधा मुहैया करने के उद्देश्य से 15 वें की राशि 2,21000 की लागत से जल मीनार लगाया गया था। ऐसी घटना के अंजाम देने वाले अपराधी के यथाशीर्घ करवाई करने और रात्रि मे प्रशासन से गस्ती करने की मांग किया।

## दिवंगत भाजपा नेता के घर गए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी परिजनों को दी संतावना

**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र सवाददाता):** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बुधवार की देर शाम गढवा जाने के क्रम में विश्रामपुर प्रखंड के केतात गांव पहुंचे। जहां उन्होंने दिवंगत भाजपा नेता सतेंद्र नाथ चौबे उर्फ ललन चौबे के घर जाकर परिजनों से मुलाकात की। विदित हो कि पिछले माह ललन चौबे का आकस्मिक निधन हो गया था। श्री मरांडी ने स्व ललन चौबे के घर पहुंच परिजनों को सांत्वना दिया। उनके बड़े बेटे अमित चौबे पिंटू को ढांढस बंधाते हुए कहा कि पूरा भाजपा परिवार आपके साथ खड़ा है। ललन चौबे भाजपा के सच्चे सिपाही थे। उन्होंने उम्र भर पार्टी हित में काम किया। जिसके लिए प्रदेश भाजपा उनका ऋृणी है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक,पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, प्रादेशिक नेता बालमुकुंद सहाय, विनय जयसवाल,जोगेंद्र सिंह, प्रफुल्ल सिंह, जवाहर पासवान, अजय दुबे, शुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, विनय चौबे, दिलीप चौबे, अखिलेश चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

## खरौंधी किसान इंटर कॉलेज में 101 पौधारोपण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** प्रखंड के किसान इंटर डिग्री कॉलेज अरंगी बैतरा में गुरुवार को आजसु जिला प्रवक्ता गोरखनाथ चौधरी व किसान इंटर कॉलेज का प्राचार्य राम अवध सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में 101 पौधा का रोपण किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, पौधारोपण को लेकर गोरखनाथ चौधरी ने बताया की आज के समय में बहुत जल और ऑक्सीजन लेवल का कमी हो गया है, सभी व्यक्ति अपने जन्मदिन तथा बच्चों को जन्मदिन पर एक-एक पौधा जरूर लगाए, ताकि हमारा धरती हरा भरा रहे एवं पर्यावरण समान रूप से रहे, इसके साथ ही चौधरी ने बताया कि एक पौधा लगाने से 100 पुत्र के बराबर एक पौधा होता है, हम सभी को एक एक पौधा लगाना चाहिए। वही विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा और धरती की हरियाली पहले और पृथ्वी पर बचाने के लिए अनिवार्य है तिरंगे झंडे के भी नीचे हरियाली का निशान यही दर्शाता है साथ ही कॉलेज के सभी छात्र छात्राओं ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए एक-एक पौधा लगाने का संकल्प लिया। मैके पर शिक्षक जितेंद्र मेहता, छात्र-छात्राओं दुर्गा कुमारी, सोनी कुमारी, गायन्ति कुमारी, पिंकी कुमारी, पंकज विश्वकर्मा, आनंद कुमार धर्मेंद्र सिंह, सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

## स्वच्छता जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** आकांक्षी प्रखंड में संकल्प सप्ताह कार्यक्रम के तहत गुरुवार को सेमरवार, खड़गपुर, सरसोत सहित सभी पंचायतों व विद्यालयों में स्वच्छता जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान सेमरवार पंचायत सचिवालय में आयोजित स्वच्छता जागरूकता शिविर में उपस्थित नोडल पदाधिकारी सह ब्लॉंक वास कोर्डिनेटर जयप्रकाश कुमार सिंह तथा मुखिया जितेंद्र पासवान के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर प्रखंड वास कोर्डिनेटर जयप्रकाश कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता एक संकल्प के साथ जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता और स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया गया वहीं लोगों ने स्वच्छता का संकल्प लिया। शिविर में पंचायत प्रतिनिधि, जलसहिया और ग्रामीण मौजूद रहे।

## गुरु गोष्ठी में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के विकास पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** मेन रोड स्थित मध्य विद्यालय में गुरुवार को गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता बीपीएम रेखा कुमारी ने किया। गुरु गोष्ठी में शिक्षक छात्र उपस्थिति को ई विद्या वाहिनी पर लोड करने, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत शिक्षा का संकल्प सप्ताह मनाने, प्रतियोगिता का आयोजन करने, पोस्ट ऑफिस में छात्रों का खाता खुलवाने, विद्यालय में सूचना पट तथा शिकायत पेटी रखने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे इंपैक्ट, प्रयास, एफ?एल?एन, ज्ञान सेतू, रेल आदि कार्यक्रमों को सफल बनाने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर धर्मेंद्र कुमार सिंह, अभिलाषा कुमारी, ममता कुमारी, अनुपमा कुमारी, सुरेंद्र यादव, पुष्पा कुमारी, प्रतिमा कुमारी, विपिन बिहारी पाठक, संतोष कुमार गुप्ता, अरविंद गुप्ता, शिवशंकर राम सहित विभिन्न विद्यालयों के कई प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## बारिश से दो कच्चा मकान क्षतिग्रस्त



**हरिहरगंज (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लगातार हो रही बारिश से नगर पंचायत अंतर्गत भगत तेंदुआ वार्ड संख्या 14 में फुलिया कुंवर तथा लखन पासवान का कच्चा खपरैल जर्जर मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वे प्लास्टिक लगाकर रहने को विवश हैं। मकान क्षतिग्रस्त के बाद पीड़ित परिवार ने भाजयुमो नेता सह समाजसेवी राजीव रंजन को समस्या से अवगत कराया । इस दौरान समाजसेवी ने क्षतिग्रस्त मकान का जायजा लेने के बाद हर संभव मदद करने का आश्वासन दिलाया । साथ ही उन्होंने नगर पंचायत द्वारा तत्काल आपदा विभाग से मिलने वाले लाभ का भी मांग किया। मौके पर शिवम पासवान, जनेश्वर बैठा, कामदेव पासवान, जितेंद्र पासवान आदि मौजूद थे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने बंशीधर मंदिर में टेका मत्था



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को सातवें चरण के संकल्प यात्रा पर भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के श्री बंशीधर नगर पहुंचे। यहां उन्होंने विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक भगवान श्री कृष्ण राधा जी की प्रतिमा के समक्ष मत्था टेका तथा भगवान को चरण स्पर्श किया। इस दौरान मंदिर के विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूर्व सीएम को विधिवत पूजा अर्चना कराया। पूजा अर्चना के पश्चात उन्होंने मंगल आरती कर श्री बंशीधर जी से गढ़वा जिला समेत झारखंड प्रदेश में अमन चैन एवं खुशहाली की कामना किया।इस दौरान उन्होंने मंदिर का परिक्रमा भी लगाया।पूजा अर्चना के पश्चात श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट की ओर से प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी को चुनरी ओढ़ाकर एवं श्री बंशीधर जी की तस्वीर और बंशीधर मंदिर के इतिहास की लिखी किताब को भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा की ऐतिहासिक श्री बंशीधर मंदिर होने के बाद भी समुचित विकास नहीं होना दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि श्री बंशीधर नगर में विराजमान भगवान श्री राधा कृष्ण की 32 मन शुद्ध सोने की अलौकिक और मनमोहनी प्रतिमा पूरे विश्व में नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार भगवान बंशीधर जी का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा की श्री बंशीधर की नगरी में आकर मुझे काफी सुकून मिलता है, क्योंकि यहां स्वयं भगवान श्री बंशीधर जी विराजमान है,यहां आने पर एक अलग अनुभूति होती है। भगवान श्री बंशीधर जी ने मुझे बहुत कुछ दिया है। मैं राज्य की जनता खासकर गरीब, किसान के घर परिवार में सुख शांति एवं खुशहाली की कामना करता हूं। इधर बंशीधर मंदिर में दर्शन पूजन करने के बाद मंदिर के बगल में डॉ भीम राव अम्बेडकर एवं संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## डीलर व एमओ के मिलीभगत से राशन की भारी मात्रा में घोटाला : राम भजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के केतार प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता एवं 20सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह खरवार के नेतृत्व में आधा दर्जन लोग बुधवार को प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं ज्वलंत मुद्दों को लेकर झारखंड सरकार के खाद्ध आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव से मिलकर केतार प्रखंड के बीडीओ सह प्रभारी एमओ मुकेश मछुआ एवं प्रखंड के राशन डीलरों की मनमानी रवैया एवं मिली भगत से गरीबों को मिलने वाला हर महीना राशन गमन करने का आरोप लगाकर शिकायत पत्र सोपा है। उक्त आवेदन में उल्लेख है कि केतार प्रखंड के राशन डीलर एवं एमओ के मिली भगत से हर महीना लाखों रुपए की मिलने वाला गरीबों का राशन गमन घोटाला किया जा रहा है। इसका विरोध ग्रामीणों के द्वारा केतार प्रखंड में लगातार किया जा रहा है। तत्पश्चात एमओ के द्वारा सत्यता जांच उपरांत उक्त डीलर को सस्पेंड किया जाता है एवं कुछ दिनों के बाद ही भ्रष्टाचार के रास्ते रिश्वत लेकर सस्पेंड मुक्त कर दिया जाता है। भ्रष्टाचार में लिप्त डीलरों को दोषी पाए जाने के बाद भी जनता के साथ भ्रष्ट अफसरो के द्वारा शोषण किया जा रहा है एवं भ्रष्टाचार की सीमा पार कर गई है। साथ ही उक्त मंत्री जांच टीम गठित करवा कर केतार प्रखंड के डीलर एवं एमओ के कारनामे को उजागर कर विधिसमत कार्रवाई करने की मांग किया है। गौरतलब हो की उक्त सभी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया पलामू के कार्यक्रम में शामिल हुए थे तभी खाद आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव से मिलकर प्रखंड में ज्वलंत मुद्दों को लेकर शिकायत पत्र सोपा है। मंत्री को आवेदन देने में शामिल केतार प्रखंड कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता,20सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह खरवार,20सूत्री सदस्य सुनील राम, मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष राजनाथ राम सहित अन्य लोग शामिल थे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष झामुमो पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष चन्दन ने थामा भाजपा का दामन



**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो के पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य संघ भवनाथपुर के प्रखण्ड अध्यक्ष सह भवनाथपुर पंचायत समिति सदस्य चन्दन कुमार ठाकुर ने बंशीधर नगर में आयोजित भाजपा के संकल्प यात्रा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, एवं भवनाथपुर विधानसभा के विधायक भानु प्रताप शाही के समक्ष भाजपा में सामिल हुए।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने चन्दन कुमार ठाकुर को माला पहना कर पार्टी में सामिल कराएं। शामिल होने के बाद चन्दन ने बताया के झामुमो में जब से दो नेता सामिल हुए थें तब से मुझे उपेक्षित कराने का कार्य करते थे। जिस कारण मुझे जनता के कार्य कराने में परेशानी होती थी।इस लिए मैंने जनता के कार्य के लिए भाजपा का दामन थामा है।

## संक्षिप्त खबरें

### धार्मिक न्यास बोर्ड को नोटिस जारी, सुनवाई 21 नवम्बर को

**रांची ।** पहाड़ी मंदिर विकास समिति द्वारा दायर याचिका पर गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार और धार्मिक न्यास बोर्ड को नोटिस जारी किया है। अदालत ने दोनों को चार सप्ताह में जबाब देने का निर्देश दिया है।याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि समिति को किसी प्रकार की धारा 29 का नोटिस( समिति भंग करने का कारण) नहीं दिया गया। ना ही जिला न्यायाधीश की ओर से मंदिर विकास के लिए कोई योजना दी गयी और न ही जिला न्यायाधीश से किसी प्रकार की कोई सहमति ली गयी। वहीं समिति भंग करने से पहले बोर्ड से कोई आदेश भी पारित भी नहीं कराया गया। कहा कि धार्मिक न्यास के चेयरमैन का आदेश सही नहीं है, इसलिए इस आदेश पर रोक लगाई जाये। मामले की अगली सुनवाई 21 नवम्बर को होगी। पहाड़ी मंदिर विकास समिति के ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने पक्ष रखा। वहीं सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने बहस की। धार्मिक न्यास बोर्ड की ओर से अधिवक्ता भरत कुमार ने पक्ष रखा।

### एथलेटिक्स और लॉन बॉल का प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**रांचीः** 37वे राष्ट्रीय खेलों के मद्देनजर यहाँ एथलेटिक्स और लॉन बॉल का प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हो गया। एथलेटिक्स का प्रशिक्षण शिविर बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में जबकि लॉन बॉल का प्रशिक्षण शिविर नामकुम स्थित स्टेडियम में प्रारंभ किया गया। एथलेटिक्स प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ी श्री विनोद सिंह के निर्देश में जबकि लॉन बॉल में डॉ मधुकांत पाठक के निर्देश में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। डॉ पाठक ने बताया कि पुलिस सेवा के खिलाड़ी आगामी दिनों में कैम्प जॉइन करेंगे।

# बाबा के दर पर चादर चढ़ाने की परंपरा बरकरार रहे : एसएसपी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह का 216 वां सालाना उर्स ए मुबारक 5 अक्टूबर से शुरू हो गया है। यह पांच दिवसीय उर्स नौ अक्टूबर तक चलेगा। पहला चादर हर साल की तरह इस साल भी रांची के न्यू पुलिस लाइन से एसएसपी चंदन सिन्हा के नेतृत्व में निकल गई। जिसमें पुलिस लाइन के जवान ,पुलिस मेंस एसोसिएशन, पुलिस एसोसिएशन सहित सभी पुलिस कर्मियों एवं महिला बटालियन के संयुक्त प्रयास से पुलिस लाइन से चादर लेकर हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा की दरगाह शरीफ डोरंडा पहुंची। वहां पर चादरपोशी की गई और राज्य की खुशहाली पुलिस जवानों की समस्याओं का हल एवं राज्य में अमन व शांति कायम रहे, सौहार्द ,एकता, भाई चारगी बना रहे



की दुआ की गई। इस मौके पर एसएसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि यह एक स्वस्थ परंपरा है और यह परंपरा जमाने से चली आ रही है तो इसे बरकरार रखना हम सब का दायित्व बनता है । सभी धर्मों के प्रति पुलिस का अपनी आस्था होनी चाहिए। सौहार्द ,भाईचारा बना रहना चाहिए तभी राज्य में खुशहाली और अमन व शांति कायम रहेगा । जब हम सभी धर्मों के लोगों के साथ मिलजुल कर रहेंगे तो हर समस्याओं से निपटने में सफल रहेंगे।वहीं सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने कहा कि हजरत कुतुबुद्दीन रिशालदार शाह बाबा का दरगाह में जो भी मुरादे मांगी जाती है वह पूरी होती है ।बरसों से चली आ रही परंपरा को पुलिस लाइन के पुलिसकर्मियों द्वारा बरकरार है। हर साल की तरह इस साल भी चादर निकल गई है जो बाबा के दरगाह में जाएगी और वहां चादरपोशी की जाएगी । वहीं ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने कहा कि यह परंपरा लंबे समय से चली आ रही है । यह परंपरा बरकरार रहेगी। राज्य में अमन व चैन बना रहे। यही हम सब दुआ करते हैं। वहीं पुलिस एसोसिएशन के संयुक्त सचिव महताब आलम ने कहा कि हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा रहमतुल्लाह अलैह के दर पर जो भी मुरादे मांगे जाती है वह पूरी होती है। हम अपने पुलिस जवानों की सुरक्षा और राज्य में शांति बहाली बनी रहे सौहार्द एकता भाईचारा बना रहे इसकी दवा मांगते हैं।इस मौके पर एसएसपी चंदन सिन्हा, ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो,सिटी एसपी राजकुमार मेहता, सर्जेंट अभिनव पाठक, ए रवि, गोंदा थाना प्रभारी रवि ठाकुर,संयुक्त सचिव मो महताब आलम, मो कमल मोहसिन खान, शाहनवाज खान, रोशन खान, मोहम्मद रिजवान खान, शौकत अंसारी एवं अन्य पुलिस अधिकारी व महिला पुलिस बटालियन उपस्थित रहे।

# मुस्लिम समाज की महिलाएं महिला मंडल और सुदी कारोबार से दूर रहें : मुफ्ती अनवर


प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांचीः** रांची के मशहूर व मकबूल मदरसा मदरसा अनवारूल उलूम कासमिया नूर नगर निजाम नगर हिंदपीढ़ी रांची का चौथा जलसा ए दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। जिसमे 21 हुफ्फाज ए कराम को पगड़ी बांध कर हाफिज की उपाधि दी गई। मदरसा के प्रिंसिपल हाफिज साद अहमद रशीदी और सीनियर शिक्षक हजरत मौलाना शौकत नुमानी और इनकी पूरी टीम ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। जलसे की अध्यक्षता कर रहे इमारत शरिया रांची के क़ाज़ी ए शरीयत हजरत मौलाना मुफ्ती मोहम्मद अनवर कासमी ने अपने संबोधन में कहा कि मुस्लिम समाज की औरतों को चाहिए कि महिला मंडल और सुदी कारोबार से दूर रहें। आज हम सबको चाहिए कि अपने घरों में अपने बच्चियों पर ध्यान रखें। उन्हें सहाबियात के वाकिया को बताया जाए, पढ़ाया जाय। आज हमारे मुस्लिम समाज में महिला मंडल और इस जैसे सुदी कारोबार



घरों में प्रवेश कर गया है इसे निकालने की जरूरत है। इस सुदी कारोबार से मुस्लिम समाज बर्बाद होती जा रही है। नशा से अपने बच्चो और बच्चियों को दूर रखें। नशा हर बुराई का जड़ है। कार्यक्रम की शुरुआत कारी कुरान कारी सुहेब अहमद के तिलावत कुरान से हुई। नात पाक कारी जमशेद जोहर ने पढ़ी। संचालन मुफ्ती अबू दाऊद ने किया। जलसे में बतौर मुख्य अतिथि हजरत मौलाना मुफ्ती अशरफ अब्बास, शिक्षक अदब दारुल उलूम देवबंद मुफ्ती वशी अहमद क़ाज़ी इमारत ए शरिया पटना, हजरत मौलाना डॉक्टर तल्हा नदवी खतीब मक्का मस्जिद , हजरत मौलाना जावेद अख्तर नदवी इमाम बड़ी मस्जिद, कारी शोएब अजमती, हाफिज साद, मौलाना शौकत ने संबोधित किया। इस अवसर पर मौलाना अब्दुल माजिद, कारी अब्दुल हफीज, मौलाना अजीमुद्दीन, मौलाना नकीब, हाफिज शमश तबरेज, हाफिज नईम, हाफिज जुबैर ने आए हुए सभी लोगो का स्वागत किया। मौलाना एस नुमानी, मौलाना अब्दुल माजिद ने स्वर्गीय हाफिज नजीर अहमद रशीदी के कार्यों को याद किया।

# नदी से युवक शव बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांचीः** पंडरा ओपी क्षेत्र के नया टोली छठ घाट के नदी से एक युवक शव पुलिस ने गुरुवार को बरामद किया है। शव की शिनाख्त देवनगर मुहल्ला निवासी सौरभ कुमार के रूप में की गई है। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया तीन अक्टूबर को रात में घर से निकला था। अत्यधिक नशा करता था। आशंका जताई जा रही है कि सौरभ हमेशा नदी पार कर आता जाता था। नशे में नदी में गिरने से उसकी मौत हो गयी। स्थानीय लोगों ने नदी में एक युवक का शव देखा। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकलवाया। जांच कर शव को पोस्टमाटर्म के लिए रिम्स भेज दिया।

# सीएम आवास के पास खराब हुआ स्कूल बस ट्रैफिक पुलिस ने धक्का देकर साइड में किया

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र

**रांची।** रांची परिवहन विभाग द्वारा कई बार स्कूल बसों की फिटनेस जांच करने के लिए अभियान चलाती है, बावजूद इसके इसमें सुधार होता नहीं दिख रहा है। हाल में कई स्कूल बस बीच सड़क पर ही खराब होते हुए देखी गई है और इस दौरान स्कूल बस में छात्र-छात्राएं व शिक्षक मौजूद होते हैं,उन्हें भी बहुत तरह की परेशानियों से रुबरु होना पड़ता है। ऐसा ही नजर गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास के पास देखने को मिला। अचानक जब शारदा ग्लोबल स्कूल जेएच01डी 3405 का बस बीच रास्ते पे ही रुक गई और बहुत स्टार्ट करने पर भी स्टार्ट नहीं हुई और जाम की नौबत आने




लगी । ट्रैफिक जाम न हो इसको देखते हुए आनन-फानन में ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने बस को धक्का लगाकर पीछे की और कुछ दूर तक ले गई । वहीं इस दौरान वाहनों की लंबी जाम भी लगने लगी । हालांकि ट्रैफिक जवानों ने बड़ी मशक्कत से खराब बस को रास्ते पर से किनारे किया और सड़क को जाम मुक्त बनाये रखने में अपनी अहम भूमिका निभाई।

# 12 साल की नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में 12 साल की नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आया है। इस संबंध में नाबालिग के पिता ने सुखदेव नगर थाने में आरोपी युवक अमित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि 2 अक्टूबर को अपनी पत्नी के साथ मजदूरी करने के लिए गए हुए थे। शाम में 6.30 बजे घर पहुंचे तो पाया कि उनकी बेटी घर पर नहीं है। फिर दोनों पति पत्नी ने उसकी खोजबीन शुरू की। काफी खोजबीन के बाद जब वे वापस घर लौटे तो देखा कि उनकी नाबालिग बेटी बदहवास स्थिति में घर आ रही है।जब नाबालिग से उसकी माँ ने पूछा कि क्या हुआ तो उसने बताया कि अमित अंकल (केटरर का काम करता है) उसे जबरन सड़क पर से उठाके अपने साथ डैम साइड में ले जाकर झाड़ी ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी तरह वह उसके चंगुल से छूट कर भागी। 3 अक्टूबर की सुबह नाबालिग के माता पिता आरोपी को ढूंढ रहे थे। वह शराब पीते हुए उन्हें दिख गया। लेकिन उन्हें देखते ही वह भागने लगा और आगे दीवार से जाकर टकरा गया। इमें उसके सिर में चोट आई। इसके बाद पुलिस को उन लोगो ने सूचना दिया। पुलिस आई और अमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

# 8 अक्टूबर को युवा कांग्रेस का मिलन सम्मेलन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज तथा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जयशंकर पाठक की गरिमामयी उपस्थिति में प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ। वार्ता का विषय आगामी 8 अक्टूबर को युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित मिलन सम्मेलन है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि विगत वर्षो में जितने भी साथियों ने युवा कांग्रेस की टीम में कार्य किया है उन सभी को आमंत्रित किया जा रहा है। कई साथी जो आज किसी भी कारणवश संगठन से दूर हो गए हैं उन के साथ एक संवाद स्थापित कर के उनकी घर वापसी करना इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य है। संवाद




स्थापित कर के उन्हें दोबारा राजनैतिक मुख्यधारा में ला कर संगठन को मजबूती दी जाएगी। जयशंकर पाठक ने कहा कि युवा कांग्रेस ही कांग्रेस पार्टी की मुख्यधारा में ले जाने का माध्यम है, और इस संगठन की क्रांतिकारी धार पर तथा पूर्व में इस का हिस्सा होने का उन्हें गर्व है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से एआईसीसी जनरल सेक्रेटरी सर झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे, आईसीसी सेक्रेटरी भारतीय कांग्रेस के प्रभारी कृष्ण अल्लाह वारु, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश ठाकुर सभी मंत्री गण , सांसद गण, विधायक सभी बोर्ड निगम के अध्यक्ष सदस्यों एवं वरिष्ठ नेता। युवा सम्मेलन का स्थल गीतांजलि बैंक्वेट हॉल रखा गया है तथा मीडिया के माध्यम से भी सभी पूर्व साथियों को आमंत्रित किया गया है।मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता मणिकांत सिंह, प्रदेश सचिव अभिषेक तिवारी, तबरेज खान,हिमांशु गुप्ता इत्यादि मौजूद थे।

# डीजे पर है कानूनी रोक, इस पर सख्ती जरूरी : एसएसपी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पांच दिवसीय सलाना उर्स ए मुबारक हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा का गुरुवार से शुरु हो गया है, जो 5 अक्टूबर से सोमवार 9 अक्टूबर तक चलेगा। इस पांच दिवसीय उर्स शांतिपूर्ण तरीके से बीते किसी तरह का कोई अप्रिय घटना न घटे और विधि व्यवस्था पूरी चुस्त दुरुस्त रहे। सभी चौक चौराहों पर पुलिस की निगरानी रहेगी।

**एसएसपी ने कहाः** वहीं मौके पर एसएसपी चंदन सिन्हा ने पत्रकारों से कहा कि हर साल लगने वाले उर्स मेले परिसर में सादे लिबास में भी पुलिस तैनात रहेंगे। सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं । चौक चौराहों में भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। चादर लेकर आने वाले जो है वे अपने गली मोहल्ले से चादर और भीड़ के साथ निकलते हैं। पुलिस की प्राथमिकता कि सब पर ध्यान रहे। वहीं दरगाह कमेटी के पदाधिकारियों से भी आग्रह है कि वह भी जितने भी गली मोहल्ले से चादर लेकर आते हैं उन्हें यह बताएं कि जो पुराने रूट से आ रहे हैं उसी रूटों से चादर लेकर आएंगे। डीजे का बिल्कुल प्रयोग ना करें , क्योंकि डीजे बजाने से कई तरह की दिक्कतों का सामना लोगों को करना पड़ता है । इसके अलावा उन्होंने कहा कि डीजे पर पहले से भी सुप्रीम कोर्ट का आदेश है की रात्रि 10ः00 बजे से सुबह 6ः00 बजे तक नहीं बजाना है। बावजूद यह देखा जाता है कि कुछ लोग सुबह 6ः00 बजे के बाद भी डीजे बजाते हैं। खासकर शादी विवाह एवं अन्य पर्व त्यौहार जैसे कार्यक्रमों में सुने जाते हैं। नियम तोड़ने वाले पर कार्रवाई भी होती है। इसके लिए दरगाह कमेटी एवं जो भी उर्स में आ रहे हैं उन लोगों से भी अपील है कि वह डीजे ना बजाए। यदि वह कानून का उल्लंघन करते हो तो उसे पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**दरगाह कमेटी ने कहाः** वहीं दरगाह कमेटी के सदस्य व वार्ड 45 के निवर्तमान पार्षद नसीम उर्फ पप्पू गद्दी ने बताया कि डीजे की मनाही रहेगी । कई लोगों को बता भी दिया गया है। जुमा के दिन भी ऐलान कर दिया जाएगा, कि लोग डीजे बाजे लेकर उर्स मैदान में ना आए ।

जो पहले से रूट तय है उसी रुट से चादर लेकर आयेंगे। हम सबों का उद्देश्य शांतिपूर्ण तरीके से भव्य उर्स को सफलतापूर्वक संपन्न कराना।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में चार गिरफ्तार




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अपराधियों में पुलिस का खौफ नहीं है, इसलिए अपराधिक घटनाएं रुक नहीं रही है। भले घटना करने के बाद अपराधी पकड़े जा रहें हो। ऐसा ही दिल दहला देने वाली घटना धुर्वा थाना क्षेत्र के धुर्वा डैम घूमने गई नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म हुई है। बताया गया कि नाबालिग लड़की बुधवार को धुर्वा डैम घूमने गई थी। इसी दौरान लड़की से एक युवक बातचीत करने लगा इसी बीच युवक का अन्य और तीन दोस्त आ गया।उसके बाद चारों लड़कों की नीयत खराब हुई और डैम के बगल में सुनसुन जगहों पर ले जाकर नाबालिग से बारी बारी से दुष्कर्म किया है।नाबालिग ने जब इसकी जानकारी घर पहुँचकर परिजनों को दी तो परिजनों ने तुरन्त सूचना पुलिस को दी।उसके बाद घटना के करीब तीन से चार घन्टे बीच ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हो गई है।इस घटना में चार युवकों को गिरफ्तार किया गया है। इस सम्बंध में सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने बताया कि घटना तो हुई है। पीड़िता के शिकायत पर मामला दर्ज कर मामले की छानबीन जारी है।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।इस सम्बंध में फिलहाल आगे की कार्रवाई जारी है।

**नाबालिग छात्रा से अश्लील हरकतः** ओरमांझी थाना क्षेत्र में एक मदरसा के मौलाना पर नाबालिग छात्रा से अश्लील हरकत करने का आरोप है। इसको लेकर पीड़िता के पिता द्वारा एफआईआर दर्ज करायी गयी है, इस घटना के बाद मौलाना फरार है और पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## श्री गुरुनानक जयंती पर 25 नवम्बर को निकलेगा नगर कीर्तन

**रांची :** श्री गुरु नानक जयंती पर 25 नवम्बर को नगर कीर्तन निकाला जाएगा। श्री गुरु सिंहसभा के महासचिव गगनदीप सिंह सेठी ने गुरुवार को बताया कि गुरुपर्व के उपलक्ष्य में रांची की अलग- अलग संस्थाओ से प्रभात फेरिया 11 नवम्बर से 23 नवम्बर तक निकालने का फैसला लिया गया। सेठी ने बताया कि सभी कार्यक्रमों को मूर्तरूप देने के लिए विशेष बैठक 15 अक्टूबर को बुलाई गयी है। श्री गुरुनानक देव महाराज का पावन ज्योति जोत गुरुपूर्व 11 अक्टूबर को गुरुद्वारा साहिब मेन रोड़ में मनाया जाएगा।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मुख्यमंत्री सहित छह की पेशी, चीफ मैनेजर की गवाही

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, विनोद सिन्हा, विकास सिन्हा, मनोज बाबूलाल पुनमिया, अनिल बस्तावड़े और विजय जोशी पेश हुए। मामले में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुंबई के रिटायर्ड चीफ मैनेजर की गवाही दर्ज हुई। यह मामला 2009 से जुड़ा है।



**अवैध खनन मामले में आरोपित सुनील की जमानत पर फैसला सात कोः** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध खनन मामले के आरेपित सुनील यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गयी।

अदालत ने मामले में आदेश के लिए सात अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने पैरवी की। सुनील दाहू यादव का भाई है। ईडी कोर्ट ने इन दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसके बाद साहिबगंज पुलिस ने 26 अगस्त 2023 को सुनील यादव को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में आरोपी सुनील का भाई दाहू यादव अब तक फरार है।

# पत्रकारों के साथ अपराधियों जैसा बर्ताव निंदनीयः जेजेए

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** मोहराबादी स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ(ट्रेड यूनियन) की झारखंड राज्य इकाई झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा दिल्ली में पत्रकारों की गिरफ़्तारी के तरीके को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन में शामिल पत्रकारों ने दिल्ली के पत्रकारों के आवास पर अपराधियों की भांति रेड किए जाने को लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की।

जेजेए प्रदेश अध्यक्ष अमरकांत ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी पत्रकारों के घर पर जिस प्रकार अपराधियों की भांति छापेमारी की गई उसकी कड़ी शब्दों में निंदा करते हैं। उन्हों ने कहा कि वे पत्रकार हैं अग्रवादी अथवा आतंकवादी नहीं, यदि उनसे कोई गलती हुई हो तो कानून समत कार्यवाई होनी चाहिए।भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के पत्रकार स्वामी दिव्यज्ञान ने अपने संबोधन में कहा कि हम दिल्ली में पत्रकारों की गिरफ्तारी के साथ साथ 15 पत्रकारों को बहिष्कृत करने का निर्णय भी दुर्भाग्यपूर्ण है जिसकी हम सभी कड़े शब्दों में निंदा



करते हैं। झारखंड जर्नालिस्ट एसोसिएशन के संस्थापक सह भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ(ट्रेड यूनियन) के राष्ट्रीय महासचिव शहनवाज़ हसन ने उच्चतम न्यायालय के निर्देष के आलोक में पत्रकारों के साथ अपराधियो की भांति व्यवहार को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

हसन ने कहा कि पिछले एक दशक से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग लगातार संगठन कर रहा है। धरना प्रदर्शन में बीएसपीएस के स्वामी दिव्यज्ञान, प्रदेश उपाध्यक्ष नवल सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीत, उर्दू देनिक कौमी तंजीम के प्रबंधक मो एहसान, फारूकी तंजीम के संपादक गुलाम शाहिद, आशीष पांडेय, रंगनाथ मिश्रा, गुलाम शहीद, सैयद रामीज़, अजय पांडेय, असफर नवाज़,मो अमीर, रुचि शर्मा, अदिति सिंह, कृति, आसिफ़, संजय राय, रेहान, धीरज, कृष्णा, मोहन, आदिल, अजय , मो शम्स सहित बड़ी संख्या में रांची के पत्रकार शामिल हुए।

# अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ने बिरसा केंद्रीय कारा होट्वार का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम के नेतृत्व में बिरसा केंद्रीये कारा होट्वार का निरिक्षण किया गया। साथ ही विगत दिनो कांके निवासी रहमतुल्लाह अंसारी की मृत्यु की घटना की जांच की गयी। इस क्रम में उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने जेल अधीक्षक एवं जेलर से रहमतुल्लाह अंसारी की मृत्यु की घटना की पूरी जानकरी ली। साथ ही जिस वार्ड न0 6 में गला रेतने की आशंका परिवार जनो ने लगाई थी,उस वार्ड/कमरे का भी निरिक्षण किया गया। साथ ही रहमतुल्लाह के वार्ड मे रह रहे कैदियों से भी पूछ ताछ की गयी। एवं घटना के दिन की सीसीटीवी फुटेज को भी बारीकी से देखा गया और घटना से सम्बधित डिक्यूमेट के साथ साथ फुटेज की कॉपी भी



आयोग की टीम को जेल प्रशासन ने दिया। करीब 2 घन्टे की जांच/ निरिक्षण के बाद उपाध्यक्ष श्री आलम ने जेल प्रशासन को सख्त निर्देश देते हुये कहा की भविष्य में इस तरह की घटना का पुर्नवीर्ति नही होनी चाहिए। जहाँ पर कैदी रहते हैं वहां किसी भी प्रकार की कोई हथियार,धारदार वस्तु ना हो। इसकी पूरी ईमानदारी से जेलर खयाल रखे।

## रैयत विस्थापित मोर्चा ने नया बस्ती में किया साड़ी व गमछा का वितरण



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा नया बस्ती में जरूरतमंद महिला एव पुरुषों के बीच साड़ी एव गमछा का वितरण किया गया.मोर्चा के एरिया उपाध्यक्ष अमृत भोगता, सह सचिव रामलखन गंझू, कोषाध्यक्ष प्रभाकर गंझू, संगठन सचिव अशोक राम एव जितेंद्र सिंह ने महिला एव पुरुषों के बीच बारी बारी से साड़ी एव गमछा का वितरण किया.मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता के सहयोग से सभी विस्थापित गांव के जरूरतमंद लोगों के बीच साड़ी एव गमछा का वितरण किया जा रहा है.मोर्चा के लोगो ने उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि विस्थापित गांव नया बस्ती में सीसीएल प्रबंधन के साथ वार्ता कर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा.इस मौके पर छोटु राम,साजिद असारी,एजाजुल असारी,सूरज लोहरा,प्रमोद लोहरा,प्रेम खलखो,राजू सिंह,रकीब असारी,साकिर असारी,लूसी उरांव, सतेंद्र सिंह,सुदामा राम,सागर राम,खरतु तुरी,प्रीति शर्मा, विमला देवी,जाशो देवी, मनो देवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

## सीआईएसएफ के द्वारा जेवियर स्कूल परिसर में किया गया वृक्षारोपण




**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: वृक्षारोपण महोत्सव कार्यक्रम के तहत केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल उत्तरी करणपुरा क्षेत्र और पिपरवार क्षेत्र यूनिट के द्वारा गुरुवार को डकरा स्थित जेवियर स्कूल में वृक्षारोपण किया गया. इस अवसर पर यूनिट के डिप्टी कमांडेंट मृत्युंजय स्वामी सहित जवानों के द्वारा विद्यालय परिसर में दर्जनों पौधे लगाए गए. इस कार्यक्रम में सीआईएसएफ के द्वारा स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों के हाथों से भी वृक्षारोपण कराया गया. मौके पर डिप्टी कमांडेंट मृत्युंजय स्वामी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम में आ रही बदलाव के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है. देश में बड़े पैमाने पर सभी संस्थाओं के द्वारा वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है.जिसमें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सभी इकाइयों के द्वारा अपने-अपने कमान क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जा रहा है. इस मौके पर विद्यालय की प्रिंसिपल प्रीति चौबे समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र मौजूद थे.

## पंचायत स्तरीय जनसुनवाई संबंधित मामलों का हुआ निष्पादन

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: खलारी प्रखंड सभागार में गुरुवार को मनरेगा अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया. इसके तहत पंचायत स्तरीय जनसुनवाई संबंधित मामलों का निष्पादन किया गया. यह पूर्व में ज्यूरी सदस्य के रूप में मनरेगा लोकपाल पुष्पलता जयसवाल, प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, जिप सदस्य सरस्वती देवी एवं सोशल ऑडिट टीम से बीआरपीएफसी सतीश कुमार वर्मा के द्वारा पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में जो भी मामला आया था उसी से संबंधित मामलों का निष्पादन किया गया.जिसमें लपरा पंचायत से सभी मामलो का निष्पादन कर लिया गया, खलारी पंचायत से एक योजना में 3578 रुपए का अर्थदंड लगाया गया, हुटाप पंचायत से सभी का निष्पादन कर लिया गया, मायापुर पंचायत से एक योजना में वेंडर पर 6000 रुपए का जुर्माना लगाया गया, चूरी दक्षिणी पंचायत में दो योजना में 4950 रुपए का अर्थदंड लगाया गया. मौके पर सोशल ऑडिट यूनिट टीम से उमर फारूक, भानु प्रताप सिंह, भरत कुमार राम, इमरोज अख्तर, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी संबंधित पंचायत के कनीय अभियंता, मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, सामग्री आपूर्तिकर्ता और पंचायत से आए हुए ग्राम प्रधान और ग्रामीण उपस्थित थे.

## तमाड़ में राम रथ का स्वागत किया गया

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के रायडीह चौक में बजरंग दल,विश्व हिन्दू परिषद, हिन्दू क्रांति सेना तथा भाजपा कार्यकर्ताओं ने राम रथ का भव्य स्वागत किया। बताते चले कि अयोध्या में भव्य भगवान राम का आकर्षक मंदिर का निर्माण कार्य जारी है। जिसका विधिवत् उद्घघाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनवरी 2024 में किया जाना है।इसी निमित्त पूरे भारत वर्ष में बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद आदि द्वारा बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा राम रथ परिभ्रमण कराया जा रहा हैं। जमशेदपुर से होते हुए राम रथ रायडीह चौक तमाड़ पहूंचा। जहां राम भक्तों ने राम रथ में विराजमान भगवान राम का आरती एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम, बजरंग बली की जय आदि के नारो से आवाज बुलंद किए। राम रथ का रड़गांव,भुंइयाडीह चौक, दिउड़ी मंदिर में भी भव्य स्वागत किया गया। बजरंग दल के किंकर महतो, अमित महतो, विश्व हिन्दू परिषद के अजय साहु,परसुराम दास, हिन्दू क्रांति सेना के प्रदीप पांडेय भाजपा के महावीर सोनी,आदि के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राम रथ का भव्य स्वागत किया।

## कोयलांचल में हुई मूसलाधार बारिश में गिरा पिपरवार के बाराडीह में दो गरीबों का घर

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में पिछले पांच दिनों से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से कई जगह पर गरीबों का आशियाना उजड़ गया है।मिली जानकारी के अनुसार पिपरवार थाना क्षेत्र के किचटो पंचायत अंतर्गत तरवां राजस्व ग्राम के बाराडीह टोला में दो गरीबों का मिट्टी का घर ध्वस्त होने की सूचना है।बाराडीह निवासी डेगन महतो और शीला देवी पति अर्जुन महतो का मिट्टी का घर मूसलाधार बारिश में गिरकर ध्वस्त हो गया,जिससे उक्त दोनों परिवार को रहने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।हालांकि घर गिरने से किसी को जानमाल का नुकसान होने की सूचना नहीं है,लेकिन घर में रखें कई सामान बर्बाद हो गया।दोनो भुक्तभोगी द्वारा बताया गया कि वे लोग रोजाना दैनिक मजदुरी कर अपना और अपने परिजनो का भरण पोषण कर जीविका चला रहे है,ऐसे मे घर गिरने से उनके समक्ष सर छुपाने की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है।भुक्तभोगी द्वारा प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय से मुआवजा की गुहार लगाई है।इधर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि भी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

## पिपरवार के बाबुलाल ने सिस्टा उप महासचिव पद से दिया इस्तीफा

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:सीसीएल पिपरवार एरिया के सीएचपी/सीपीपी परियोजना में कार्यरत सीसीएल कर्मचारी बाबूलाल राम ने कोल इंडिया एससी एसटी इम्पलाईज एसोसिएशन सिस्टा के सीसीएल स्तरीय कमेटी के केन्द्रीय उप महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया है।इस संबधं मे उन्होंने सिस्टा के सीसीएल अध्यक्ष को पत्र लिखकर अपना इस्तीफा सौंपा है।इस संबंध मे बाबुलाल राम ने कहा कि व्यक्तिगत कारणो के कारण सीसीएल स्तरीय समिति में उप महासचिव के पद पर इस्तीफा दिये है। जबकि सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य करता रहूंगा।

# उपायुक्त ने मारंगहादा में विद्यालय का निरीक्षण कर बेहतर शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा मारंगहादा में विद्यालय एवं पीएचसी का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा - निर्देश दिए। इसी कड़ी में उपायुक्त द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मारंगहादा का निरीक्षण किया गया। उन्होंने एमओआईसी को 15 दिन के अंदर HWC को PHC में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि आमजनों की सुविधा के मद्देनजर सुचारु रूप से कार्य करें। साथ ही उचित स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने एमओआईसी को निर्देश दिए कि



अपने दायित्वों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने कहा कि पीएचसी के उचित संचालन से स्थानीय स्तर पर आमजनों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराना सुगम होगा। उपायुक्त ने मारनहादा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां के बच्चो से बातचीत की एवं शिक्षा की गुणवत्ता देखी। सभी शिक्षकों को बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में रूटीन एवं सभी संचिका अनिवार्य रूप से संधारित करेंगे। उन्होंने बच्चों को मध्याह्न भोजन समय पर देने एवं विद्यालय को साफ सुथरा रखने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा में उन्नति, कार्य दक्षता में सुधार एवं बच्चों का सर्वांगीण विकास करना उद्देश्य है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों सहित सभी पदाधिकारियों को इसके लिए तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहने का निदेश दिया। उन्होंने विद्यालय में मूलभूत आवश्यकताओं, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, कक्षाएं, लाइब्रेरी व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय की आवश्यकता है कि हम सब मिलकर सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के सार्थक प्रयास करें।

# डालसा खूंटी द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार,नई दिल्ली एवं झालसा,रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्यप्रकाश की अध्यक्षता में डालसा के सभागार में 100 दिवसीय बच्चों के हित संबंधित विशेष विधिक जागरूकता एवं विशेष सहायता अभियान के तहत विशेष कानूनी जागरूकता शिविर आयोजन किया गया। मौके पर डालसा अध्यक्ष ने कहा कि खूँटी जिला एक पिछड़ा जिला है जहाँ बच्चों के साथ होने वाले अपराध ज्यादा हैं। बच्चे को शिक्षा से जोड़ना होगा एवं उनको आर्थिक सहायता भी देनी होगी।उन्होंने कहा कि स्पोन्सरशिप स्कीम एवं अन्य लाभकारी योजनाओ से बच्चों को जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि सभी पी0एल0वी को प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर कानूनी जागरूकता एवं सहायता अभियान चलाना होगा। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने पारालिगल वोलेंटियर एवं अन्य लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम खासकर दूर दराज के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले बच्चे एवं उसके अभिभावकों को जागरूक करने हेतु चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ÷बच्चों की देखभाल और संरक्षण विधेयक 2015, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बच्चों की तस्करी शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह को रोकना आदि विषयों पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जन जागरूकता अभियान क्षेत्रीय भाषाओं में किया जाना चाहिए।

## अशोक परियोजना में 60 टन के दो नये हॉलपैक मशीन का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया के अशोक परियोजना के वर्कशॉप कार्यालय में गुरुवार को एक समारोह आयोजित कर 60 टन के दो नये हॉलपैक मशीन का उद्घाटन किया गया।इस समारोह के मुख्य अतिथि सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के जीएम एक्सावेशन एसके सिंह और पिपरवार जीएम सीबी सहाय उपस्थित थे।मौके पर विधिवत पूजा अर्चना के बाद अधिकारियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर मशीन का उद्घाटन किया।जिसके बाद सभी के बीच मिठाई का वितरण किया गया।इस संबंध में पिपरवार एरिया के जीएम सीबी सहाय ने कहा कि अशोक परियोजना में 60 टन के दो नए हॉलपैक मशीन के आने से कोयला उत्पादन और संप्रेषण में मदद मिलेगी। कोयला उत्पादन से लेकर संप्रेषण में हॉलपैक मशीन की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है।उन्होंने कहा कि कंपनी के द्वारा पिपरवार एरिया को दिए गए लक्ष्य को सभी अधिकारियों और कर्मचारी के सहयोग से कोयला उत्पादन लक्ष्य को पूरा किया जाएगा।वर्तमान में पिपरवार एरिया जमीन की समस्या से जूझ रही है,इसके बावजूद सभी चुनौतियों का सामना कर यहां के अधिकारी और कर्मचारी मेहनत के साथ काम कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि अशोका वेस्ट कोयला खदान और पिपरवार भूमिगत खदान के चालू होने के बाद पिपरवार एरिया का कोयला उत्पादन लक्ष्य बढ़ेगा और पिपरवार एरिया फिर से अपने पुराने फार्म में नजर आएगी।उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से आपसी तालमेल और एकजुट होकर काम कर कंपनी द्वारा दिए गए उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने की अपील की।इस मौके पर जीएम एसके सिंह,जीएम सीबी सहाय,अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार,स्टाफ ऑफिसर एक्सावेशन जीएसपी शर्मा, संजीव कुमार,खान प्रबंधक एसके सिंह,शेषनाथ प्रसाद सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# उलिहातु में विकास शिविर का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खुंटी उपायुक्त के निर्देशानुसार अड़की प्रखंड अंतर्गत बाड़ीनिजकेल पंचायत के उलिहातु ग्राम में विकास शिविर लगाया गया। विकास शिविर का आयोजन 12 अक्तूबर तक किया जाएगा। इस दौरान शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गए जहां ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विविध योजनाओं की जानकारी दी गई। आज उलिहातु में आयोजित शिविर में आधार कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, आभा कार्ड, कौशल, कृषि, बैंक, छ्ष्स्क्र व अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये। उक्त स्टालों के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार द्वारा



संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही लोगों से सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक होकर लाभ उठाने की अपील की गयी। इस दौरान प्रज्ञा केंद्र एवं आयुष्मान भारत के लगाए गए कैंप में लोगों को आयुष्मान भारत योजना की जानकारी दी गई। सामाजिक सुरक्षा योजना के स्टॉल में पेंशन के लिए लोगों ने आवरण जमा किया। ग्रामीणों ने बताया कि कैंप के आयोजन से उन्हें सुलभ रूप में सुविधाएं मिल पा रही हैं।इस शिविर में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी / कर्मी द्वारा स्टॉल लगाकर संचालित योजनाओ की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है तथा शिकायत का त्वरित निष्पादन किया जा रहा है।


## नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट

पो०–नेतरहाट, जिला–लातेहार

(An Autonomous Institution under Ministry of School Education and Literacy, Govt. of Jharkhand)

संख्या –1665 दिनांक–04.10.2023

### पुर्न-निविदा सूचना

नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के लगभग 500 विद्यार्थियों हेतु एवं विद्यालय के अन्य विविध उपयोग मे लायी जाने वाली विविध सामग्रियों के क्रय एवं आपूर्ति हेतु पुर्ननिविदा संख्या–176, दिनांक–18.08.2023 (PR No 292436 Human Resource Development (23-24):D प्रकाशित की गई थी। प्रकाशित निविदा में कुछेक सामाग्री कोडों में प्रर्याप्त निविदा प्राप्त नहीं होने की स्थिति में पुनर्निविदा प्रकाशित की जा रही है।**मुहरबंद निविदायें प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के नाम आमंत्रित की जाती है।**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा का नाम | विविध सामग्रियों के क्रय एवं आपूर्ति हेतु । |
| 2. | कार्यालय का नाम एवं पता | प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट पो०–नेतरहाट, जिला–लातेहार, पिन–835218 |
| 3. | सामग्रियों का नाम | कोड–10 (दवा, उपकरण आदि) कोड–15 (प्रिन्टीग एवं प्रकाशन) |
| 4. | निविदा भेजने का पता | प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट पो०–नेतरहाट, जिला–लातेहार। पिन कोड–835218 |
| 5. | वेबसाईट का नाम एवं निविदा प्रसारण तिथि | WWW.netarhatvidyalaya.com पर दिनांक 05.10.2023, समय 1.00 बजे अपराहन से उपलब्ध। |
| 6. | बिल ऑफ क्वटिटी प्राप्त करने का माध्यम | विद्यालय कार्यालय से हाथो–हाथ निविदा राषि जमा करने के पश्चात्। |
| 7. | बिल ऑफ क्वांटिटी प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 12.10.2023 के पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराहन 1:00 बजे तक |
| 8. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 16.10.2023 समय 11.30 बजे पूर्वाह्न तक। |
| 9. | निविदा खुलने की तिथि | 17.10.2023 समय 11.30 बजे पूर्वाह्न (टेक्नीकल बीड) एवं 18.10.2023 फिनानसियल बीड 11.30 बजे पूर्वाह्न अथवा कार्यालय सुविधानुसार तिथि परिवर्तन की जा सकती है। फिनानसियल बीड, केवल वैसे आपूर्तिकर्त्ता जो टेक्नीकल बीड में सफल पाये जायेंगे। |
| | नोट :–निविदा सूचना, निविदा नियम एवं शर्त्ते, निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं अन्य सभी प्रकार की वांछित सूचनाएँ/निविदा संबंधी कागजात विद्यालय कार्यालय में पूर्वाहन 10.00 बजे से अप० 1.00 बजे तक संबंधित राशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है। | |

प्राचार्य,
नेतरहाट आवासीय विद्यालय,
नेतरहाट।

PR 308354 (Human Resource Developement) 23-24 (D)



## कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा

(Mail Id – kodermanagarpanchayata@gmail.com)

### -: आवश्यक सूचना :-

एतद् द्वारा निम्न आवंटियों को सूचित किया जाता है कि आपको प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक के अन्तर्गत बोनाकाली में निर्मित 90 आवासों में से 07 आवासों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से दिनांक – 09.02.2021 (प्रथम चरण), दिनांक – 05.08.2021 (द्वितीय चरण) एवं दिनांक – 01.11.2021 (तृतीय चरण) को किया गया है तथा आवंटन पत्र भी दिया गया है। वर्तमान में परियोजना स्थल पर निर्मित आवासों का निर्माण लगभग पूर्ण हो गया है, परन्तु निम्न आवंटित लाभुकों के द्वारा लगभग 15 से 30 माह के पश्चात भी लाभुक अंशदान की द्वितीय किस्त की राशि रू0 71,750 जमा नही की गई है। जिसकी सूची निम्नवत् है –

| Sl. No. | Survey ID | Name | Father/Husband Name |
|---|---|---|---|
| 1 | 5926066 | Krishna Kumar Sharma | Mantu Sharma |
| 2 | 5903623 | Nipa Singh | Neeraj Singh |
| 3 | 5912524 | Rubi Devi | Ravindra Prasad |
| 4 | 5961127 | Sanket Kumar Sinha | Krishna Kumar Sinha |
| 5 | 5955638 | Vinod Yadav | Vashudeo Yadav |
| 6 | 5624637 | Anand Kumar | Kuldeep Singh |

अतः उपरोक्त सूची के लाभुकों को निदेश दिया जाता है कि दिनांक – 12.10.2023 तक द्वितीय किस्त की राशि 71,750 रू0 कैनरा बैंक खाता सं0 – 110006635910, IFSC Code – CNRB0003376 में अनिवार्य रूप से जमा कर दें अन्यथा निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं किये जाने पर आपके आवंटित आवास को रद्द कर दी जायेगी। आवास रद्द किए जाने के पश्चात कोई भी दावा मान्य नहीं किया जायेगा एवं प्रतीक्षारत/योग्य लाभार्थी को आवास आवंटन करने की कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 308362 (Urban Development) 23-24 (D)



## झारखंड शिक्षा परियोजना, रामगढ़
## जिला स्तरीय कार्यालय

राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड़, रामगढ़ कैंट

ई मेल :– ssa_ramgarh@rediffmail.com फोन नं0/फैक्स नं० – 06553–231133,

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (सत्र–2023–24)

जिले में संचालित नेताजी सुभाश चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, पतरातू में सत्र–2023–24 के लिये Furniture / Equipment (including kitchen equipment), TLM and equipment including library books एवं Bedding की आपूर्ति हेतु राज्य में निबंधित इच्छुक संस्थानों के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता नेताजी सुभाश चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, पतरातू, रामगढ़ से निविदा प्रपत्र दिनांक–07.10.2023 से दिनांक–12.10.2023 तक (कार्यालय अवधि में) प्राप्त कर उसी विद्यालय में तकनीकि बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग सीलबंद लिफाफे में दिनांक–13.10.2023 के पूर्वाह्न 11:30 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे। क्रय समिति द्वारा दिनांक–13.10..2023 को अपराह्न 12:30 बजे नेताजी सुभाश चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, पतरातू (एस.एस. +2 हाई स्कूल, पतरातू परिसर, पतरातू, जिला–रामगढ़) में निविदा खोला जाएगा।

| क्र०सं० | विद्यालय का नाम | पता |
|---|---|---|
| 1 | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, पतरातू, रामगढ़ | एस.एस. +2 हाई स्कूल पतरातू परिसर, पो०+थाना–पतरातू, जिला–रामगढ़, झारखण्ड, पिन कोड–839118 |

पैकेज विवरणी – **पैकेज संख्या 1** – Furniture / Equipment (including kitchen equipment), **पैकेज संख्या 02** – TLM and equipment including library books, **पैकेज संख्या 3** – Bedding इत्यादि। पूर्ण एवं आवश्यक निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए (प्रत्येक पैकेज के लिए) NETAJI S C BOSE AVASIYA VIDYALAY RAMGARH के नाम से अप्रतिदेय (Non Refundable) 1000/- रूपये (एक हजार रूपये मात्र) राश्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्राफ्ट में देना अनिवार्य है। निविदा में किसी भी प्रकार की संशोधन अथवा रद्द करने का अधिकार जिला स्तरीय क्रय समिति के पास सुरक्षित होगा।

ह०/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, रामगढ़

PR 308389 District(23-24)#D



## जिला कृषि कार्यालय, चतरा
## वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023–24 में केन्द्र प्रायोजित NFSM Pulse योजनान्तर्गत INM/IPM वितरण हेतु सूचना

किसान भाईयों, चतरा जिला में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023–24 में केन्द्र प्रायोजित NFSM (Pulse/ Coarse Cereals/ Nutri Cereals/ Oil Seeds) योजनान्तर्गत अनुदान पर निम्नलिखित INM/IPM वितरण किया जाना है।

| क्रंसं | उपादान का नाम | अनुदान की राशि अधिकतम (रूपये में) | रकवा (हे0में) |
|---|---|---|---|
| **NFSM Pulse** | | | |
| **Integtated Nurtient Management (INM)** | | | |
| 1 | Micro- nutrients | Rs. 500/- per ha or 50% of cost whichever is less | 685 |
| 2 | Gypsum/80% WG Sulphur | Rs. 750/- per ha or 50% of cost whichever is less | 500 |
| 3 | Lime | Rs. 1000/- ha or 50% of cost whichever is less | 455 |
| 4 | Bio Fertilizers | Rs. 300/- per ha or 50% of cost whichever is less | 320 |
| **Integrated Pest Management (IPM)** | | | |
| 1 | Distribution of PP Chemicals | Rs. 500/- per ha or 50% of cost whichever is less | 410 |
| 2 | Weedicides | Rs. 500/- per ha or 50% of cost whichever is less | 365 |
| **NFSM Coarse Cereals** | | | |
| **Integtated Nurtient Management (INM)** | | | |
| 1 | (a) Micro- nutrients | Rs. 500/- per ha or 50% of cost whichever is less | 65 |
| 2 | (d) Bio Fertilizers | Rs. 300/- per ha or 50% of cost whichever is less | 105 |
| **Integrated Pest Management (IPM)** | | | |
| 1 | (a) Distribution of PP Chemicals | Rs. 500/- per ha or 50% of cost whichever is less | 100 |
| 2 | (b) Weedicides | Rs. 500/- per ha or 50% of cost whichever is less | 25 |
| **NFSM Nutri Cereals** | | | |
| **Integtated Nurtient Management (INM)** | | | |
| 1 | Lime/ Dolomite | Rs.500/ha. or 50% of cost whichever is less | 60 |
| 2 | Biofertilizer | Rs.500/ha. or 50% of cost whichever is less | 60 |
| **Integrated Pest Management (IPM)** | | | |
| 1 | Distribution of PP Chemmical | Rs.500/ha. or 50% of cost whichever is less | 90 |
| 2 | Weedicides | Rs.500/ha. or 50% of cost whichever is less | 25 |
| **NFSM Oil Seeds** | | | |
| **Production Inputs (30%)** | | | |
| 1 | Distribution of Gypsum/pyrits/Liming/SSP, etc | Rs.750/ha. | 200 |
| 2 | Supply of Rhyzobium culture/PSB /ZSB/Azatobactor/Mycorrhiza culture | Rs.300/ha. | 165 |
| 3 | PP Chemicals/Insecticides/bio pesticides/weedicides/bio agents/ micronutrients | Rs.500/ha. | 60 |
| 4 | Nuclear Polyhedrosis Virus (NPV) | Rs.500/ha. | 35 |

कृषक अनुदानित दर पर कृषि यंत्र प्राप्त करने हेतु पहचान पत्र (यूनिक आईडी0 कार्ड (आधार), पंचायत स्तरीय समिति के किसी सदस्य द्वारा निर्गत अनुसंशा पत्र) से अनुसंशित आवेदन एवं स्वयं की धारित भूमि से संबंधित मान्य दस्तावेज के साथ खाता संख्या (बैंक का नाम IFSC कोड के साथ) अनिवार्य रूप से प्रखण्ड तकनीक प्रखण्ड को समर्पित करेंगे तथा INM/IPM अनुदानित दर पर प्राप्त करें। आवेदन पत्र दिनांक 19.10.2023 को प्रखण्ड मुख्यालय में जमा कर सकते हैं।

**"पहले आये पहले पाये के आधार पर वितरण किया जायेगा"**

**नोट**– विशेष जानकारी हेतु जिला स्तर पर जिला कृषि पदाधिकारी/परियोजना निदेशक तथा प्रखण्ड स्तर पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (बी0टी0एम0) से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी,
चतरा

PR 308378 (Agriculture)23-24*D

## ट्रेनों के परिचालन के लिए तजम्मुल हुसैन ने सीनियर डीसीएम को सौंपा पत्र

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्र भ्रष्टाचार नियंत्रण एवं जन कल्याण संगठन के राज्य महासचिव मो तजम्मुल हुसैन उर्फ जोनी ने आगामी पर्व त्यौहार के मद्देनजर गुरुवार को चक्रधरपुर रेल मंडल के वरिष्ट वाणिज्य प्रबंधक सह जनसंपर्क अधिकारी गजराज चरण सिंह को पत्र सौंप कर नागरिक सुविधाओं के तहत ट्रेनों की परिचालन का मांग किया है। उन्होंने पत्र में कहा है कि एनआई वर्क के कारण 28 सितंबर से 10 अक्टूबर तक कई ट्रेनों का परिचालन बंद किए गए हैं, जिससे रोज कमाने खाने वाले लोगों पर बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो गई है। लोगों को जमशेदपुर, राउरकेला जैसे बड़े शहरों में आवागमन कर नहीं पा रहे हैं। उन्होंने सीनियर डीसीएम श्री सिंह से ट्रेन संख्या 08163 और 08164 को चक्रधरपुर से बंडामुंडा या बिसरा तक चलाए जाने का मांग किया है। वहीं ट्रेन संख्या 08014 और 08013 चक्रधरपुर से टाटा तक चलने वाली ट्रेन को नियमित रुप से सही समय में चलाया जाए। ट्रेन संख्या 18403/18404 राउरकेला बड़बिल, जो पिछले कोविड से बंद है, चक्रधरपुर से बड़बिल तक पुनः चलाया जाए। मो तजम्मुल हुसैन ने पत्र की प्रतिलिपि मानव अधिकार आयोग नई दिल्ली, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डेन रीच कोलकाता तथा मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर को किया है।



## भाजपा नेत्री नीलू ने संकल्प यात्रा को लेकर चलाया अभियान



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर महानगर भाजपा की जिला मंत्री नीलू मछुआ ने बुधवार को पटमदा के बिड़रा, डांगा, गाड़ीग्राम व लावा आदि गांव में अभियान चलाते हुए महिलाओं से 11 अक्टूबर के कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आगामी बुधवार को संकल्प यात्रा के तहत जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के पटमदा ब्लॉक मैदान पहुंचेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं से शामिल होने का आग्रह किया।

## बिजली समस्या को ले सहायक अभियंता से मिले ग्रामीण



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर प्रखंड अध्यक्ष सह कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी विजय सिंह सामाड ने बंदगांव प्रखंड के मेरोमगुटू पंचायत के ग्राम कोन्सेया का दर्जनों बिजली उपभोक्ताओं को लेकर विधुत सहायक अभियंता से मिलें। श्री सामाड ने कहा पिछले 8/5/2023 को आपके बिजली विभाग को आवेदन दिया गया। आवेदन में खराब ट्रांसफार्मर के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गई थी लेकिन अभी तक खराब ट्रांसफार्मर के बदले नये ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं कराया। सहायक अभियंता ने सभी बिन्दुओं से अवगत होकर त्वरित कार्रवाई करते हुए ठेकेदार को फोन के माध्यम से सम्पर्क कर निर्देश दिया कल से ही कार्य को शुरू होना चाहिए। इस मौके पर पास्कल पुर्ती, विष्णु सिंह,मानी हजाम, संतोष पुर्ती, बुधवा मुण्डा, सिमोन पुर्ती, गोयन्दो महतो, बहादुर लोहरा आदि उपभोक्ताओं उपस्थित थे।

## विजया दशमी के मौके पर लायाडीह में ईश्वर सोरेन नाईट का होगा आयोजन



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंडित रघुनाथ मुर्मू उतनाव गांवता की ओर से पटमदा की महुलबना पंचायत अंतर्गत लायाडीह हाट मैदान में 24 अक्टूबर को विजया दशमी के मौके पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ईश्वर सोरेन नाईट एक रात्रि संताली ड्रामा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। क्लब के संरक्षक चंद्रशेखर टुडू ने बताया कि इस संबंध में हाट मैदान में गुरुवार को आयोजित बैठक के दौरान इसपर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से हरिपद सोरेन, मोहनलाल बास्के, सोमाय हांसदा, वैद्यनाथ बास्के व धनंजय महतो आदि मौजूद थे।

## मृतक के परिजनों को अंत्येष्टि के लिए दी गई राशि मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ



**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश से जहां एक ओर जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं बारिश की वजह से कच्चा मकान के गिरने की सूचना मिलती है। ऐसे ही बुधवार को हुई तेज बारिश के कारण जयनगर प्रखंड के सतडीहा पंचायत के लतबेधवा में मिट्टी का मकान ध्वस्त होने से मलबे में दबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान सदानंद सिंह के रूप में हुई है। इस घटना की सूचना जिला प्रशासन कोडरमा को प्राप्त हुआ तो उपायुक्त कोडरमा द्वारा अंचल अधिकारी जयनगर को स्थल पर जाकर पीड़ित परिवार को आवश्यक सहयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसपर अंचल अधिकारी जयनगर ओम प्रकाश बड़ाइक द्वारा मृतक के अंत्येष्टि के लिए पीड़ित परिवार को राशि प्रदान की गयी। इसके साथ ही पीड़ित परिवार को आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ साथ अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ देने कि प्रक्रिया की जा रही है।

# डीडी स्टील एंड पॉवर के प्रदूषण की जांच के लिए एनजीटी ने दिया जांच टीम गठन का निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड के मुड़िया पंचायत स्थित डीडी स्टील एंड पॉवर लिमिटेड के प्रदूषण का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल), कोलकाता बेंच ने विगत तीन अक्टूबर को सुनवाई के बाद तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय कमेंटी का गठन करते हुए केंदीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ट वैज्ञानिको की देखरेख में टीम गठित कर चार हफ्तों के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले में याचिकाकर्ता के पैरवीकार अधिवक्ता रविशंकर पाण्डेय ने बताया कि नेशनल ग्रीन




ट्रिब्यूनल ने इस मामले को गंभीर बताते हुए तत्काल केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ट वैज्ञानिक एवं उपायुक्त सरायकेला-खरसावां वाली तीन सदस्यीय जांच टीम के गठन का निर्देश जारी किया है। यह टीम चार हफ्तों के भीतर डीडी स्टील एंड पॉवर लिमिटेड द्वारा पर्यावरण को क्षति पहुंचाने का आकलन करते हुए जुर्माना राशि का भी निर्धारण करेगी।

## जमीन अधिग्रहण के खिलाफ जेबीकेएसएस ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत आदरडीह में गैर कानूनी तरीके से कंपनी के नाम ग्रामीणों के जमीन अधिग्रहण के खिलाफ जेबीकेएसएस ने ग्रामीणों के साथ बैठक की गई। बैठक में एसएम स्टील कंपनी के नाम पर जबरन जमीनों का अधिग्रहण किया जा रहा है। सीएनटी, एसपीटी कानून का उल्लंघन करने वाले दलाल, पूर्वजों के पहचान को मिटाना चाहते हैं। इस बैठक में जेबीकेएसएस गोपेश महतो, आदित्य महतो ,पूर्णशशी महतो, राज कुमार, विजय कुमार, फूलचंद महतो,तपन कुमार, दीपांकर कुमार, हेमंत महतो, परितोष कुमार, शक्तिपद मंडल ,संतोष कुमार, रंजीत कुमार, मुकेश महतो, पंकज महतो , लालू महतो, आसमान महतो आदि उपस्थित थे।

# कुचाई अंचल में चल रहा भूमि सत्यापन कार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** अबुआ वीर दिशुम अभियान वन कानून अधिनियम 2006 के तहत कुचाई अंचल कार्यालय में छोटासेगोई, बडाबांडी, चंपद, पुनीबुढी, गोपीडीह, गोगामोर्चा, पागारडीह गांव में सामुदायिक वन पट्टा की वितरण हेतु भूमि सत्यापन की कार्य काफी जोर शोर से चल रही है। वहीं अंचल के अंचल निरीक्षक एवं राजस्व कर्मचारियों के द्वारा गांव एवं स्थल का निरीक्षण कर खाता प्लॉट एवं रखवा की भूमि सत्यापन की कार्य किया जा रहा है। ताकि ग्रामीणों को सामुदायिक वन पट्टा अंचल से मिल सकें। इस दौरान मुख्य रूप से अंचल निरीक्षक फूल कुमारी सोय, मुखिया करम सिंह मुंडा, झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के कुचाई प्रभारी भरत सिंह मुंडा, राजस्व कर्मचारी सानो मुर्मू, प्रकाश लमाय, अंचल अमीन, सुरेश कुमार महतो, विनोद मानकी, दुर्गा मुंडा बेरगा सोय आदि उपस्थित थे।

### उपायुक्त से सिदगोड़ा सूर्य मंदिर बाउन्ड्री वॉल व अन्य निर्माण की मांग का मामला

# विधायक सरयू राय को विकास से नफरत, विवाद से नाता : प्रमोद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** निर्दलीय विधायक सरयू राय द्वारा जिला उपायुक्त से सिदगोड़ा सूर्य मंदिर के चारों ओर बाउन्ड्री वॉल निर्माण व अन्य कार्य कराने संबंधी माँग किये जाने पर सूर्य मंदिर समिति ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सूर्य मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जब से जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय बने हैं उनका सिर्फ एकमात्र कार्य सूर्य मन्दिर को लेकर कुछ न कुछ व्यवधान पैदा करने का



कोशिश करना है। लाखों लोगों का आस्था का केन्द्र सूर्य मंदिर सूर्यधाम है जहाँ हर वर्ष लोक आस्था का पर्व छठ पूजा काफी संख्या में लोगों के द्वारा किया जाता है एवं वर्ष भर वहाँ समय समय पर धार्मिक अनुष्ठान किया जाता है। विधायक जी को जमशेदपुर पूर्वी का पूरा विकास कार्य वहीं दिखाई देता है। जबकि सूर्य धाम कई वर्षों के अथक परिश्रम के बाद पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के द्वारा सुव्यवस्थित किया जा चुका है ये पूर्वी की जनता भली-भांति समझती है। इसके बावजूद विधायक के द्वारा विकास कार्य का हवाला देकर अनावश्यक हस्ताक्षेप कर सूर्य मंदिर समिति को तंग किया जाता है। आने वाले समय में उनकी ये हिन्दु विरोधी मानसिकता को पूर्वी की जनता जबाब देगी। श्री मिश्रा ने ये भी कहा कि विधायक जी का वर्षों से पड़े जर्जर अवस्था में अपूर्ण केबुल टाउन स्थित बिड़ला मंदिर को बनवाने का प्रयास करना चाहिए न कि व्यवस्थित रुप से चल रहे सूर्य मंदिर समिति को डिस्टर्व करने के बजाय जनहित में सोचना चाहिए। उनका यह सोच पूर्णतः राजनिति से प्रेरित होकर नाकारात्मक मानसिकता को दर्शाती है।

# पत्रकारों पर हमला करना बंद करें केंद्र सरकार : कॉमरेड लोटन दास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** दिल्ली पुलिस द्वारा न्यूज क्लिक के पत्रकारों पर कथित तौर पर हमला और गिरफ्तारी के खिलाफ सीपीएम की बोड़ाम लोकल कमेटी के सदस्यों ने बुधवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस संबंध में कॉमरेड लोटन दास ने कहा कि दिल्ली पुलिस की दमनकारी कार्य के खिलाफ पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारा दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हमेशा सरकार की अन्यायकारी नीतियों का विरोध करने वालों को देशद्रोही का तमगा देकर यूएपीए के तहत गिरफ्तार करके जनता की अभिव्यक्ति को कुचलना चाहती है, जिसका विरोध पूरे देश में हो रहा है। प्रत्रकारों की




पत्रकारिता को जहां भी दबाया जाएगा सीपीएम विरोध करेगी। पार्टी हमेशा निष्पक्ष पत्रकारिता का साथ रही है और आगे भी रहेगी। बोड़ाम प्रखंड के कांकीडीह गांव में आयोजित कार्यक्रम में भारी बारिश के बावजूद काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मौके पर मुख्य रूप से सीपीएम के लोकल सचिव गुरुपद महतो, डमन महतो, माणिक महतो, हाबू महतो, कालीपद महतो, रासु महतो, तारामनी महतो, नियति महतो, सजनी महतो एवं पद्मलोचन आदि शामिल थे।

### लोयोला स्कूल बिस्टुपुर में बोए गए प्रोजेक्ट तरुमित्र के बीज

# पारिस्थितिकी संवेदनशीलता को बढ़ावा देगी संस्था

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरुवार को लोयोला स्कूल बिस्टुपुर के विद्यार्थियों को फादर रॉबर्ट एथिकल और देवोप्रिया दत्ता ने संबोधित किया। इन्होंने पारिस्थितिकी संतुलन में पेड़ पौधे की उपयोगिता तथा संस्था आंदोलन की जानकारी दी और उससे जुड़ने को प्रेरित किया। फादर विनोद फर्नांडीज के अनुसार तरुमित्र भारत में पारिस्थितिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रव्यापी छात्र संगठन है। लोयोला स्कूल, जमशेदपुर जेसुइट प्रांत, लोयोला स्कूल टेल्को, लोयोला एलुमनी एसोसिएशन और लोयोला हिंदी स्कूल के सहयोग से जल्द ही मानगो में जेसु भवन परिसर में औपचारिक रूप से तरुमित्र की एक शाखा शुरू करेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को आगे बढ़ाने के रोडमैप पर शिक्षकों, छात्रों और पूर्व छात्रों और सदस्यों की एक टीम के साथ प्रारंभिक चर्चा की जा रही है। इस अवसर पर प्रांतीय फादर जेरोम कटिन्हा, रेक्टर फादर केएम जोसेफ, प्रिंसिपल फादर विनोद फर्नांडिस और फादर रॉबर्ट एथिकल, देवोप्रिया और संस्था के पदाधिकारियों की उपस्थिति में छात्रों द्वारा जेसु भवन परिसर में पौधे लगाए गए।



## साकची अग्रसेन भवन में रास गरबा 28 को, पोस्टर का हुआ विमोचन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मारवाड़ी युवा मंच आकृति व्हील कालीमाटी शाखा एवं भायली महिला मण्डल सोनारी, जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 28 अक्टूबर शनिवार को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा हैं। इस कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन बिष्टुपुर स्थित चेम्बर भवन के भालोटिया सभागार में आज शाम को संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि एवं विमोचन कर्ता के रूप में समाज सेविका सुधा गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रुप में सुमन नागेलिया, सुजाता गोयल एवं मधु बाकरेवाल उपस्थित थी। मौके पर भायली महिला मण्डल अध्यक्ष कविता अग्रवाल और आकृति व्हील कालीमाटी शाखा की संस्थापक अध्यक्ष अंकिता लोधा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में प्रवेश एंट्री कार्ड के माध्यम से होगा। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम का सफल संचालन भजन गायक महाबीर अग्रवाल मुन्ना ने किया।

# डीडीसी ने औचक निरीक्षण कर विभिन्न सरकारी योजनाओं के कार्य प्रगति की जांच की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई ने गुरुवार को गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत बांधडीह पंचायत में योजना स्थलों का औचक निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं के प्रगति की जांच की। बिरसा हरित ग्राम योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा आंगनवाड़ी केंद्र नवाडीह, प्राथमिक मध्य विद्यालय नुवाडीह एवं बड़ा काकडा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मधुपुर का निरीक्षण करते हुए उप विकास आयुक्त ने कुछ बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना के पौधरोपण में तेजी लाने, प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित आवास को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बांधडीह पंचायत की मुखिया, मनरेगा एवं आवास योजना के जिला समन्वयक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक एवं संबंधित अन्य उपस्थित रहे।



## कांड्रा-चौका मार्ग ओवरलोड बालू लदा हाइवा जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** एसपी डॉ विमल कुमार के पदस्थापन के बाद से क्षेत्र में अवैध शराब और बालू कारोबार के खिलाफ निरंतर अभियान चल रहा है। एनजीटी के रोक के बावजूद अवैध बालू कारोबारी अवैध बालू परिवहन करने से बाज नहीं आ रहे। इसी क्रम में गुरुवार को कांड्रा थाना प्रभारी पास्कल टोप्पो द्वारा कांड्रा-चौका मार्ग पर ओवरलोड बालू लदा एक हाइवा को जब्त किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि चौका की ओर से आ रही ओवरलोड बालू लदे हाइवा (संख्या-जेएच24के/1226) को कांड्रा ओवरब्रिज के समीप गश्ती पुलिस द्वारा पकड़ा गया है। इसकी जांच हेतु गम्हरिया के अंचलाधिकारी को सूचना दे दी गई है। उनके द्वारा जांचोपरांत अग्रिम करवाई की जाएगी।

# बिहार सर्वे से सबक लें सोही, ढिल्लन, राजा सिंह : कुलविंदर सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राष्ट्रीय सिख सभा के राष्ट्रीय संयोजक कुलविंदर सिंह ने तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधन कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष सरदार जगजोत सिंह सोही, पूर्व महासचिव महेंद्र पाल सिंह ढिल्लन,वर्तमान सदस्य राजा सिंह एवं सरदार गुरविंदर सिंह से बिहार के हालिया जातिगत सर्वे से सबक लेने की सलाह दी है। कुलविंदर सिंह के अनुसार जिन्हें सतगुरु महाराज ने गुरु गोविंद सिंह जी की जन्मस्थली तख्त श्री हरमंदिर साहिब जी पटना साहिब के प्रबंधन की जिम्मेवारी दी है उन्हें पंथिक तौर पर महान बनने की जरूरत है। बिहार में मात्र



14753 सिख हैं और उससे नवंबर 2000 में अलग हुए झारखंड अर्थात दक्षिण बिहार निर्वाचन क्षेत्र में कम से कम चार अथवा 5 लाख सिख आबादी है। इस बड़ी आबादी को उनके धार्मिक अधिकार से वंचित करने का प्रयास कहीं से भी संवैधानिक तौर पर और नैतिक तौर पर उचित नहीं ठहराया जा सकता है। सरदार जगजीत सिंह सोही,सरदार महेंद्र पाल सिंह ढिल्लन, सरदार राजा सिंह, सरदार गुरविंदर सिंह खुद की महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए दक्षिण बिहार निर्वाचन क्षेत्र के वर्तमान स्वरूप को खत्म करने के लिए हर जोड़-तोड़ और गैर कानूनी उपाय कर रहे हैं। कुलविंदर सिंह ने प्रबंधन कमेटी को चेताया है कि वे दिल बड़ा करें और पुरानी व्यवस्था के अनुसार जल्द से जल्द चुनाव कराने की शुरुआत करें।

## कांग्रेस ओबीसी सेल के पुनः महानगर अध्यक्ष बने सुरेंद्र शर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर महानगर कांग्रेस ओबीसी सेल के महानगर अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा को दोबारा ओबीसी सेल का महानगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया हैं। गुरूवार को मनोनीत लेटर लेकर रांची से जमशेदपुर आने के क्रम में कांग्रेसियों द्वारा साकची पुराना कोर्ट के समीप महानगर अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा का भव्य स्वागत किया गया। फूल माला पहना कर उन्हें बधाई दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू, संतोष सिंह, मोहम्मद रिजवान, गौतम साहू, संध्या दास, शोभा दास, नमृता सिंह, रवि रंजन कुमार, निक्कू सरदार, कन्हैया रजक, दिलीप साहू, सुशील कुमार, धर्मेंद्र वर्मा, गोल्डी सिंह, कन्याकुमारी, सानिया कुमारी ,नताशा पी कुमार, संतोष जायसवाल, सागर साहू, यशवंत गुप्ता आदि मौजूद थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संपादकीय

# 'गुदड़ी के लाल' पदकवीर

**खेलों** में 'गुदड़ी के लाल' भी देश के नायक, योद्धा होते हैं। वे भी देश और उसकी प्रतिष्ठा के लिए खेलते हैं। वे ज्यादातर सामान्य परिवारों से आते हैं, लिहाजा देश की मिट्टी और जिंदगी की मुश्किलों से उठकर वे 'चैम्पियन' और 'पदकवीर' बनते हैं। देश उनका भी आभारी है और झुककर साधुवाद देता है। हांगझाउ, चीन में जारी एशियाई गेम्स, 2022 में भारत के कई 'गुदड़ी के लाल' उभर कर चमके हैं, जिनके हुनरमंद खेलों ने एक ही दिन में 3 स्वर्ण पदक समेत 15 पदकों से भारत की झोली भर दी है। सबसे पहले अविनाश साबले का चेहरा आंखों के सामने तैरता है। उन्होंने 3000 मीटर की 'लंबी बाधा दौड़' को सिर्फ 8 मिनट 19.50 सेकंड में पूरा कर इतिहास रच दिया। वह इस खेल के प्रथम स्वर्ण पदक विजेता पुरुष खिलाड़ी हैं। कभी 2010 में सुधा सिंह ने ग्वांग्झू एशियाई खेलों में महिलाओं की इसी स्पर्धा का स्वर्ण पदक हासिल किया था। इनके अलावा, इस खेल में अभी तक भारत की उपलब्धियां 'शून्य' रही हैं। साबले ने 2015 में 'बाधा दौड़' का खेल शुरू किया और सिर्फ 8 सालों के अंतराल में ही आज वह 'राष्ट्रमंडल खेलों' और 'एशियाई गेम्स' के चैम्पियन खिलाड़ी हैं। वह विश्व स्तरीय धावक भी बन गए हैं। बीते साल ही राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीत कर साबले ने बड़े देशों को स्तब्ध कर दिया था। अब एशियाई खेलों में दो जापानी खिलाडियों को पछाड़ कर साबले विजेता बने हैं। देश को ऐसे गौरव और हुनर पर नाज है। अब साबले को पेरिस ओलंपिक, 2024 का भी टिकट मिल चुका है। साबले के बाद उन निशानेबाजों की प्रतिभा और उनके सार्थक, कड़े परिश्रम को भी सलाम करना चाहते हैं, जिन्होंने 7 स्वर्ण, 9 रजत और 6 कांस्य, यानी कुल 22 पदक जीत कर एशियाई कीर्तिमान स्थापित किया है। रविवार को भारतीय तिकड़ी-पृथ्वीराज, जोरावर, चेनाई-ने 'पीले तमगे' पर निशाना साधा था। निशानेबाजी में देश की बेटियां भी शामिल हैं, जिन्होंने गले में 'स्वर्ण पदक' पहने। हम उनकी चर्चा कर चुके हैं। साबले की ही तरह मुरली श्रीशंकर ने 'लंबी कूद' में 8.19 मीटर की छलांग लगा कर भारत के लिए 'चांदी' कूटी। वह भी साबले की ही तरह 'गुदड़ी के लाल' हैं और बड़ी गरीब पारिवारिक पृष्ठभूमि से आते हैं। ऐसे खिलाड़ी वाकई देश के 'योद्धाई राजनयिक' हैं। बेशक तेजिंदरपाल सिंह तूर 'गोला फेंक' खेल के एशियाई और रिकॉर्डधारी चैम्पियन हैं। इस बार खेल में पिछड़ते हुए उन्होंने न केवल इस स्पर्धा का 'स्वर्ण पदक' जीता, बल्कि 20.36 मीटर दूर गोला फेंक कर सभी प्रतिद्वंद्वियों को भी चौंका दिया। इसी तरह के खेल 'चक्का फेंक' में 40 वर्षीय सीमा पूनिया ने लगातार तीसरे पदक के तौर पर कांस्य पदक जीत कर घोषित कर दिया कि फिलहाल वह भारत को पराजित नहीं होने देंगी। महिलाओं में हरमिलन बैंस ने 1500 मीटर दौड़, ज्योति याराजी ने 100 मीटर बाधा दौड़ और अजय कुमार सरोज ने पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में 'रजत पदक' पहने। हालांकि ज्योति के संदर्भ में चीन ने कुछ गड़बड़ी करने की नाकाम कोशिश की, लेकिन न्याय ने भारत के हिस्से पदक दर्ज किया। कांस्य का रंग बदल कर रजत कर दिया गया। ये सभी खिलाड़ी भारत के लिए 'गुदड़ी के लाल' हैं, लिहाजा अद्भुत और अनोखे हैं। इन्होंने देश की आन, बान, शान को ज्यादा बुलंदियां दी हैं। एशियाई खेलों में ही गोल्फर अदिति अशोक का जिक्र बेहद जरूरी है। इन खेलों में रजत पदक जीतने वाली अदिति प्रथम एवं इकलौती भारतीय गोल्फर हैं। उन्होंने 21 लंबे सालों के बाद गोल्फ की व्यक्तिगत स्पर्धा में भारत को कोई पदक जिताया है। करीब 37 लंबे सालों के बाद भारत ने बैडमिंटन पुरुष टीम का रजत पदक भी जीता है। एशिया में ही चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया सरीखे देशों की छाया और ताकतवर खेल में भारत का बैडमिंटन खेल कभी उबर ही नहीं पाया। आज एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, चिराग-सात्विक विश्व के वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। 'गुदड़ी के लाल' वाली सूची में कुछ और नाम छूट सकते हैं, क्योंकि जगह सीमित है। ये लाल प्रेरित करते हैं।


बीते साल ही राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीत कर साबले ने बड़े देशों को स्तब्ध कर दिया था। अब एशियाई खेलों में दो जापानी खिलाडियों को पछाड़ कर साबले विजेता बने हैं। देश को ऐसे गौरव और हुनर पर नाज है। अब साबले को पेरिस ओलंपिक, 2024 का भी टिकट मिल चुका है। साबले के बाद उन निशानेबाजों की प्रतिभा और उनके सार्थक, कड़े परिश्रम को भी सलाम करना चाहते हैं, जिन्होंने 7 स्वर्ण, 9 रजत और 6 कांस्य, यानी कुल 22 पदक जीत कर एशियाई कीर्तिमान स्थापित किया है। रविवार को भारतीय तिकड़ी-पृथ्वीराज, जोरावर, चेनाई-ने 'पीले तमगे' पर निशाना साधा था। निशानेबाजी में देश की बेटियां भी शामिल हैं, जिन्होंने गले में 'स्वर्ण पदक' पहने। हम उनकी चर्चा कर चुके हैं। साबले की ही तरह मुरली श्रीशंकर ने 'लंबी कूद' में 8.19 मीटर की छलांग लगा कर भारत के लिए 'चांदी' कूटी। वह भी साबले की ही तरह 'गुदड़ी के लाल' हैं और बड़ी गरीब पारिवारिक पृष्ठभूमि से आते हैं। ऐसे खिलाड़ी वाकई देश के 'योद्धाई राजनयिक' हैं। बेशक तेजिंदरपाल सिंह तूर 'गोला फेंक' खेल के एशियाई और रिकॉर्डधारी चैम्पियन हैं। इस बार खेल में पिछड़ते हुए उन्होंने न केवल इस स्पर्धा का 'स्वर्ण पदक' जीता, बल्कि 20.36 मीटर दूर गोला फेंक कर सभी प्रतिद्वंद्वियों को भी चौंका दिया। इसी तरह के खेल 'चक्का फेंक' में 40 वर्षीय सीमा पूनिया ने लगातार तीसरे पदक के तौर पर कांस्य पदक जीत कर घोषित कर दिया कि फिलहाल वह भारत को पराजित नहीं होने देंगी। महिलाओं में हरमिलन बैंस ने 1500 मीटर दौड़, ज्योति याराजी ने 100 मीटर बाधा दौड़ और अजय कुमार सरोज ने पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में 'रजत पदक' पहने।


## कुछ अलग

# हिमाचल में वर्ल्ड कप ट्रॉफी

**क्रिकेट** के विश्व कप में हिमाचल के पांव कितना चलते हैं, यह देखने भले ही पर्यटक धर्मशाला के पांच मैचों की फेहरिस्त में मनोरंजन खोजने आ रहे हैं, लेकिन हिमाचल का पर्यटन इससे क्या हासिल करना चाहता है। यह तैयारियों की लेटलतीफी और पर्यटन नेतृत्व की कमजोरी मानी जाएगी कि जब सुक्खू सरकार कांगड़ा को टूरिस्ट कैपिटल का तमगा पहना रही है, तो यह इवेंट यूं ही कहीं संभावनाओं के किनारों से न गुजर जाए। वर्ल्ड कप के एक साथ पांच मैचों का आयोजन प्रदेश के पर्यटन ध्रुव पर उम्मीदों का सवेरा कर रहा है। आपदा से ग्रस्त प्रदेश को मदद के बजाय तोहमतें मिलीं नतीजतन तौबा करने वालों ने पर्यटन का एक बड़ा सूखा लिख दिया। ऐसे में क्रिकेट वर्ल्ड कप सिर्फ एक बहार लेकर नहीं आ रहा, बल्कि हिमाचल के पर्यटन के लिए सशक्त प्रचार भी कर रहा है। हिमाचल अपनी रूह में फिर से प्रकृति की बुलंदी लेकर तैयार हो रहा है, तो क्रिकेट मैचों के जरिए खेल पर्यटन को नया नाम, नया मुकाम दे रहा है। अगर वर्ल्ड कप की श्रृंखला के लिए धर्मशाला में घूमती ट्रॉफी एक गौरव है, तो इन मैचों के जिक्र में देश के आंकड़े व क्रिकेट की परंपराओं से जुड़े बड़े शहरों के साथ इसका भी नाम हो रहा है। आश्चर्य यह कि हर बार अंतरराष्ट्रीय मैच यूं ही निकल जाते हैं एक अफसाना बन कर और यह प्रदेश पर्यटन के इस मजमून को गंवा देता है अनजान बनकर। करीब दो दशकों से अस्तित्व की पैमाइश करता धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम अपनी खूबियों का पुष्पहार हिमाचल को पहनाता है, लेकिन ये फूल कभी पौधे नहीं बने। बेशक इस शहर ने खेल महाकुंभों के मुताबिक खुद को ढाल लिया, लेकिन स्मार्ट सिटी की परियोजनाएं यह भी नहीं समझ पाईं कि शहर की आर्थिक तकदीर को कैसे क्रिकेट सेतु के जरिए मुकम्मल किया जाए। स्टेडियम के आसपास महापार्किंग, पर्यटक मनोरंजन केंद्र तथा पर्यटन मार्किट का ही विकास कर दें, तो एक मॉडल खुद ब खुद बन जाएगा। जिस स्थान को कभी पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने खेल नगरी कहा या वर्तमान सुक्खू सरकार यहीं अगर पर्यटन राजधानी के चिन्ह ढूंढ रही है, तो इवेंट शहर की तर्ज पर इस एहसास को बढ़ावा देना होगा। प्रदेश की उपराजधानी, खेल नगरी, पर्यटन राजधानी, तिब्बत की निर्वासित सरकार की राजधानी और क्रिकेट का मक्का बनी यह नगरी, सारे हिमाचल को प्रचार व आर्थिक आधार दे सकती है, बशर्ते इस मुकाम को एक नया नाम दिया जाए। इस बार भी खेल प्रेमी आएंगे बहुत। विभिन्न प्रवेश द्वारों से आएंगे, लेकिन क्या हम उन्हें एक दिन में ही निपटा कर लौटा देंगे।

### अमरीकी राष्ट्रपति और अमरीकी संसद के बीच भी कई बार खींचतान का माहौल दिखाई दिया

# अमरीका के डाउनग्रेड होने के निहितार्थ

अश्विनी महाजन


गौरतलब है कि 12 साल पहले अगस्त 5, 2011 को स्टैण्डर्ड एंड पुअर्स नाम की रेटिंग एजेंसी ने अमरीका की रेटिंग को इसी प्रकार घटाया था। यह पहली बार हुआ था कि अमरीकी फेडरल सरकार को एएए से नीचे की रेटिंग दी गई थी। उस समय अमरीकी कांग्रेस द्वारा कर्ज की सीमा को बढ़ाने के चार दिन के बाद ही रेटिंग में यह गिरावट आई थी। हालांकि फिच एवं मुडीज नाम की रेटिंग एजेंसियों ने उस समय अपनी रेटिंग नहीं गिराई थी। 2011 के बाद अमरीकी सरकार की रेटिंग एएए बनी रही...


**अगस्त** 1, 2023 को फिच नाम की अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी ने संयुक्त राज्य अमरीका की दीर्घकालीन विदेशी मुद्रा जारीकर्ता डिफॉल्ट रेटिंग (आईडीआर) को एएए से घटाकर एए प्लस कर दिया है। गौरतलब है कि पिछले सालों में अमरीकी सरकार द्वारा बार-बार ऋण सीमा गतिरोध उत्पन्न होने पर अंतिम समय में अमरीकी संसद ने ऋण सीमा बढ़ाकर उसका समाधान दिया। पिछले सालों में ऐसे कई मौके आए जब अमरीकी प्रशासन इस कारण से ठप्प यानी 'शटडाऊन' हो गया, क्योंकि अमरीकी प्रशासन के पास अपने रोजमर्रा के खर्च करने के लिए राशि नहीं बची थी। ऐसे में अमरीकी राष्ट्रपति और अमरीकी संसद के बीच भी कई बार खींचतान का माहौल दिखाई दिया। यह इस बात का द्योतक है कि अमरीका की राजकोषीय स्थिति बहुत अच्छी नहीं है और सरकार को बार-बार अमरीकी संसद से गुहार लगानी पड़ती है ताकि उसके उधार की सीमा बढ़ाई जा सके। फिच द्वारा अमरीकी रेटिंग कम करने के कारणों में बताया गया है कि अगले तीन सालों में अमरीका की राजकोषीय स्थिति और अधिक बिगड़ेगी और सरकार पर कर्ज का बोझ और बढ़ेगा। फिच रेटिंग एजेंसी का कहना है कि राजकोष और कर्ज संबंधी मामलों में पिछले 20 सालों में अमरीकी सरकार के मानकों में निरंतर गिरावट आई है। चूंकि बार-बार ऋण सीमा को लेकर राजनीतिक गतिरोध देखने को मिला है, जिसके कारण राजकोषीय प्रबंधन में विश्वसनीयता कम हुई है। अन्य अमरीका सरीखे देशों के मुकाबले सरकार के पास मध्यमकालीन राजकोषीय फ्रेमवर्क (कार्य योजना) की भी कमी है। फिच का यह भी कहना है कि अनेकानेक आर्थिक झटकों और कर कटौतियों और नए खर्चों की पहल के चलते अमरीकी सरकार पर कर्ज पिछले दशक में बहुत बढ़ गया है। अमरीका में बुजुर्गों की लगातार बढ़ती संख्या के चलते सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य (मेडिकेयर) पर खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है और उससे निपटने के लिए विशेष प्रयास दिखाई नहीं दे रहे हैं। वर्ष 2022 में सामान्य सरकार का घाटा जीडीपी के 3.7 प्रतिशत के बराबर था, जो 2023 में बढ़कर 6.3 प्रतिशत तक पहुंचने की अपेक्षा है। राज्यों और स्थानीय सरकारों पर भी कर्ज बढ़ रहा है। राजकोषीय दायित्व कानून के कारण जो थोड़ा-बहुत सुधार हुआ है, वो भी अत्यंत अपर्याप्त है और वर्ष 2024 के चुनावों तक कोई विशेष राजकोषीय समेकन के प्रयास होने की भी बहुत कम संभावना है। गौरतलब है कि 12 साल पहले अगस्त 5, 2011 को स्टैण्डर्ड एंड पुअर्स नाम की रेटिंग एजेंसी ने अमरीका की



रेटिंग को इसी प्रकार घटाया था। यह पहली बार हुआ था कि अमरीकी फेडरल सरकार को एएए से नीचे की रेटिंग दी गई थी। उस समय अमरीकी कांग्रेस द्वारा कर्ज की सीमा को बढ़ाने के चार दिन के बाद ही रेटिंग में यह गिरावट आई थी। हालांकि फिच एवं मुडीज नाम की रेटिंग एजेंसियों ने उस समय अपनी रेटिंग नहीं गिराई थी। 2011 के बाद अमरीकी सरकार की रेटिंग एएए बनी रही और इसके बाद फिच द्वारा पहली बार अमरीकी फेडरल सरकार की रेटिंग को घटाया गया है। इस बीच हम देख रहे हैं कि एक अन्य रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कई अमेरिकी बैंकों की रेटिंग घटा दी है। एजेंसी ने 10 छोटे और मध्यम आकार के बैंकों की क्रेडिट रेटिंग में कटौती की है और 6 बड़े ऋणदाताओं को भविष्य में रेटिंग में गिरावट के लिए नोटिस पर रखा गया है। इस कार्रवाई का कारण फंडिंग लागत में वृद्धि (जिसका अर्थ है कि ब्याज दरों में वृद्धि) और लाभप्रदता का दबाव है। रेटिंग में गिरावट : अमरीका आर्थिक दृष्टि से दुनिया का सबसे समृद्ध देश तो है ही, उसकी अर्थव्यवस्था का व्याप भी अत्यंत विस्तृत एवं विविधता से भरा हुआ है। वहां का व्यावसायिक परिवेश भी अत्यंत गतिशील है। ऐसी संरचनात्मक शक्ति रखने वाले अमरीका की करैंसी डॉलर दुनिया की सबसे अधिक लोकप्रिय रिजर्व करैंसी है। दुनिया के देश अपने विदेशी मुद्रा भंडारों को अभी भी डॉलरों में ही रखना चाहते हैं। इन सब खूबियों के साथ रेटिंग के घटने के बावजूद ऐसी स्थिति नहीं लगती कि अमरीका अपने उधारों को चुकाने में किसी कोताही का शिकार बनेगा। अभी भी दुनिया का विश्वास अमरीका में बदस्तूर जारी है, लेकिन फिर भी यह समझने की जरूरत है कि अमरीका की रेटिंग के घटने का अमरीकी अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। किसी भी देश की रेटिंग घटने का सबसे पहला असर ब्याज दरों पर पड़ता है। डाउनग्रेड से घरेलू स्तर पर ब्याज दरों में वृद्धि होने की संभावना है, क्योंकि निवेशक अमेरिकी ऋण के लिए उच्च जोखिम प्रीमियम की मांग करेंगे। इससे सरकार के लिए पैसा उधार लेना अधिक महंगा हो जाएगा, जिससे खर्च में कटौती या कर में वृद्धि हो सकती है। अमेरिकी सरकार को अब उधार लेने के लिए पहले की तुलना में अधिक ब्याज दर का भुगतान करना होगा। दूसरे, यह महत्वपूर्ण है कि अमेरिकी सरकार द्वारा जारी ऋणों पर ब्याज दरें एक वैश्विक बेंचमार्क प्रदान करती हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि अमेरिकी सरकार द्वारा जारी ऋण को दुनिया में सबसे सुरक्षित ऋणों में से एक माना जाता है। ऐसे में अगर सबसे सुरक्षित लोन पर भी अब ब्याज दरें ऊंची होंगी तो फिच की इस डाउनग्रेडिंग के बाद वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी देखी जा सकती है, या किसी अन्य देश द्वारा उधार लेने पर ब्याज दरें अब बेंचमार्क बन जाएंगी। लेकिन इसकी संभावना बहुत कम है, क्योंकि अमेरिका दुनिया में सबसे बड़ा एकल कर्जदार है। तीसरा, इससे डॉलर के मूल्य में भी गिरावट आ सकती है जिससे आयात अधिक महंगा हो जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रेटिंग में गिरावट निवेश के लिए सुरक्षित आश्रय के रूप में अमेरिका की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाएगी। इससे पूंजी का बहिप्रवाह हो सकता है क्योंकि निवेशक उच्च क्रेडिट रेटिंग वाले देशों में अपना पैसा लगाना चाहते हैं। इससे अमेरिका के लिए विदेशी सरकारों और संस्थानों से पैसा उधार लेना और भी मुश्किल हो सकता है। चौथा, डाउनग्रेड का अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इससे उपभोक्ता विश्वास में गिरावट आ सकती है, जिससे खर्च कम हो जाएगा। इससे व्यावसायिक निवेश में भी गिरावट आ सकती है, क्योंकि व्यवसाय भविष्य के बारे में अधिक अनिश्चित हो जाते हैं। इससे मंदी आ सकती है। पांचवें, आम आदमी को अपनी ईएमआई का भुगतान करना मुश्किल हो जाएगा, क्योंकि घर के मालिकों या वाहन मालिकों के लिए बंधक (लीजिंग) समायोज्य ब्याज दर के साथ उनकी ब्याज दरें बढ़ सकती हैं, जिससे उनके मासिक भुगतान को वहन करना अधिक कठिन हो सकता है। छठा, जैसा कि हम देखते हैं कि एक अन्य रेटिंग एजेंसी मूडीज अतीत में ब्याज दरों में वृद्धि के कारण बैंकों और अन्य ऋण देने वाली संस्थाओं को डाउनग्रेड कर रही है, और फिच द्वारा इस अमरीका के क्रेडिट डाउनग्रेड के फलस्वरूप, ब्याज दरों में वृद्धि इन ऋण देने वाले संस्थानों के लिए स्थिति और भी खराब कर सकती है। यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिकी प्रशासन इस डाउनग्रेड के प्रभाव से कैसे निपट पाएगा।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## संयुक्त मोर्चा अरगड्डा को कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठक करने से प्रबंधन ने रोका, रोष व्याप्त

### रेस्ट हाउस में रहने वाले अधिकारियों को तुरंत कमरा आवंटित करें प्रबंधन : यूनियन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के सिरका कोलयरी कार्यालय में छापामारी के बाद दूसरे दिन संयुक्त मोर्चा के नेताओ ने अरगड्डा कॉन्फ्रेंस हॉल( आशियाना क्लब) में बैठक करने के लिए पहुंचे। लेकिन अरगड्डा प्रबंधन ने उन्हें कॉन्फ्रेंस हॉल में बैठक करने से रोक दिया। जिससे ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों में आक्रोश व्याप्त हो गया। प्रबंधन के इस रवैया से नाराज होकर सभी यूनियन नेताओं ने इसका विरोध किया। साथ ही अरगड्डा एसओपी( अमला अधिकारी) एम.एफ. हक को इस संबंध में मांग पत्र सौपा हैं। इसमें कहा है कि प्रबंधन में गैर जिम्मेदाराना रवैया से ट्रेड यूनियन नेताओं को कोलयरी क्षेत्र में गतिविधियों को लेकर बैठक से रोका गया हैं। जो प्रबंधन के असली चेहरे को बेनक़ाब करता हैं। मांग पत्र में प्रबंधन ने अरगड्डा गेस्ट हाउस में रह रहे अधिकारियों को तुरंत क्वार्टर आवंटित करने, साथ ही प्रबंधन के अधिकारियों का जितना अधिकार कंपनी के गेस्ट हाउस (कॉन्फ्रेंस हॉल) पर बनता हैं। उतना ही अधिकार यूनियन प्रतिनिधियों का हैं। ऐसी प्रमुख बातें कही हैं। इसके अलावे दुख प्रकट करते हुए आक्रोश जताया हैं। ट्रेड यूनियन नेताओं ने प्रबंधन के



अधिकारियों से दो टूक कहां है कि यदि कंपनी के रेस्ट हाउस में अधिकारीगण बैठक करेंगे, रहेंगे तो इसका जोरदार विरोध किया जाएगा। यदि प्रबंधन इस पर सकारात्मक पहल नहीं करता हैं, तो लगातार आंदोलन का रुख अख्तियार किया जाएगा। जिसकी जवाब देही प्रबंधन की होगी। मांग पत्र व विरोध प्रकट करने वाले प्रतिनिधियों में मुख्य श्रमिक नेता मिथिलेश सिंह, बैजनाथ मिस्त्री, गौतम बनर्जी, रंजीत पांडे, पुरुषोत्तम पांडे, अरुण सिंह, सुशील कुमार सिंह, धनेश्वर तुरी, तिवारी महतो, दीपक कुमार, मुस्तफा खान, कमरुद्दीन खान, बिजेंद्र प्रसाद, देवनाथ महली, गुड्डू यादव, चंदन सिंह, अजय सिंह, सांवरमल शर्मा, मनोज गोप, जगदीश चंद्र, वंशी समेत कई मौजूद थे।

## अरगड्डा संयुक्त ट्रेड यूनियन तीन दिवसीय हड़ताल को लेकर 6 स्थलों पर करेगा पिट मीटिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा क्षेत्र के संयुक्त ट्रेड यूनियन के नेताओं ने गुरुवार को कोल इंडिया में आगामी तीन दिवसीय हड़ताल को लेकर जीएम ऑफिस कैंटीन के प्रांगण में बैठक आयोजित किया। जिसमें आगे 12 से 14 अक्टूबर 23 के कोल हड़ताल को सफल बनाने के लिए विचार रखें। नेताओं ने अपनी बातों को रखते हुए प्रस्तावित हड़ताल को सफल बनाने के लिए अरगड्डा क्षेत्र के कोलयरियो के 6 स्थलों पर पिट मीटिंग आयोजित करने का निर्णय लिया। जिसमें कल 6 अक्टूबर को सुबह 7 बजे सिरका पीओ ऑफिस, 7 अक्टूबर को सुबह 8 बजे रेलीगढ़ा एक्सवेशन, 8 अक्टूबर को सुबह आठ बजे गिद्दी सी वर्कशॉप, 9 अक्टूबर को गिद्दी ए एक्सवेशन सुबह 8 बजे और 10 अक्टूबर को जीएम ऑफिस अरगड्डा सुबह 10 बजे व क्षेत्रीय एकाउंट ऑफिस में 11 बजे मीटिंग का निर्णय लिया। वक्ताओं ने कहा कि पिट मीटिंग के माध्यम से कामगारों को अवगत कराया जाएगा कि, कोल इंडिया प्रबंधन एंव केन्द्र सरकार के द्वारा किस प्रकार मजदूरों के अधिकारों का हनन और नियमों को ताक पर रखकर शोषण करने की योजना बन रही हैं।

## भारत विकास परिषद का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आठ अक्टूबर को चितरपुर में

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**रामगढ़ :** भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के सानिध्य मे आगामी आठ अक्टूबर रविवार को अजय ग्रीन गणेशा कंपलेक्स चितरपुर के प्रांगण में निशुल्क हृदय रोग एवं दांत जा शिविर का आयोजन किया गया है। रांची के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर महेश कुशवाहा के नेतृत्व में निशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रामगढ़ के प्रख्यात दंत चिकित्सा डॉक्टर आलोक रतन चौधरी के नेतृत्व में निशुल्क दंत शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के अध्यक्ष अमित साहू ने बताया कि आठ अक्टूबर को प्रातः दस बजे से निशुल्क जांच शिविर का भव्य उद्घाटन भारत विकास परिषद के पदाधिकारी एवं समाजसेवियों के द्वारा किया जाएगा।

## कोयला क्षेत्र सिरका में सीबीआई छापामारी से अरगड्डा एरिया अधिकारियों में मचा है हड़कंप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा कोयला क्षेत्र के कोलयरी सिरका परियोजना कार्यालय बिल आंफिस में सीबीआई/ एसीबी के छापामारी के बाद कलर्क संदीप कुमार के गिरफ्तारी से एरिया के पर्सनल विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ हैं। सोच में है कि किसके गले में जांच का फंदा फंसेगा। इसे लेकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की चिंता बढ़ी हुई हैं। सिरका पर्सनल विभाग का कार्यालय सुनसान पड़ा हैं। गुरुवार को अरगड्डा क्षेत्र के एसओपी ने विभिन्न कोलियरियों के पर्सनल अधिकारियों के साथ अपने कक्ष में बैठक की। इधर मीडिया के सवालों से भी एसओपी साहब अपने जवाबदेही को छोड़ विभागीय कार्रवाई का हवाला देते रहें। सूत्र बताते हैं कि सिरका से 30 हजार के घूसखोरी मामले में कलर्क संदीप के पकड़ाने के बाद कई नामो से पर्दा उठ सकता हैं। जिसमें मुख्तः स्क्रीन कमेटी भी जांच के घेरे में एजेंसियों की नजर में हैं। इसे देखते हुए अरगड्डा क्षेत्र पर्सनल विभाग पूरे एरिया में कुर्सी ट्रांसफर के लिए योजना भी बना रही हैं। बताया जाता है कि सिरका कार्यालय से बीते बुधवार दोपहर 12 बजे के बाद 4 घंटे से भी अधिक समय सीबीआई/ एसीबी की टीम ने कागजों को खंगाला था।

## उपायुक्त ने जागरूकता रथ-सह-सीएससी मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय परिसर से सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जागरूकता रथ-सह-सीएससी मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह सीएससी मोबाइल वैन सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जिलें के सभी पंचायतों में घूम-घूम कर लोगों तक पहुंचाने का कार्य करेगी। साथ ही लोगों द्वारा योजनाओं के लाभ लेने में आ रही समस्याओं का भी निराकरण करने का काम करेगी। इस वैन के द्वारा आम लोगों सरकार की महत्वकांक्षी योजना जैसे आयुष्मान भारत, ई-श्रम, पीएम किसान, झारखंड राज्य कृषि ऋण माफी योजना, झारखंड फसल राहत योजना, सुकन्या योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ योजनाओं में आ रही समस्याओं का निराकरण भी ऑन द स्पॉट करा सकेंगे। मौके पर मुख्य रूप से जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी वीरेंद्र प्रसाद, एसएमपीओ विक्रम सोनी, सीएससी हेड अनूप बेनर्जी, सीएससी मैनेजर राजकुमार,आदि थे ।

## मुसलाधार बारिश के कारण गरीब का आशियाना ढहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**उरीमारी :** उरीमारी सहित पुरे कोयलांचल मे बिते एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश ने मानव जीवन मे जैसे विराम लगा दिया हो,वही इस बरसात मे जहा पशु पक्षी भी अपने अशियान मे रहने के मोहताज हो गये है। नदी नाला डैम सभी के जलस्तर बढ गये है। वही इस जलस्तर के बढने से ग्रामिणो को गर्मी के दिनो मे पिने के पानी कि किल्लत नही होगी।तो वही दुसरी ओर उरीमारी के वार्ड एक के दिया टोला में एक गरीब शंकर करमाली पिता रामधन करमाली का मिट्टी का बना अशियाना लगातार हो रही बारिश के कारण ढह गया। वही यह घटना गुरूवार को सुबह पांच बजे घटी। इस घटना मे नीमत की बात यह रही की घर के सभी सदस्य घर से बाहर निकले हुए थे।अन्यथा बडी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है।वही इस घर मे शंकर करमाली के साथ नौ सदस्य जिनमे जिरवा देवी,संतोष करमाली, शान्ति सुमिता सलसो,अजय करमाली, रंजन करमाली सृष्टि कुमारी, सरोज कुमारी, दिप्ती कुमारी इस घर मे साथ रहते थे।

## श्रीराम रथ का रामगढ़ जिले में जगह जगह हुआ भव्य स्वागत

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अयोध्या में बन रहें भव्य श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त राष्ट्रव्यापी शौर्य जागरण यात्रा रथ का गुरुवार को रामगढ़ जिले में आगमन हुआ। रथ की अगवानी कर रहें मोटरसाइकल सवार सैकड़ों रामभक्तों के जयघोष से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। फूल अक्षत और धूप जलाकर श्रद्धापूर्वक श्रीराम मंदिर के प्रतीक चिन्हों से सुसज्जित रथ भव्य स्वागत स्थानीय महिला पुरुषों ने किया । कुजू, नायामोर , होते हुए रथ सांडी पहुंची जहां जीवन रेखा अस्पताल के समीप स्कूली बच्चों के द्वारा आरती कर रथ का भव्य स्वागत किया गया साथ हीं यात्रा में साथ चल रहे श्रद्धालुओं के बीच अस्पताल प्रबंधक द्वारा चाय शरबत वितरण किया गया। रथ के मरार सीएन कॉलेज रोड स्थित हनुमान मंदिर पहुंचने पर वहां विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति सह संयोजिका सह शिक्षिका सिंधु झा के नेतृत्व ने दर्जनों महिलाओं ने रथ का दीप जलाकर एवं माल्यार्पण कर स्वगतोपरांत रथ को आगे विदा किया गया जिसका एक बार फिर नई सराय स्थित महावीर मंदिर के पास सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भव्य तरीके से स्वागत किया।


## तोपा खुली खदान के एक छोर पर अवैध कोयला उत्खनन स्थल पर लगी आग, आग पर काबू पाने में जूटा प्रबंधन

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तोपा खुली खदान से सटे हो रहे अवैध कोयला खनन स्थल में आग लग गई है।इस कारण खुली खदान में आग के पहुंचने की संभावना बढ गई है।इसे लेकर परियोजना प्रबंधन की सक्रियता बढ़ गई है। प्रबंधन आग पर काबू पाने में जूटी है। अगलगी स्थल पर परियोजना प्रबंधन द्वारा मिट्टी-पत्थर डालकर नियंत्रित करने का नाकाफी प्रयास किया गया। बाद में फारेस्ट क्लीयरेंस मिलने के साथ डिग आउट की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। प्रबंधन शावेल व डोज़र मशीन के माध्यम से अगलगी स्थल को कोयले की सीम से अलग करने में जुटा है। वहीं ड्रील कर आग के प्रसार का आकलन करते हुए ब्लास्टिंग कर प्रभावित कोयले की सीम को हटाने की कोशिश की जा रही है। फ़िलहाल भी कई स्थानों से आग की लपटें व धुएं का गुब्बार निकल रहा है। परियोजना प्रबंधन आग पर पूर्णतः काबू पाने के भरपूर प्रयास में लगा है।



संक्षिप्त खबरें

## मुसलाधार बारिश से गिरा घर, मुआवजे की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेतला :** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के कुटमू निवासी मुन्नी बीबी पोखरी कलां मेन रोड़ पीसीसी सड़क किनारे टाटा कुप के पास स्थित खपरैल का मकान लगातार मुसलाधार बारिश के कारण घर गिर गया है। जिससे अब घर में रहने लायक नहीं रह गया है। पुरी तरह से घर क्षतिग्रस्त हो गया है।इधर पीड़ित महिला मुन्नी बीबी ने कहां कि मेरे घर लगातार मुसलाधार बारिस के कारण गिर कर क्षतिग्रस्त हो गया है।इधर पीड़ित परिवार के लोगों ने बरवाडीह प्रखंड प्रशासन से मुवाबजे की गुहार लगाई है। ताकि क्षति पुर्ती मिल जाने से घर का मरम्मत करा कर रहने लायक बनाया जा सके।

# कृषि मंत्री बादल पत्रलेख का मनिका में किया गया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मनिका :** झारखंड के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख का मनिका के कार्तिक उरांव पुस्तकालय भवन के समीप कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं छात्राओं ने बुके देकर स्वागत किया। वहीं मंत्री बादल पत्र लेख कार्तिक उरांव पुस्तकालय भवन में निशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे शिक्षक संदीप पासवान को बधाई दी मंत्री बादल पत्रलेख शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए कामना किया मौके पर उपस्थित कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने मंत्री बादल पत्रलेख से तीन मांगे की प्रथम कार्तिक उराँव पुस्तकालय भवन की जमीन की नापी की जाए ताकि कार्तिक उरांव पुस्तकालय भवन का चार दिवारी का कार्य आरंभ हो सके दूसरा पलामू प्रमंडल सुखार से ग्रसित है जिसे लेकर किसानों को



राहत पहुचाया जाए तीसरा जो नेशनल हाईवे सड़क का निर्माण जारी है जिसमें कई जमीन मालिक का जमीन जा रही है उसकी जमीन का पैसा कार्य होने से पूर्व जमीन मालिक को मुहैया कराया जाए वही मंत्री बादल पत्रलेख ने आश्वासन दिए की इसके विषय में हम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात करेंगे और आपकी तीनों समस्या का समाधान करने का हम जल्द से जल्द प्रयास करेंगे मौके पर प्रखंड विशुत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान मिथिलेश पासवान नंदकिशोर यादव संदीप पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे।

# बरवाडीह में झामुमो का हुआ संगठन विस्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** झारखंड की बड़ी पार्टी झामुमो का बरवाडीह प्रखंड में भी संगठन की मजबूती का दायरा बढ़ता जा रहा है। जहां पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष की कड़ी मेहनत और प्रयास से प्रखंड के पंचायतों में संगठन का विस्तार किया जा रहा है। जहां पंचायत खुरा, बरवाडीह के साथ पंचायत छेंचा में गुरुवार को पंचायत कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष के रूप में संदीप कुमार रजक, सचिव सलाउद्दीन खां उपाध्यक्ष सागर पासवान, उमेश सिंह वहीं सदस्य के रूप में पूनम देवी, अनिल सिंह, पुष्पा देवी समेत अन्य लोगों को शामिल किया गया। मौके पर प्रखंड सचिव बाबू राम सिंह जयपाल प्रसाद, बबली देवी, देवमनियां देवी, शोभा देवी, संजय राम, अनुरोध बैठा, सोनू राम, प्रमोद रजक, विजय बैठा, लालो बैठा समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## पंचायत समिति की हुई बैठक प्रखंड स्तरीय कमेटी का किया गया गठन



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सचिवालय के अंतर्गत पंचायत समिति सदस्यों की बैठक बृहस्पतिवार को किया गया। बैठक प्रखंड प्रमुख अनीता यादव की अध्यक्षता में की गई। संचालन उप प्रमुख प्रीतम यादव ने किया।जहां प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति से प्रखंड अध्यक्ष गिद्धौर पंचायत समिति सरिता देवी को सचिव बारिसाखी पंचायत समिति प्रियांशु देवी को कोषाध्यक्ष रहमती प्रवीण को बनाया गया। मौके पर कामेश्वर भुइयां, गुड़िया देवी व सभी पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।

## निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त अबु इमरान ने आज निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों का जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी संतोष गुप्ता समेत अन्य कार्यालय कर्मी मौजूद रहे।

# जिला पर्यटन संवर्धन परिषद (समिति) साशी निकाय की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद (समिति) शासी निकाय की बैठक की गई। बैठक में जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार रॉय द्वारा चतरा जिला अंतर्गत अधिसूचित पर्यटक स्थलों के बारे में बताया गया कि इटखोरी मंदिर, कौलेश्वरी मंदिर, तमासीन जलप्रपात, बागेश्वरी मंदिर बलबल दुवारी, लक्ष्मणपुर भेड़ी फॉर्म डेम, गोवा जलप्रपात, खैवा - बनारू जलप्रपात, महादेव मठ पुराना राजा का किला अधिसूचित पर्यटक स्थलों में शामिल है।तमासीन जलप्रपात में पर्यटकों के लिए सुरक्षित क्षेत्र में सेल्फी प्वाइंट, रेलिंग, पर्यटक सेड और गोवा जलप्रपात में पर्यटक सेड,



पर्यटको के लिए पेय जल की व्यवस्था करने समेत कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। वहीं उक्त मौके पर वित्तीय वर्ष 2019 - 2020 में पर्यटन मद अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं के अध्तन स्थिति की भी बिंदवार समीक्षा की गई। बैठक में कई नए पर्यटक स्थल को अधिसूचित पर्यटक स्थल में शामिल करने हेतु प्रस्ताव रखा गया। उक्त बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, चतरा लोकसभा क्षेत्र सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, कार्यपालक दंडाधिकार सह विधि शाखा प्रभारी बिपिन कुमार दुबे समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# वीर शहीद की याद में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत की गई मिट्टी संग्रह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मनिका :** पूर्व क्षेत्र संस्कृति केंद्र ,कोलकाता संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित झारखंड के 100 गांव में अमृत कलश यात्रा के आज पहला दिन गुरुवार को मनिका प्रखंड के एजामार, पोखरी, नवाडीह कुटमू, गांव में मिट्टी संग्रह का अभियान चलाया गया लोक कलाकारों के द्वारा ग्रामीणों के मनोरंजन को लेकर गीत संगीत भी प्रस्तुत किए गए एवं घर-घर जाकर कलश में मिट्टी संग्रह किया गया और सामूहिक रूप से सभी ग्रामीण ने देश की सेवा करने को लेकर शपथ लिया लोक कलाकारों ने देशभक्ति गीत से पूरे गांव में देश भक्तिमय वातावरण बन गया ढोल नगाड़ों के साथ प्रभात



फेरी निकाली गई एवं सभी को इस अभियान में शामिल होने के निवेदन भी किया गया इन गांवो से कलश में मिट्टी भरकर इसे दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बन रहे अमृत वाटिका को विकसित करने के लिए भेजा जाएगा ।इस अमृत वाटिका पर देश के शहीदों का नाम नामांकित होगा। मौके पर विजय कुमार रवि, कुमार विशाल, प्रिंस राज, समृद्धि कुमारी, पूजा कुमारी चौहान ,अशोक कुमार मोर्या आदि भूमिका निभा रहे हैं।

## सीआरपीएफ ने प्रखंड कार्यालय में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया



**हंटरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड कार्यालय में सीआरपीएफ 190 बटालियन के द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का आयोजन सीआरपीएफ के कमांडेंट मनोज कुमार के निर्देश पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रखंड कार्यालय परिसर में तिरंगा यात्रा निकालकर घर-घर जाकर लोगों के घरों की मिट्टी कलश में एकत्रित किया गया। इस दौरान लोगों में देश प्रेम की भावना जगाने का काम सीआरपीएफ के पदाधिकारी और जवानों ने किया। इस मौके पर प्रमुख ममता कुमारी, समाजसेवी कमलेश कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण और सीआरपीएफ के जवान शामिल थे।

# कृषि मंत्री से टमाटर सोस युनिट लगाने की रखी मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड क्षेत्रके कांग्रेस युवा नेता लाल आशिस नाथ शाहदेव रांची पहुँच कर मंत्री आवास पर मंत्री बादल पत्रलेख से मुलाकात कर टमाटर की उपज को देखते हुए सोंस युनिट लगवाने के लिए हेतु मांग पत्र सौंपा।इस संबन्ध मे लिखित आवेदन के माध्यम स उन्हें अवगत कराया कि बारियातू पुरे क्षेत्र में किसानों द्वारा वर्षों से टमाटर की भारी मात्रा में उत्पादन किया जाता है जिसे विभिन्न राज्य बिहार बंगाल, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, युपी, दिल्ली सहित कई अन्य राज्यों में टमाटर व्यपारियों के माध्यम से औने पौने भाव में ले जाया जाता है।जिससे किसानों को खेती और मेहनत के अनुसार मजदुरी भी नहीं निकल पाता है। इसे देखते हुए उन्होंने मंत्री पत्रलेख से टमाटर सोस युनिट लगाने का मांग किया।

## उच्च न्यायालय/ मानवाधिकार(राष्ट्रीय एवं राज्य मानवाधिकार आयोग) एवं लोकायुक्त से संबंधित मामले की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त चतरा श्री अबु इमरान के निर्देशानुसार डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का की अध्यक्षता में माननीय उच्च न्यायालय/ मानवाधिकार (राष्ट्रीय एवं राज्य मानवाधिकार आयोग) एवं लोकायुक्त से संबंधित मामले में लंबित वादों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में माननीय उच्च न्यायालय झारखंड में जिले के वादों को ससमय निबटारा के लिए डीआरडीए निदेशक ने लंबित वादों की विभागवार व अंचलवार समीक्षा की। डीआरडीए निदेशक ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के मामलों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादन के कार्य में तेजी लाई जाये। न्यायालय के लंबित मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने गंभीर और जटिल मामलों को अविलंब निष्पादित करने की बात कही। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, कार्यपालक दंडाधिकार सह विधि शाखा प्रभारी बिपिन कुमार दुबे, अंचल अधिकारी समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सड़मा गौढ़ परिवार पीएम आवास से कोषों दूर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के सड़मा पगार गांव में दर्जनों गौढ़ परिवार मिट्टी के घर में प्लास्टिक ढंक सर छुपाने को मजबूर हैं। जबकि केंद्र सरकार द्वारा बार बार घोषणा किया जाता है कि कोई भी गरीब मिट्टी के घर में नहीं रहेगा। सभी का पक्का मकान दिया जाएगा। किन्तु सड़मा में दर्जनों गौढ़ परिवार गरीबी के कारण उन्हें आज तक पीएम आवास का नसीब नहीं हुआ है। हालांकि कई बार पंचायत चुनाव हो चुका है फिर भी अब तक किन्ही द्वारा ऐसे लोगों पर ध्यान नहीं गया। न्यूम गौढ़,अख्तर गौढ़,अशरफ गौढ़,सहाने गौढ़,सरफु गौढ़ ने बताया कि हम लोग अत्यधिक गरीब हैं किसी तरह मजदूरी कर अपना व अपना बच्चे का पेट पालते हैं कहां से पक्का मकान बना पाएंगे। हम लोगों से पीएम आवास के बदले रुपया मांगा जाता है तो हम लोग कहां से देंगे। यही कारण है कि अभी तक हम लोगों को पीएम आवास नहीं मिला है।

## खाद्यान्न वितरण गड़बड़ी में डीलर पर होगी कड़ी कार्रवाई : रशमी लकड़ा



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी का मामला लागातार सुनने को मिल रही है, कहीं कटौती कर वितरण की मामले आ रही है तो कहीं जनवितरण प्रणाली के दुकान संचालक के द्वारा कुछ महीने की खाधान्न गमन करने की मामले लागातार शामने आ रही है। यहां तक कि इसको लेकर लाभुक धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हैं।इस मामले में लातेहार जिला आपूर्ति पदाधिकारी रशमी लकड़ा ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों को बताया की सरकार के द्वारा कार्ड धारी को दी जाने वाली राशन अगर डीलर कम देती है.या किसी भी तरह कि शिकायतें मिलती है तो वैसे डीलर अब बक्से नहीं जाएंगे।वैसे डीलरों को निलंबन के साथ साथ उन पर कानूनी कार्रवाई भी किया जाएगा।

# एसपी को मिली गुप्त सूचना पर गिद्धौर से दो ब्राउन शुगर तस्कर गिरफ्तार, जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** एसपी राकेश रंजन की बेहतर पुलिस नेटवर्किंग का नतीजा है कि जिला के किसी न किसी थाने में रोज आए दिन अपराधी, तस्कर चोर और गैर कानूनी कामों में संलिप्त व्यक्ति सलाखों के पीछे भेजे जा रहे हैं। एसपी को ही मिली गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को दो ब्राउन शुगर तस्करों को पुलिस गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।इस बाबत सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने मीडिया को जानकारी साझा करते हुए बताया की दो व्यक्ति काला रंग के एसपी साइन मोटरसाईकिल से गिद्धौर से ब्राउन शुगर लेकर हजारीबाग की ओर जाने वाले हैं। इस सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई को लेकर एसडीपीओ सिमरिया के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। टीम के द्वारा ग्राम दतुआ जंगल चतरा-हजारीबाग मुख्य मार्ग पर एन्टी क्राइम चेंकिग लगाई गई। एन्टी क्राईम



चेंकिग के क्रम मे दो व्यक्ति को अवैध ब्राउन शुगर जिसका वजन करीब 18 ग्राम के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध मे गिद्धौर थाना कांड सं0- 70/23, धारा- 21/22/27/29 एनडीपी एस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार दोनो अभियुक्तो को जेल भेजा जा रहा है। शामिल अन्य लोगों के विरुद्ध गहन अनुसंधान व छापमारी की जा रही है। तस्करों के पास से अवैध ब्राउन शुगर जिसका वजन करीब 18 ग्राम, एक एसपी साइन मोटरसाईकिल न0- जेएच 02 बी-एच 6568, तीन अदद स्मार्ट फोन, नगद 2040 रु0जब्त किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति सौरभ कुमार दांगी, पिता- योगेन्द्र प्रसाद ग्राम चांपी थाना शेरघाटी जिला गया (बिहार) वर्तमान पता ग्राम- लोवागड्डा,कृष्णा कुमार दांगी पिता-अमेरिका दांगी, ग्राम- लोवागड्डा थाना सदर जिला चतरा का रहने वाला बताया जा रहा है। छापामारी दल में सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी, गिद्धौर थाना प्रभारी गुलाम सरवर, एसआई रामदेव वर्मा एवं थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# लोकपाल पहुंची गिद्धौर कई मनरेगा योजनाओं का किया जांच अधिकारी सहित मुखिया को लगाई फटकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर में जिला लोकपाल संध्या प्रधान एवं जिला समन्वयक पंकज गुप्ता बृहस्पतिवार को पहुंचे।एवं मनरेगा अधिकारियों से योजनाओं से संबंधित बैठक किया। और जानकारी लिया। उसके बाद बारियातू पंचायत सचिवालय पहुंचे। जहां घंटा इंतजार करने के बाद पंचायत सचिवालय खोला गया।एवं मुखिया विहीन में पंचायत सचिवालय में बैठक किया गया। वहां भी घंटों मुखिया का इंतजार किया गया। अंत में मुखिया पहुंचा। तब तक मनरेगा कर्मियों की रजिस्टर जांच किया गया जिससे असंतुष्ट हुई और नाराजगी जताई। जहां लोकपाल ने उपस्थित लाभुकों के बीच कई अहम जानकारियां बताइए। बनाए जा रहे डोभा का 15 साल तक देख करना एवं उसकी सुरक्षा करना लाभुक का दायित्व होता है।अन्य छोटे योजना का देखरेख भी 5 सालों तक किया जाता है। वह अन्य कई



जानकारियां बताई। तो वही बेरोजगार को मनरेगा के तहत काम देने की बात कही। बल्कि किसी विभागीय व्यक्ति को इससे जुड़ना कानून अपराध है ऐसा बताया। सेविका सईया के नाम से संचालित योजना का निंदा भी किया है। उपस्थित लोगों के बीच गांगपुर गांव में संचालित टीसीबी, मेड़बंदी, डोभा, आमबागवानी का 2020-21 का मामला उठाया गया। जिस योजना के लाभुकों को पंचायत सचिवालय में बुलाकर पूछताछ की गई। उसके बाद योजना स्थल पर जाकर योजना जांच किया गया। जांच में 29 लाभुकों का संचालित योजना में चार ही लाभुक पंचायत सचिवालय पहुंच सके। जिसे लोकपाल ने पूछा कि आपका क्या योजना चल रहा है। तो महिला बताती है दीदी बड़ी योजना उसके बाद रु के बारे में पूछा गया तो महिला बताई कि मुझे एक करोड़ रूपया प्राप्त हुआ है।यानी सही सलामत महिला को इसके बारे में जानकारी नहीं था।बाकी लाभुकों की पहचान नहीं हो पाया। मौके पर उपस्थित बीपीओ रामकुमार सिंह जनसेवा उज्जवल कुमार सिंह कन्या अभियंता सचिन कुमार सहायक अभियंता मनोज कुमार रोजगार सेवक निर्मल कुमार दांगी समाजसेवी प्रणेश गुप्ता सोनू कुमार सिन्हा प्रमोद कुमार यादव दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## भूमि अधिग्रहण को लेकर जमीन मालिकों की हुई बैठक

**मनिका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के शिंजो स्थित नंदकिशोर यादव के मकान में दिन गुरुवार को भूमि अधिग्रहण को लेकर जमीन मालिकों के साथ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद के सदस्य रविंद्र नाथ तिवारी की नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सैकड़ो की संख्या में जमीन मालिक उपस्थित थे रविंद्र नाथ तिवारी ने जमीन मालिकों से बात करते हुए कहा कि जो राष्ट्रीय मार्ग विंधमगंज से रांची तक बनाई जा रही है जिसमें कई जमीन मालिकों की जमीन जा रही है। जिसकी उचित मुआवजा सरकार को देनी होगी उन्होंने काहा की मनिका प्रखंड क्षेत्र के कई गांव की जमीन की रेट ?2000 से ?3000 प्रति डिसमिल सरकार द्वारा निर्धारित की गई है जो गलत है आगे उन्होंने कहा की सरकार मुआवजे की राशि की चार गुना जमीन मालिकों की जमीन की राशि देने की बात की है राशि के बदले सरकार जो जमीन मालिक की जमीन जा रही है उसका चार गुना जमीन दे दे एवं काम चालू करने के पूर्व सभी जमीन मालिकों की पैसा सरकार मुहैया कराऐ उन्होंने यह भी कहा कि जो सरकार के द्वारा मुआवजे की राशि निर्धारित की गई है वह बहुत ही कम है इस रेट में कहीं पर जमीन उपलब्ध नहीं हो सकती है। उन्होंने काहा की जमीन मालिकों को उचित जमीन की मुआवजे की राशि मिलनी चाहिए। मौके पर सुरेंद्र पासवान, परमानंद यादव,हरि यादव,अजय प्रसाद, बलराम यादव, दरोगी यादव, समेत सैकड़ों की संख्या में जमीन मालिक उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र



## संक्षिप्त खबरें

### सामाजिक कार्यकर्ता के पुत्र की असामयिक निधन, पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व विधायक मनोज यादव

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विगत कुछ दिनों पूर्व बरही चौक के रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र मधेशिया के पुत्र की असामयिक निधन की सूचना मिलते ही पीड़ित परिवार से मिलने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। पूर्व विधायक ने कहा कि राजेंद्र मधेशिया के पुत्र के निधन से वह काफी मर्माहत और दुखी है। कहा कि पीड़ित परिवार के साथ वह सदैव खड़ा रहेंगे। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला महामंत्री गुरुदेव गुप्ता, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता ,विनोद यादव ,बिरेन्द्र सिंह, मल्लू, अनिल केशरी, धर्मेंद्र यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विधायक अंबा प्रसाद ने हजारीबाग उपायुक्त से की मुलाकात

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पसेरिया में मेसर्स रोहाने कोल कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से अधिग्रहित भूमि भू रैयतों को वापस दिलाने में हो रहे अड़चन को दूर कराकर संबंधित ग्रामीणों को उनकी भूमि वापस दिलाने की मांग को लेकर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय से मुलाकात की। इस दौरान जिला परिषद सदस्य पूर्वी गीता देवी सहित दर्जनों रैयत साथ मौजूद थी। विधायक अंबा प्रसाद ने उपायुक्त नैंसी सहाय का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि माननीय मंत्री झारखंड सरकार के विविध वाद संख्या 09/2021-22 के आलोक में आदेश पारित हुआ था जिसमें बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पसेरीया की लगभग 1.33 एकड़ भूमि संबंधित रैयतों को वापस करने का आदेश पारित किया गया था लेकिन उक्त आदेश का अनुपालन नहीं किया गया है जिसके कारण वर्तमान में संबंधित भूमि के मालिकों को जमीन वापस नहीं हो पाई है। विधायक ने उपायुक्त से मांग किया कि सभी अड़चनों को दूर करके रोहाने कोल कंपनी द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि को संबंधित रैयतों को वापस करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए। विधायक अंबा प्रसाद की बातों को गौर से सुनने के बाद उपायुक्त ने अंबा प्रसाद को आस्वस्त किया कि शीघ्र ही इस संबंध में न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद प्रतिनिधि दीपक करमाली, जोपल बेसरा, महेंद्र मांझी, सुमन हंसदा, बसंत उरांव, महेंद्र गंझु, चरकू मांझी, दिलीप तिर्की, सुरेंद्र मुंडा आदि उपस्थित थे।

### सांसद के निर्देश पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के निर्देशानुसार गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सभी वार्ड में जाकर उपलब्ध संसाधनों को बारीकी से देखा साथ ही साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। मौके पर चिकित्सा प्रभारी अविनाश कुमार अस्पताल में हो रही असुविधाओं के बारे में निरीक्षण टीम को अवगत कराया तथा साथ ही उन्होंने एक विशेष आग्रह किया कि हमारे अस्पताल में चिकित्सक स्टाफ की बहुत जरूरत है। उन्होंने जांच हेतु एक्सरे मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन की भी मांग रखी, साथ ही आपरेटर स्टाफ की कमी का भी उल्लेख किया। अस्पताल में हो रहे मरीजो के लिए पीने का पानी की असुविधा के लिए एक जल मीनार की मांग की। निरिक्षण कर रहे टीम ने कहा कि यह रिपोर्ट कार्ड हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा को सौंपा जाएगा।निरीक्षण दल मे पूर्व जिला परिषद टुकेश्वर प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि मनीष पांडे, बड़कागांव पूर्वी पंचायत प्रतिनिधि राजकुमार साव, युवा मोर्चा सोशल मीडिया शिबू मेहता, महामंत्री नरसिंह प्रसाद, युवा अध्यक्ष राजेश यादव, कृष्णा गुप्ता शामिल थे।

### नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 के कटकमसांडी प्रखंड का 21 दिनों बाद हुआ शानदार फाइनल

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 के चर्तुथ चरण का 21 दिनों के बाद कटकमसांडी प्रखंड में गुरुवार को शानदार समापन हुआ। इस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र की कुल 75 टीम और महिला वर्ग में कुल 4 टीमों ने भाग लिया। जिसमें पुरुष टीमों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर कटकमसांडी और बंझिया की टीम फाइनल में पहुंची वहीं महिला टीम में कस्तूरबा बालिका विद्यालय, कटकमसांडी और डाटो प्लस टू हाई स्कूल की टीम फाइनल पहुंची। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बेहद ही रोमांचक हुआ और झमाझम बारिश के बीच खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बना। पुरुष टीम का फाइनल कटकमसांडी बनाम बंझिया के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ जिसमें मध्यांतर के बाद कटकमसांडी की टीम ने 1 गोल दागकर बंझिया की टीम को पराजित किया और इस टूर्नामेंट का खिताब मेजबान कटकमसांडी की टीम ने 1-0 गोल से अपने नाम कर लिया। वहीं इससे पूर्व महिला टीम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कटकमसांडी की टीम बनाम डाटो प्लस टू हाई स्कूल टीम के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया और अंततः प्लेंटी शूटआउट के जरिए निर्णय हुआ जिसमें 1 गोल से आगे रहकर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कटकमसांडी की टीम विजयी हुई और टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। कुल मिलाकर दोनों वर्गों की विजेता टीम मेजबान कटकमसांडी की ही टीम बनी। विजेता, उपविजेता टीमों और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को विधायक मनीष जायसवाल की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया गया। टूर्नामेंट में मेन ऑफ द सिरीज़ शुभम कच्छप, गोल्डन बूट रामजीत उरांव और बेस्ट गोलकीपर साजन सिंह बनें। पुरुष वर्ग के विजेता टीम को 30 हज़ार का चेक और आकर्षक नमो ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को 20 हज़ार का चेक और आकर्षक नमो ट्रॉफी और बालिका वर्ग के विजेता टीम को तीन हज़ार का चेक और आकर्षक नमो ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को दो हजार नगर एवं आकर्षक नमो ट्रॉफी भेंट किया गया।

### बदलाव संकल्प सभा को लेकर उत्साहित है क्षेत्र की जनता

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आगामी 08 अक्टूबर को चौपारण में बदलाव संकल्प सभा के आयोजन को लेकर क्षेत्र की जनता में काफी उत्साह है। हर वर्ग के लोग छात्र, युवा, नौजवान, महिलाएं, बड़े बुजुर्ग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तैयार हैं।बदलाव संकल्प सभा का आयोजन हज़ारीबाग जिले के सबसे बड़े प्रखंड चौपारण में जेबीकेएसएस के बैनर तले किया जा रहा है। जिसमें 50 हज़ार की संख्या में आम - अवाम शामिल होंगे। सभा की तैयारियां पूरी कर ली गयी है। हज़ारीबाग के चौपारण में 30 सालों के इतिहास में पहली बार भारी संख्या में झारखंडियों का जनसैलाब देखने को मिलेगा साथ ही बरही विधानसभा क्षेत्र के राजनीतिक इतिहास में अब तक की यह सबसे बड़ी सभा होगी। महासभा में इंकलाब की आवाज बुलंद होगी एवं झारखंडी युवा हज़ारीबाग से झारखंड में बदलाव का इतिहास लिखेंगे।यह सभा झारखंडी मुद्दों स्थानियता, नियोजन नीति, पुनर्वास नीति, विस्थापन नीति, नौकरियों में झारखंडियों को प्राथमिकता एवं स्थानीय स्तर पर नेतृत्व के कौशल को कैसे निखारा जाए आदि बिंदुओं पर केंद्रित होगी। इसके अलावा झारखंडी जन समस्याओं पर वक्ता अपनी राय रखेंगे। सभा में झारखंडी माटी के योद्धा जयराम महतो, संजय मेहता, मोतीलाल महतो, फरजान खान, देवेंद्र महतो, दिनेश साहू, उदय मेहता, सृजन हायबरु, राकेश मेहता, विकास महतो, सूरज टाईलोन, सुनील सजनवा, सुधीर कुमार राम, श्री राज मेहता, राजेन्द्र राणा, अजय राणा समेत सैकड़ों लोग शामिल होंगे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन कर्मियों की बड़कागांव सभागार भवन में हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़कागांव अंचलाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी बालेश्वर राम के नेतृत्व में प्रखंड सभागार भवन में बैठक सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षिकाओ को सोशल मीडिया से संबंधित आवश्यक जानकारी देते हुए चुनाव निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्य कम से कम 80त्न मतदान करवाने की तैयारी करने को कहा गया। साथ ही साथ घर-घर जाकर सर्वे करना, जिसमें 80 वर्ष से ऊपर के मतदाता को चिन्हित करने, प्रिवोटर को लेकर काम करने, मृत्यु हुई वोटर को वोटरलिस्ट से बाहर करने के साथ-साथ स्थानांतरित वोटर की पहचान करने को कहा गया एवं समय सीमा के अंदर कार्य को पूर्ण करने की बात दोहराई गई। किसी प्रकार की परेशानी होने पर पर्यवेक्षकों को सीधे तौर पर संपर्क करने को कहा गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, कल्याण पदाधिकारी भास्कर राज, पर्यवेक्षिका अनुराधा कुमारी, रुखसाना परवीन, पूजा राय, सहयोगी शशि कुमार के साथ-साथ सैकड़ों बीएलओ उपस्थित थे।

## लगातार हो रही बारिश ने गरीबों के आशियाने उजाड़े, कई कच्चे मकान ढहे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** बंगाल की खाड़ी में बने निम्नदबाव की वजह से झारखंड में करीब एक सप्ताह से जोरदार बारिश हो रही थी। जिसका खामियाजा विष्णुगढ़ प्रखण्ड में भी देखने को मिला। लगातार बारिश की वजह से जहाँ जन-जीवन,अस्त-व्यस्त रहा वहीं कच्चे मकान,अथवा खपरैल मकान में गुजर-बसर कर रहे गरीबो पर कुदरत की मार पड़ी और इनके आशियाने भरभरा कर ढह गए।मिली जानकारी के अनुसार के आधार पर विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत गाल्होबार पंचायत के ग्राम केंदुआडीह निवासी हेमलाल महतो,पिता दीना महतो और गिरधारी महतो,पिता ठाकुर महतो का खपरैल मिट्टी का मकान भरभरा कर ढह गया।इसके अलावे विष्णुगढ़ पंचायत में सुधीर कुमार वर्णवाल पिता शंकर प्रसाद वर्णवाल का खपरैल मिट्टी का मकान बारिश की भेंट चढ़ गया। कुदरत की इस मार से गरीब बेधर हो गए,प्रशासन इस पर संज्ञान ले और गरीबो को सरकारी सुविधा मुहैया कराया जाय,जिससे इसकी परेशानी का हल हो।

## दारू प्रखंड प्रमुख ने विधायक से की मुलाकात क्षेत्र के विकास को लेकर की विशेष चर्चा-परिचार्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के दारु प्रखंड क्षेत्र की प्रमुख कुमारी श्वेता ने गुरुवार को हजारीबाग विधायक सेवा कार्यालय पहुंचकर हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल से मुलाकात की और लागातार जनसेवा के कार्यों में मुस्तैद रहने हेतु उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दिया। दारू प्रखंड प्रमुख कुमारी श्वेता ने विधायक मनीष जायसवाल से क्षेत्र के विकास को लेकर विस्तार से चर्चा- परिचर्चा की।

विधायक मनीष जायसवाल ने जनकल्याण और विकास कार्यों में हरसंभव मदद का भरोसा भी जताया। मौके पर विशेषरुप से प्रमुख कुमारी श्वेता के साथ उनके पति सह प्रतिनिधि कैलाश कुशवाहा और कंचनपुर पंचायत के उपमुखिया प्रकाश कुशवाहा भी मौजूद रहें ।

## संप्रेक्षण गृह हजारीबाग के बच्चों को फिर मिलेगा कौशल विकास प्रशिक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** संप्रेक्षण गृह आवासित किशोरों के लिए विशेष केन्द्रीय सहायता मद से इलेक्ट्रीकल एवं घरेलू उपकरण जैसे पंखे, फ्रिज, कुलर, वाशिंग मशीन, मिक्सी आदि के मरम्मती का तीस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन गौरव खुराना, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के द्वारा किया गया। श्री खुराना ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि संप्रेक्षण गृह में जिस प्रकार बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, वह काफी प्रशंसनीय है। व्यवसायिक प्रशिक्षण के लिए कोई विशेष शैक्षणिक योग्यता की जरूरत नहीं होती है बच्चे यदि चाहे तो अपनी लगन व कुशलता से भविष्य में इसे अपनी जीविका का साधन के रूप में अपना सकते हैं। उन्होनें बच्चों को प्रशिक्षण प्राप्त कर हुनरमंद बनने एवं रोजगार से जुड़कर तरक्की करने के लिए कहा। जे.एस.एल.पी.एस. हजारीबाग की डी.पी.एम शांति मार्डी ने बच्चों को बताया कि यदि बच्चे यहाँ से छुटकर घर जाने के बाद यदि चाहे तो अपने-अपने गृह जिला या संबंधित प्रखंडों में जे.एस.एल.पी.एस. के. द्वारा चलाये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपना निबंधन करा सकते हैं जहाँ उन्हें प्रशिक्षण तो दिया जायेगा साथ ही साथ उन्हें ऋण भी उपलब्ध कराते हुए प्लेसमेंट भी कराया जाएगा। इस अवसर पर सुमिता श्वेता मिंज, प्रधान दंडाधिकारी किशोर न्याय बोर्ड, हजारीबाग ने सप्रेक्षण गृह में बच्चों को पुरी लगन से प्रशिक्षण प्राप्त करने की बात कही। इन्दु प्रभा

## चतरा के फांसी तालाब पर जय मंगल पांडेय के सातवें वंशज ने दी श्रद्धांजलि कहा... चतरा की लड़ाई का इतिहास छुपाया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहीद जयमंगल पांडेय के सातवें वंशज सचिदानंद पांडेय अपनी माता प्रतिमा पांडेय एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बुधवार को चतरा पहुंचे।जहां उन्होंने शहीद स्थल फांसी तालाब पर पहुंचकर शहीद जयमंगल पांडेय एवं नादिर अली खां के साथ शहीद लगभग डेढ़ सौ भारतीय सैनिकों को उनके शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि दी। एक सभा को संबोधित करते हुए सचिदानंद पांडेय ने कहा कि चतरा ही नही बल्कि पूरे देश को चतरा का भीषण युद्ध और इन दोनो महान सपूतों को जानने की आवश्यकता है।सरकार को आज इन शहीदों का बलिदान दिवस मनाना चाहिए था। चतरा युद्ध का जयघोष लाल किले के प्राचीर से होना चाहिए था,परंतु युद्ध का इतिहास छुपाया गया। लेकिन अब लोग फिर से इस लड़ाई के इतिहास को जानने समझने के लिए उत्सुक दिखाई दे रहे है ।वंशज श्री पांडे ने कहा कि थोड़ी पीड़ा मुझे जरूर होती है कि 4 अक्टूबर इन क्रांतिवीर सपूतों का बलिदान दिवस है आज के दिन को भुला दिया जाता है । चतरा

## मुखिया उत्तम महतो ने छात्रों के बीच कॉपी व बैग का वितरण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत सारूकुदर पंचायत के +2उच्च विधालय में बतौर मुख्यातिथि विष्णुगढ़ मुखिया संघ अध्यक्ष सह सारूकुदर मुखिया उत्तम महतो द्वारा 443 छात्रों, 443 बैग और 2160 कापी वितरण किया गया । शिक्षण सामग्री वितरण समारोह में मुखिया उत्तम महतो ने कहा कि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के द्वारा किशोरियों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य है,प्रत्येक बेटियों को 8वी कक्षा से 12वी कक्षा तक बीस हजार रुपये तक कि राशि किस्तों में तथा 18-19 वर्ष की आयु में एकमुश्त बीस हजार रुपये,कुल चालीस हजार रूपए की सहायता झारखंड सरकार द्वारा दी जा रही है।सरकार द्वारा दिये जा रहे इस लाभ से झारखंड की बेटियाँ सशक्त होंगी। मेरी पहली प्राथमिकता है,की मैं इसे अपने पंचायत के साथ विष्णुगढ़ प्रखण्ड के अन्य पंचायतों में सभी बेटियों को जोड़कर इस लाभ से जोड़ा जाय।साथ ही मुखिया ने विद्यालय प्रबंधन से मध्यान्ह भोजन मे मेनु का अनुपालन करने को कहा।

## तीन माह पूर्व 2024 में विधायक के टिकट की घोषणा हो जाएगी : संजीव बेदिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा चुरचू प्रखंड सम्मेलन सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन सीसीएल ऑफिसर क्लब चरही में आयोजन किया गया। सभा का अध्यक्षता संयोजक मंडली के सदस्यों के द्वारा किया गया। वही संचालन नीलकंठ महतो जिला सचिव सह संयोजक मंडली सदस्य के द्वारा किया गया। वही विशिष्ट अतिथि संजीव बेदिया केंद्रीय सचिव, राज कुमार महतो केंद्रीय सदस्य उपस्थित थे । सभा मे आठो पंचायत के झामुमो सदस्य उपस्थित थे। सभा मे सभी वक्ताओ ने अपनी अपनी बातों को रखने का काम किये साथ मे अपने पार्टी को मजबूत करने के लिए रणनीति बनाने को कहे। वही संजीव बेदिया ने कहा कि 2024 में विधानसभा का विधायक का टिकट जिनको भी मिलेगा उनको घोषणा करना होगा कि जो पेंशन मिलेगा उसमें 50त्न माण्डू विधानसभा के जितने प्रखंड के अध्यक्ष सचिव होंगे उनको देना होगा । वही पैसा प्रखंड के अध्यक्ष सचिव प्रखंड के कार्यकर्ता के काम मे खर्च करेंगे। वही उन्होंने कहा कि 2024 में तीन माह पहले केंडिडेट का घोषणा हो जायेगा। साथ ही यसोदा देवी को कहा कि आप प्रखंड में महिलाओं का संगठन तैयार कीजिए।साथ मे प्रखंड के चुनाव भी किया गया जिसमें अध्यक्ष दीपनारायण महतो, उपाध्यक्ष सहदेव किस्कु, सचिव आनंद मरांडी, कोषाध्यक्ष माजफरुल अंसारी को चुना गया। मुख्य रूप से उपस्थित रामकिशोर मुर्मू केंद्रीय सदस्य ,बाल कुमार महतो बीस सूत्री अध्यक्ष,लखीराम मांझी बीससूत्री उपाध्यक्ष, मो सलीम संयोजक मंडली सदस्य, कुर्बान अंसारी वरिष्ठ नेता, अकाल उरांव,दसरथ महतो पूर्व मुखिया, तामीर अंसारी, सोना राम मांझी,परमेश्वर सिंह भोगता, गुड्डु महतो चरही पंचायत सचिव, दिनेश रविदास, दिलेश्वर महतो, दीपक कु गुप्ता,रविन्द्र कुमार, जासो देवी,अनवर अहमद, आनंद मरांडी, लालो मांझी, महालाल हांसदा, मोहन ठाकुर, सन्नी गंझु, बीरेंद्र पासवान, सहित पंचायत कमिटि के अध्यक्ष सचिव साथ मे सेकडो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अग्रसेन जयंती के अवसर पर 15 अक्टूबर को निकाली जाएगी भव्य शोभा यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मारवाड़ी अग्रवाल समाज के महाराज अग्रसेन की जयंती 15 अक्टूबर को बड़े ही धूमधाम के साथ हजारीबाग की पावन धरती पर मनाया जाएगा 7 इसके पूर्व विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें

साइकिल रेस का कार्यक्रम 8 अक्टूबर दिन रविवार को अग्रसेन भवन से प्रातः 5¬30 बजे प्रारंभ होगी, रक्तदान का कार्यक्रम 9 अक्टूबर दिन सोमवार को अग्रसेन भवन में आयोजित किया जाएगा। 10 अक्टूबर दिन मंगलवार को गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम विधिवत रूप से प्रारंभ होगा बच्चों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा, उसी दिन समाज की बुजुर्ग अभिभावकों का सम्मान किया जाएगा, इसके पश्चात मेहंदी लेखन प्रतियोगिता, क्राफ्ट बनाओ प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा 7 इसके उपरांत समाज के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किए जाएगी।

वही 11 अक्टूबर को प्रॉप गेम, कौन है इंटेलिजेंट एवं डांडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, 12, 13,14 अक्टूबर को भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा 7 वहीं 15 अक्टूबर को अग्रसेन जयंती के अवसर पर महाराज अग्रसेन की पूजा अर्चना के पश्चात भव्य शोभायात्रा दोपहर 2¬00 बजे निकली जाएगी शोभायात्रा शहर के प्रमुख चौक चौराहा से गुजरते हुए अग्रसेन भवन परिसर पहुंचकर समाप्त होगी। समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह उसी दिन संध्या 5¬30 बजे आयोजित किया गया है। इसी क्रम में नानी बाई को मायरो कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जो विशेष आकर्षण होगा। कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में सुलोचना मीणा भा.प्र.से. पदाधिकारी बतौर अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होगी।

## अंतर्विभागीय फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता बना आईटी विभाग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस में आयोजित अंतर्विभागीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला विश्वविद्यालय के कृषि विभाग व आईटी विभाग के बीच खेला गया। बेहद रोमांचक मुकाबले में आईटी विभाग की टीम ने 2-0 से जीत दर्ज कर विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। इस मौके पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ साथ खेल की भी अपनी अलग अहमियत है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद ने बताया कि दरअसल अंतर्विभागीय फुटबॉल टूर्नामेंट के जरिए विश्वविद्यालय की फुटबॉल टीम बनाने की कवायद चल रही है। उन्होंने कहा कि इस पूरे टूर्नामेंट के दौरान चयनकर्ताओं की टीम ने सभी विभागों के अच्छे खिलाड़ियों को नामित किया है। जल्द ही विश्वविद्यालय के चयनित टीम की घोषणा की जाएगी, जो विश्वविद्यालय स्तरीय बड़े प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय, शुरुआत के दिनों से अपने उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करता आ रहा है। यही वजह है कि महज सात वर्षों के दौरान पढ़ाई के क्षेत्र में यहां के विद्यार्थियों ने बुलंदियां हासिल तो की ही, साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रीय खेलों में भी अंतर्विभागीय टूर्नामेंट के जरिए बेहतर टीम आने वाले दिनों में बनाए जाएंगे ताकि खेल के क्षेत्र में भी प्रतिभावान विश्वविद्यालय खिलाड़ियों को जरूरी सुविधाएं मुहैया कराकर उनके प्रतिभा को निखारा जा सके। टूर्नामेंट को सफल बनाने में खेल शिक्षक आदित्य कुमार, डॉ रूद्र नायायण, मुकेश कुमार, राजीव रंजन, संजय कुमार दांगी, उदय रंजन, अमित कुमार सहित अन्य का अहम योगदान रहा।

## संसदीय स्थाई समिति द्वारा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज का किया गया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा के द्वारा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में व्यवस्था की जांच हेतु गठित टीम के द्वारा मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मेडिकल कॉलेज की बहुत सारी कमियों से टीम के सदस्यों को अवगत कराया गया। सर्वप्रथम ओल्ड आईसीयू में जांच के क्रम में पाया गया की वार्ड की खिड़की टूटी हुई है, जिसके कारण वार्ड में लगे ए सी को चलाने में दिक्कत होती है। वार्ड में दो और ए सी की सख्त आवश्यकता है। आईसीयू वार्ड के बाथरूम की स्थिति काफी दयनीय नजर आई, बाथरूम में गंदगी भरा हुआ है। पैन में गंदा पानी जमा हुआ है जिसके कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इतने मरीजों के लिए एक शौचालय पर्याप्त नहीं है। डायलिसिस केंद्र के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि डायलिसिस सेंटर में विस्तार करने की आवश्यकता है, यहां बिजली की काफी जर्जर स्थिति है। बिजली के बिना यहां कार्य करना संभव नहीं है। अगर वार्ड को सोलर लाइट कनेक्शन उपलब्ध करवा दिया जाए तो काफी हद तक समस्या का समाधान हो जाएगा। डायलिसिस सेंटर में ऑक्सीजन की भी भारी कमी नजर आई सांसद जयंत सिन्हा द्वारा उपलब्ध करवाए गए ऑक्सीजन प्लांट से पाइप के द्वारा ऑक्सीजन उपलब्ध करवाने से समस्या का समाधान हो जाएगा। ट्रामा सेंटर के आसपास बे तरतीब तरीके से गाड़ी और मोटरसाइकिल आदि लगा रहता है, जिसके कारण चिकित्सकों और एंबुलेंस के आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## झारखंड राज्य के जस्ट ट्रांजिशन प्रोग्राम के तहत एजेंसियों के साथ गोलमेज चर्चा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फूड इंडस्ट्री कैपेसिटी और स्किल इनिशिएटिव (FICSI) द्वारा यूनाइट नेशन डेवलपमेंट प्रोग्राम(UNDP) जस्ट ट्रांजिशन कार्यक्रम' के तहत झारखंड में मिलेट आधारित खाद्य उत्पादों के निर्माण के लिए 30 मास्टर प्रशिक्षकों और 100 प्रशिक्षकों का निर्माण विषय पर एक दिवसीय गोलमेज चर्चा का



आयोजन किया गया। यू.ऐन.डी.पी (UNDP) जस्ट ट्रांजिशन प्रोजेक्ट एक अग्रणी पहल है जिसका उद्देश्य कोयला आधारित अर्थव्यवस्थाओं से स्थायी विकल्पों में एक सुगम और न्यायपूर्ण परिवर्तन को सुविधाजनक बनाना है। चर्चा में बाजरा आधारित मूल्य वर्धन में शामिल FPO की महिला सदस्यों के लिए प्रशिक्षण की जरूरतों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत श्री रेजुश बारा द्वारा एक मुख्य वक्तव्य के साथ की गई, जो की JSDMS के डिप्टी सेक्रेटरी हैं, उन्होंने जमीनी स्तर पर निष्पादन के महत्व पर जोर दिया और सभी हितधारकों से मिलकर काम करने का आग्रह किया। सुनील के. मारवाह, FICSI के सी.ई.ओ, ने मिलेट आधारित उत्पादों के लाभों और उनके महत्व पर जोर दिया और इसे सामान्य जनता की खाद्य आदतों में वापस लाने के महत्व को दर्शाया। हरि नटराजन, UNDP, ने सौर ऊर्जा से संचालित प्रोसेसिंग यूनिट्स की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए । शेनॉय मैथ्यू, Arya.ag के चीफ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर ने बताया कि कैसे महिलाओं के नेतृत्व वाले सामुदायिक उद्यम धीरे-धीरे ग्रामीण बाजारों में खाद्य प्रसंस्करण को ले जा रहे हैं जो किसानों को बेहतर कीमत प्राप्त करने में मदद कर रहा है। उन्होंने कार्यक्रम के तहत झारखंड में 3000 महिला किसानों को प्रशिक्षण देने की योजना भी साझा की।

## गोला जोड़ा शिवालय स्टेशन रोड में एक बंद पड़े मकान में बीती रात हुई चोरी

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जोड़ा शिवालय स्टेशन रोड गोला स्थित उदय चंद्र लाला के विगत कई दिनों से बंद पड़ा घर पर बीती रात चोरी की घटना हुई। घर पर चोरी की जानकारी सुबह में तब हुई जब घर का दरवाजा खोला गया। चोरी की घटना का अंजाम खिड़की तोड़कर किया गया है। साथ ही अलमीरा का ताला तोड़ा गया और सामान को बिखेर दिया गया। कितने सामान और किस चीज की चोरी हुई है, इसकी जानकारी



घर के मालिक के आने के बाद चलेगा। बताया जाता है कि उदय चंद्र लाला अपना घर बंद कर कई महीने से बेंगलोर में रहते हैं। बंद घर पर उनका भतीजा सोता था, लेकिन उसकी तबियत ठीक नहीं रहने के कारण विगत पंद्रह दिनों से वह इस घर पर नहीं सो रहा था। गुरुवार की सुबह वह अपने चाचा के बंद पड़ा मकान पर गया, उसे चोरी की जानकारी मिली। चोरी की सूचना गोला थाना को दी गई। सूचना पर पुलिस चोरी की जांच में जुट गई है।

## भारतीय जनता पार्टी इटकी शाखा की बैठक की गई

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की बैठक मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की की अध्यक्षता में विवाह मंडप ईटकी में आयोजित की गई. बैठक में बुथ सशक्तिकरण एवं सत्यापन को लेकर प्रभारी के रूप में झारखंड किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू उपस्थित थे. साहू ने बैठक को संबोधित करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के नीति सिद्धांत एवं आम जनों की समस्याओं को निपटारा करने के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया एवं पार्टी को मजबूती प्रदान करने और आगे बढ़ाने का बहुत सारे मार्गदर्शन दिया. बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष हर्षवर्धन पांडे, जिला मंत्री कुणाल सहदेव, राजेश्वर महतो, राजकुमार महतो, बुद्धू मुंडा, रंजीत लकड़ा, गौतम मुंडा, इंदु देवी, रोहित केसरी, पारस, सीताराम, पवन, अरुण, सिकंदर सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित है।

## जितिया परब मतलब जीव तिहा : सुधीर मंगलेश

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि जितिआ परब भारत के कई राज्यों में मनाया जाता है लेकिन छोटनागपुर पठार में बसे कुछ राज्यों जैसे झारखंड, बंगाल एवं उड़ीसा में जितिआ परब की धूम कुछ अलग ही रहती हैं। चांद के अनुसार यह परब भाद्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। जितिआ नामकरण के पीछे एक युक्ति है जीति+आ अर्थात जीत कर आना। बिहा के पश्चात कन्या जब मायके में जाती है



तो कन्या के मां बाप की मंशा होती है कि मेरी पुत्री ससुराल से कब जीतकर मेरी आंगन में आएगी। कहने का तात्पर्य है की कन्या जब तक ससुराल में वंशवृद्धि अर्थात संतानोत्पत्ति नहीं कर पाती है, तब तक वह ससुराल में हारी हुई मानी जाती है, यहीं पर जो कन्या संतानोत्पत्ति कर मायके आती है तो उसे कहा जाता है तुम जीत कर आई है अब तुम जितिआ मां अर्थात जीव सृजनकारी प्रकृति महाशक्ति की तुम परब करो और अपनी संतानों की वंशवृद्धि यशवृद्धि कर्मवृद्धि व धनवृद्धि आदि की कामना करो। इस परब में जो भी खर्च या लागत आएगी सारा मैं यानी कन्या के पिताजी वहन करेंगे यह कहकर जितिआ परब करने की प्रेरणा देते है।परब के कुछ दिन पहले से ही घर की झाटाई पताई शुरू कि जाती है। इसके बाद संजोत के दिन आंगन की लीपापोती कर नाई से नाखुन काटवाति है फिर तालाब, नदी आदि के किनारे मिट्टी का घड़ा लेकर जाती है उसमें झिंगा पता,दतइन,हलदी, चना, कुरथी ,मूंग के बीजों के साथ खिरा आदि होता है। मुँह धोने के समय चालह सियार को दइतन पानी देकर नेहर करती है -ले चालह सिआर दतइन पानि मुँह धआ ,स्नान करि संजअत करा आर हामरा केउअ मुँह धउआआ आर जितिआ परब कर संजअत कराउआ । इसके बाद घर आकर भूतपिढ़ा में धूप देती है और नियम पूर्वक भीतर घर में आँकुर चुका को रखती है।अगले दिन आष्टमी में दिनभर उपवास कर शाम के समय झींगा पत्ता दतइन लेकर नदी या तलाब में जाती है फिर चालह सियार को सेंउरन कर झिंगा पता दतइन देती है और नहान कर एक खिरा बहाती है। इन 9 चीजों को एक साथ मिलाकर गुस्टि के पुराना आंगन में तांबा, दूब घास, काटी, हरतकी आदि देकर गढ्ढा में गाड़ा जाता है। इसके बाद सभी व्रती विधिपूर्वक सेउरन करती है और इनके सृजन कारी व सृजन में सहयोग करने वाले तत्व की सेंउरन कर उसे उसके गुणों की प्राप्ति की कामना अपने पुत्र पुत्रियों के लिए करती है। व्रती सब नहा धो के परब का भोग बनाती है। फिर चालह सिआर को भग देने के पश्चात भोग का वितरण वैसे घर में करती है जहां यह परब नहीं चलता है इसके बाद पारण करती है।

## विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने बांटा चेक व चुजा

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंचल कार्यालय में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने आपदा प्रबंधन के तहत वज्रपात से पशुक्षति व रोड एक्सीडेंट द्वारा मृत्यु हुए परिजनों के बीच कुल साढ़े पांच लाख रुपये का चेक एवं साथ ही कुछ लाभुकों के बीच चूजा का वितरण किया।।इस दौरान विधायक ने मृतक के परिजन को कहा कि मृतक को वापस लाया तो नहीं जा सकता और





ना ही उनकी कमी को पुरा किया जा सकता है। लेकिन सरकार द्वारा दिये जा रहे राशि की सहायता से परिवार की स्थिति को सुधारा जा सकता है।विधायक ने मृतक के परिजनों से कहा कि यह राशि आप लोगो के जीवन जीने के लिए आवश्यक व जरूरी है, आप इसका सदुपयोग करे।विधायक कार्यालय मे सरकारी पदाधिकारी को उनका सूची उपलब्ध कुछ दिनों मे कराने को कहा जिन मृतक के परिजनों को आपदा प्रबंधन द्वारा सरकारी लाभ नही मिल पाया है। मौके पर अंचलाधिकारी बेड़ो, प्रखंड विकास पदाधिकारी बेड़ो, उप प्रमुख मोदासीर हक, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि नवल सिंह, पंचू मिंज, मीर मुस्लिम, सिल्वेस्टार कच्छप, काबुल जी, सराफट अंसारी, उमेश ठाकुर, राजेश गोप, विंदेश्वर गोप एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# क्षेत्रीय खान बचाव प्रतियोगिता 2023 का हुआ समापन

## प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सीसीएल क्षेत्रीय खान बचाव प्रतियोगिता 2023 का समापन गुरुवार को किया गया। जिसमे सीसीएल के सभी एरिया से आए प्रतिभागियों का प्रतियोगिता के परिणाम एव पुरुस्कार वितरण का कार्यक्रम एमआरएस के सभागार में आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप डीजीएमएस सतीश छिद्दरवार, विशिष्ट अतिथि सीसीएल सीएमडी डॉ बी. वीरा रेड्डी ,साथ ही मुख्य रूप से उपस्थित सीसीएल के चीफ जज सह निदेशक खान सुरक्षा आफताब अहमद, निदेशक पी एंड पी बी साईराम , निदेशक खान सुरक्षा एन पी देवरी,निदेशक (वित्त) पी के मिश्रा,निदेशक (कार्मिक) एच एन मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान अतिथियों का स्वागत



डीएवी बरकाकाना से आए बच्चो ने स्वागत गीत गाकर किया। तीन दिवसीय क्षेत्रीय खान बचाव प्रतियोगिता 2023 में तीसरा बेस्ट टीम रेस्क्यू रिले रेस ब्रिगेड मेंबर रेस्क्यू स्टेशन कथारा, दूसरा बेस्ट टीम रेस्क्यू रिले रेस ब्रिगेड मेंबर रेस्क्यू स्टेशन रामगढ़, पहला बेस्ट टीम रेस्क्यू रिले रेस ब्रिगेड मेंबर रेस्क्यू स्टेशन चूरी जबकि दूसरा बेस्ट इन ड्रिल एंड मार्च पास्ट बी एंड के एरिया,पहला बेस्ट इन ड्रिल एंड मार्च पास्ट बरका सायल एरिया वही, दूसरा बेस्ट इन थ्योरी टेस्ट। अमरपाली चंद्रगुप्त एरिया,पहला बेस्ट इन थ्योरी टेस्ट बरका स्याल एरिया, दूसरा, बेस्ट इन स्टैचुअरी टैस्ट। हजारीबाग एरिया, पहला, बेस्ट इन स्टैचूअरी टेस्ट। कुजू एरिया, दूसरा बेस्ट इन फर्स्ट एड। धोरी एरिया, पहला बेस्ट इन फर्स्ट एड। बरका स्याल एरिया, दूसरा बेस्ट इन एफ ए बी। बरका स्याल एरिया पहला बेस्ट इन एफ ए बी।बरका स्याल एरिया को पुरुस्कार वितरण किया गया। जिसमे दूसरा बेस्ट मेंबर हिमांशु, पहला बेस्ट मेंबर, पिंकू प्रधान दूसरा बेस्ट कैप्टन, आशीष राम, पहला बेस्ट कैप्टन, राजेश कुलावी, तीसरा बेस्ट इन रेस्क्यू एंड रिकवरी। पिपरवार एरिया, दूसरा बेस्ट इन रेस्क्यू एंड रिकवरी, बरका स्याल एरिया पहला बेस्ट इन रेस्क्यू एंड रिकवरी अरगड़ा एरिया दूसरा बेस्ट इन रेस्क्यू रिले रेस, कथारा एरिया, बेस्ट इन रेस्क्यू रिले रेस, जॉय माइनिंग सर्विसेज, तीसरा ओवरऑल चैंपियन, पिपरवार एरिया, दूसरा ओवर ऑल चैंपियन, अरगड्डा एरिया, पहला ओवर ऑल चैंपियन। बरका स्याल एरिया के नाम शामिल है।

## राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय बन्दा में बाल संसद का किया गया गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** गोला प्रखंड के राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय बंदा में गुरुवार को विद्यालय परिसर में बाल संसद का गठन किया गया। बाल सांसदों द्वारा मंत्रिमंडल के मंत्रियों का चयन किया गया जिसमें प्रधानमंत्री एवं उप प्रधानमंत्री सहित निम्नलिखित विभाग तथा प्रत्येक विभाग में एक-एक मंत्री एवं उप मंत्री का चयन किया गया। कक्षा 9 से रितेश कुमार मुंडा को प्रधानमंत्री एवं खुशी कुमारी को उप प्रधानमंत्री, रंजन रानी वित्त एवं अनुशासन मंत्री, खगेश महतो उप वित्त एवं अनुशासन मंत्री, ऋषभ खन्ना मानव संसाधन, रक्षा एवं संस्कृति मंत्री, सुरेश सोरेन बागवानी एवं पर्यावरण मंत्री, अदिति राज साहू स्वास्थ्य एवं सफाई मंत्री, आदित्य राज साहू उप स्वास्थ्य एवं सफाई मंत्री, चंदन कुमार खेल एवं पोषाहार मंत्री, तनु खन्ना उप खेल एव पोषाहार मंत्री, सुमित कुमार विकास मंत्री, लक्ष्मी कुमारी उपविकास मंत्री, पायल कुमारी को समुदाय मंत्री, सुनील करमाली को उप समुदाय मंत्री बनाया गया। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुलदीप माहथा ने मंत्रिमंडल के सभी मंत्रियों को बधाई देते हुए अपने कर्तव्यों को पालन कराने की जिम्मेवारी सौपी। मौके पर किरण कुमारी, युगल किशोर पटेल, दिलीप महतो, रीना कुमारी, मिथलेश कुमार रविदास, महेंद्र महतो,आदि थे ।

## रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति ने रामगढ़ कॉलेज की जमीन चार दिवारी एवं नापी को लेकर ज्ञापन सौंपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान एक प्रतिनिधि मंडल रामगढ़ कॉलेज की जमीन चार दिवारी एवं नापी को लेकर रामगढ़ अनुमंडल पदाधिकारी को एक लिखित ज्ञापन सौंपा गया ।प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूर्व प्रदेश संयोजक रामगढ़ युवा नेता राजेश ठाकुर विनोबा भावे विश्वविद्यालय पूर्व संयोजक शशि करमाली विनोबा भावे प्रवक्ता रमेश रजवाड़ आदिवासी छात्र संघ के कॉलेज अध्यक्ष अमित कुमार महाली अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रदेश संयोजक गौतम कुमार महतो संगठन मंत्री विक्रम कुमार राठौर जिला समाचार शुभम गिरी अंकित कुमार गगन करमाली नकुल महतो महेश महतो रितेश कुमार महतो पवन महतो जय मुंडा प्रमोद मुंडा रविंद्र उरांव राजा करमाली राजन करमाली राहुल मुंडा संदीप मुर्मू अजीत मुंडा डब्लू गंजू आदि लोग मौजूद थे पूर्व प्रदेश



संयोजक राजेश ठाकुर ने बताया कि रामगढ़ कॉलेज की जमीन दिन प्रतिदिन अतिक्रमण किया जा रहा है और कॉलेज की वातावरण को दूषित किया जा रहा है रामगढ़ कॉलेज की केंपस को सुरक्षित किया जाए चुकी रामगढ़ कॉलेज की जमीन भूमि माफियाओं के द्वारा अतिक्रमण कर बेचा जा रहा है हम लोग मांग करते हैं कि कि जल्द से जल्द रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ की जमीन की नापी कर चार दिवारी किया जाए ठाकुर ने बताया कि कल इसी विषय को लेकर रामगढ़ कॉलेज कैंपस में सैकड़ो छात्र छात्राओं को लेकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा पूर्व में भी रामगढ़ कॉलेज की जमीन को लेकर छात्र आंदोलन किया गया था एक बार पुण फिर से आंदोलन किया जा रहा है ताकि रामगढ़ कॉलेज कैंपस सुरक्षित रहे और छात्रों को शिक्षा का वातावरण मिल सके आए दिन छात्र असुरक्षित महसूस करते हैं और आज सामाजिक तत्वों का धीरे-धीरे अखाड़ा बनता जा रहा है रामगढ़ कॉलेज इसे जिला प्रशासन और कॉलेज प्रशासन को गंभीरता से लेना चाहिए नहीं तो कॉलेज को बचाने के लिए हम लोग सड़क पर उतरेंगे और उग्र आंदोलन होगा।

## रानी दुर्गावती ने अकबर की सेना की नाक में दम कर दिया था : नितेश कुमार

### महान वीरांगना रानी दुर्गावती की 500 वीं जयंती मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ इकाई के द्वारा स्थानीय रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ में नारीशक्ति के शौर्य और स्वाभिमान की प्रतीक, धर्म एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए स्वयं का बलिदान करने वालीं महान वीरांगना रानी दुर्गावती की 500 वीं जयंती मनाई गई । मौके पर उपस्थित कॉलेज अध्यक्ष नितेश ने वीरांगना रानी दुर्गावती जी के जीवनी पर प्रकाश डाला, उन्होंने



कहा कि भारत के इतिहास में मुगलों को चुनौती देने वाले शासकों में महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी महाराज के साथ ही वीरांगना दुर्गावती का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। रानी दुर्गावती ने अकबर की सेना की नाक में दम कर दिया था।रानी दुर्गावती ने स्वाभिमान, देश और धर्म की रक्षा के लिए युद्ध भूमि को चुना और अनेकों बार शत्रुओं को पराजित करते हुए अपना बलिदान दिया। रानी दुर्गावती का अदम्य साहस, पराक्रम और बलिदान समस्त देशवासियों को युगों-युगों तक प्रेरित करता रहेगा। वहीं संबोधित करते हुए कॉलेज सह मंत्री भूमि कुमारी ने कहा कि रानी दुर्गावती भारतीय इतिहास में शौर्य तथा स्वाभिमान का स्वर्णिम पृष्ठ हैं।

## स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, न्याय की लगाई गुहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला- शाखा रामगढ़ ने असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रामगढ़ को डा0 राजेश्वर कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञ, डीएमएफटी सदर अस्पताल, रामगढ़ के विरूद्ध कार्रवाई करने के लिये एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि दुखद घटना के साथ कर्मचारी संघ मांग करती है कि गुरुवार को सदर अस्पताल, रामगढ़ में डा0 राजेश्वर कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञ, डीएमएफटी सदर अस्पताल, रामगढ़ द्वारा रितेश कुमार एवं सिकंदर महतो, आयुष्मान मित्र, सदर अस्पताल, रामगढ़ को गाली गलौज, मार-पीट करते हुए उपाधीक्षक, कार्यालय तक घसीट कर ले जाया गया एवं वहां पर कर्मी को कोई गलती नहीं होने के बावजूद उपाधीक्षक के समक्ष थूक कर चटवाया गया. वहाँ भी उपाधीक्षक के सामने मारपीट एवं गाली-गलौज किया गया। यहां तक की उपाधीक्षक के समक्ष धमकी दिया



गया कि यदि बिहार रहता तो साले तुमको गोली से मार देते। इसे कर्मचारी संघ ने अत्यंत ही कठोर निंदा करते हुए गंभीरता से लिया है। उक्त घटना के संबंध में कर्मचारी संघ की आपात बैठक की गई, जिसमें सभी कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से कठोर निर्णय लेने हेतु निम्नांकित प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमे उक्त चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई किया जाय, कार्रवाई नहीं होने पर दिनांक 06 अक्तूबर 2023 से अस्पताल के समक्ष कर्मी द्वारा आकस्मिक सेवा को छोड़कर कार्य बहिष्कार किया जायेगा, दिनांक 08 अक्तूबर 2023 को अपराहन 03÷00 बजे के बाद उपायुक्त महोदय को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया, दिये गये समय सीमा के अंदर कार्रवाई नहीं होने पर संघ आंदोलानात्मक कार्रवाई करने के लिये बाध्य हो जायेगी जिसकी सारी जवाबदेही आपके सहित प्रशासन की होगी। जिसकी प्रतिलिपि उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित । प्रतिलिपि उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, रामगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित की जाएगी। मौके पर नरेश राम, अमरनाथ राम, उषा रानी, देवेंद्र भूषण संजीत कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के कई सदस्य उपस्थित थे।

### नहाय खाय के साथ जितिया व्रत शुरू आज रहेगी महिलाएं निर्जला उपवास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** नहाय खाय के साथ जितिया व्रत गुरुवार को शुरू हुआ। जितिया पर्व को लेकर बजारों मे साग सब्जीयों के दाम आसमान को छु गया। बांस की टोकरी 100 रु से लेकर 500 रु, खीरा 100 रु किलो, सतपुतिया झींगा 100 रु किलो, टमाटर 40 रु किलो, बोदी 40 रु किलो, फुलगोभी 100 रु किलो, बीम्स 100 रु किलो डींगला 50 रु किलो, मुली 50 रु किलो हरा साग सब्जी 50 रु किलो के दाम बजार मे बिका।

**Office of the Executive Engineer,**
**Minor Irrigation, Quality Control Division, Ranchi.**
**Water Resources Department**
**Email:** *eeqcdrnc@gmail.com*
**website:** *http://jharkhandtenders.gov.in*

**Notice for Cancellation of EOI**

PR 302618 (Water Resource) 23-24 (D) and PR 302905 (Water Resource) 23-24 (D) से प्रकाशित प्रेस विज्ञप्ति e-EOI REFERENCE NO:- WRD/MIQCD/RANCHI-01/2023-24 को जल संसाधन विभाग, राँची का पत्रांक–675, दिनांक–03.10.2023 के द्वारा दिये गए निर्देश के आलोक में रद्द किया जाता है।

Sd/-
Executive Engineer, Minor Irrigation,
Quality Control Division, Ranchi
Water Resources Department, Jharkhand

PR 308444 Minor Irrigation(23-24)#D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL**
**URBAN DIVISION, RANCHI**

**Very Short e-Quotation No. 10/2023-24 (5th Call)**
**P.R. No. 302018, 302958 & 304479 & 306638 Drinking Water and Sanitation (23-24)D**

Rates through e-Quotation has invited for the items/materials for finalization & preparation of estimate for the construction work from reputed manufacturer/authorized dealer of Pump set (Kirloskar/Jyoti/ ABB/ Crompton Greaves/Mather & Platt make) having valid G.S.T.I.N. of materials. The rates confirming to specification shall be submitted online in the website https://jharkhandtenders.gov.in. Details of materials and its specification for the work of Supply, installation and commissioning of Horizontal Split Casing Centrifugal pump set having discharge 682 $m^3$/ hr, head 40 meters respectively with all accessories and lifting arrangement under D.W. & S. Mechanical Urban Division, Ranchi are available on the above e-Tender Portal. Terms & condition will be available in website and quote the rate of materials online upto 11.10.2023 at 13:00 hrs. The quotation will be opened on 12.10.2023 at 14:00 hrs. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate.

**Address for Communication**
Office of the Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation Mechanical
Urban Division, Ranchi,
H.E.C. High School Campus, Behind S.B.I. Hatia,
Dhurwa, Ranchi-834004
Email Id- dwsdmechurbanranchi@gmail.com

Executive Engineer,
D.W& S. Mechanical Urban Division,
Ranchi

PR.NO.308414 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का सेकेंड लिटरेरी आइडिएशन कॉन्क्लेव में शानदार प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने 30 सितंबर से 3 अक्टूबर, 2023 तक वाराणसी में आयोजित 2ठ्ठस्र लिटरेरी आइडिएशन कॉन्क्लेव में बाजी मारी। यह कॉन्क्लेव स्वतंत्रता, समानता, इक्विटी, पर्यावरण और सामाजिक न्याय के विषयों को समर्पित था। लोन वुल्फ स्टैंडिंग श्रेणी के इंटर स्कूल क्विज में कक्षा 10 के मोहम्मद अम्मार अहमद को 'मोस्ट प्रोमोसिंग क्विजर्ड' के खिताब से सम्मानित किया गया। उन्होंने इसी श्रेणी में दूसरा रनर अप स्थान भी हासिल किया। रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता स्क्रिप्टोरियम के लिए कक्षा 11 के अतिशय सिंह और कक्षा 10 की प्रज्ञाश्री होता ने पहला स्थान प्राप्त किया। इमेजिनेरियम, वेल्थ एंड वर्ड्स आउट ऑफ वेस्ट के लिए कक्षा 11 की वैभवी राठौर और कक्षा 10 की अपूरव अग्रवाल को सर्वश्रेष्ठ जिंगल क्रिएशन का पुरस्कार मिला।विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों को बधाई दी और स्कूल को गौरवान्वित करने के लिए उनके समर्पित प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने टीम की प्रशंसा की और उनके ईमानदार प्रयासों की सराहना की। उन्होंने दूसरों को भी ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारती है।

**झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी।**
**सत्र – 23–24–25 अंतर्गत रिक्त सीटों पर नामांकन हेतु 10 वीं कक्षा में प्राप्तांक आधारित अंतिम मेधा सूची के आधार पर आयोजित की जाने वाली Spot Round online Admission से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना**

सूचना संख्याः–10 (i) खूँटी, दिनांकः– 05.10..2023

निदेशालय , नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास के पत्रांक– 1540, दिनांक– 03.10.2023 द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु तिथि विस्तार करते हुए अंतिम 10.10.2023 निर्धारित है। अतः खूँटी एवं अन्य जिलों के Admission Mudule में निबंधित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि "पहले आओ, पहले पाओ" अंतर्गत Spot Round Online Admission का लाभ उठाएँ ।

रिक्त सीटों की विवरणी

| Sl | संस्थान का नाम | Name of the Trade | महिला / पुरुष | Unit | NCVT / SCVT | Duration | UR | Economically Poor Class | ST | SC | BC-I | BC-II | PH | SMQ | Total Seat |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खूँटी | | | | | | आरक्षण प्रतिशत में | | | | | | | | |
| | | इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक | महिला | One (1) | NCVT | 2 Years | 40 % | 10% | 45% | 5% | 0% | 0% | | | |
| | | | | | | | 2 | 02 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 5 |
| | | ड्रोन टेक्नीषियन | महिला | 1 | NCVT | | 9 | 2 | 10 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 24 |
| 2 | औद्योगिक प्रषिक्षण संस्थान कर्रा खूँटी | इलेक्ट्रिषियन | महिला / पुरूष | One (1) | NCVT | 2 Years | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 |

Time Schedule for Spot Round Online Admission

| Sl. No | Activity | From | To |
|---|---|---|---|
| 1 | Spot Round Online Admission | 03-10-2023 | 10-10-2023 |

प्रभारी प्राचार्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खूँटी
Contact Person - 7903099566 /8521591373

PR 308388 Labour Employment and Traning(23-24)D

## असित बरन चक्रवर्ती मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट में लोदना ने जयरामपुर को 2-1 से हराया



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ब्राह्मण बरारी मोदीभिठा बस्ती में तीन दिवसीय असित बरण चक्रवर्ती मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न। उत्तम चक्रवर्ती की देखरेख में सभी कार्यक्रम एवं प्रायोजक राणा चक्रवर्ती थे। तीन दिवसीय खेल का कमेंट्री शिबु बाऊरी ने किया। इस टुर्नामेंट में 12 टीम भागीदार हुए। फाइनल मैच में लोदना और जयरामपुर कोलियरी के बीच हुआ। फाइनल का खेल निर्धारित समय में ड्रा इसके बाद अंपायर के निर्णय से ट्राई ब्रेकर में लोदना ने जयरामपुर को 2-1 से हराया। विजेता टीम लोदना को कप तथा आर्थिक रूप से पुरस्कृत किया गया एवं उपविजेता जयराम टीम छोटा कांस्य कप सहित आर्थिक रूप से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सुरेश चक्रवर्ती, विशिष्ठ अतिथि माणिक्य चक्रवर्ती, झारखण्ड रानीगंज कोलफिल्ड प्रर्यावरण एवं विस्थापन संरक्षण मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुरेश चन्द्र तिवारी एवं सुनील चक्रवर्ती ने विजेता टीम एवं उप विजेता टीम को तथा खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस आयोजन के आयोजक मंडली में सर्वश्री राहुल चक्रवर्ती, संतोष बाउरी, लालटु बाउरी, पलटु बाउरी, कंचन चक्रवर्ती, परिमल मुखर्जी, दीपक महतो, माणिक महतो, सपन महतो, छुटु बाउरी, प्रेम बाउरी, भानु चक्रवर्ती, रीत चक्रवर्ती, परेश महतो, तपन महतो, काजू महतो, नेपाल महतो, अकलु चक्रवर्ती,मंजू चक्रवर्ती, रीना चक्रवर्ती का सराहनीय भूमिका रहा।

## डीएवी मॉडल स्कूल के 6 बाल वैज्ञानिक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुने गए



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दिल्ली पब्लिक स्कूल धनबाद में चार अक्टूबर को आयोजित झारखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की ओर से 31वां जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस एवं 26 वां बाल अधिकार कांग्रेस प्रतियोगिता भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की देखरेख में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई के छ्ह बाल वैज्ञानिक कुंदन राय-कक्षा 9C, प्रियांशु दत्ता-कक्षा 93A, नंदिनी कुमारी-कक्षा 9D, स्वीटी कुमारी-कक्षा 9A, इशिका चक्रवर्ती-कक्षा 9B, सुजल रजक-कक्षा 9B को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए विजेता घोषित किया गया। 24 अक्टूबर को रांची में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी चुने गए हैं। धनबाद से ये चयनित सभी छात्र बाल वैज्ञानिक राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या महुआ सिंह ने कहा कि ऐसे ही बच्चे देश के भविष्य होते हैं जो न केवल अपने माता पिता, विद्यालय का नाम रोशन करते हैं बल्कि देश को भी सम्मान दिलाते हैं। मौके पर इन बच्चों के साथ मार्गदर्शन के लिए स्कूल की शिक्षिका निरुपमा दास एवं देबूश्री सरकार भी उपस्थित थीं।


## जनमानस की सेवा जनहित मोर्चा का पहला कर्तव्य : मुरारी सिंह



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के कोकराद गांव निवासी अताउल अंसारी की पुत्री की निकाह का रस्म अदा करने के लिए जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक के द्वारा भेजे गए आर्थिक मदद के रूप में आज पुत्री के पिता को नगद 5100 रू की राशि उनके निजी सचिव मुरारी सिंह के द्वारा भेंट स्वरूप प्रदान किया गया एवं एक भेंट वार्ता में नेशनल टीवी भारत चैनल को मुरारी सिंह ने कहा कि जनहित मोर्चा प्रतिदिन जनता की सेवा कर रहा है एवं आगे भी सभी तरह के असहायों को मदद हम लोगों की पहली कर्तव्यों में से है । आगे उन्होंने कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक आज एक गंभीर रूप से बीमार मरीज को रिम्स रांची में भर्ती के लिए स्वयं अपने वाहनों से गए हुए हैं इस कारण नहीं आ पाने के कारण मेरे द्वारा यह आर्थिक मदद भेजने का काम किया गया है। इस तरह से जनहित मोर्चा के द्वारा प्रतिदिन टुंडी विधानसभा क्षेत्रों में असहायों की मदद हम लोगों की पार्टी कर रही है और यहां जहां सत्ताधारी दल के लोग नहीं पहुंचते हैं वहां हम लोग पहुंच कर मदद करने का काम कर रहे हैं। मौके पर जनहित मोर्चा के निजी सचिव मुरारी सिंह, प्रकाश पांडे ,अकबर अंसारी , मुस्ताक अंसारी,अताउल अंसारी, जकाउल अंसारी,सुल्तान अंसारी, रजाउदीन अंसारी,जहीररूदीन अंसारी, शमीम आदि मौजूद थे ।

# भेलाटांड़ मोड़ में जाम से निजात नहीं मिली तो जेबीकेएसएस करेगा जोरदार आंदोलन

### टाटा जीएम सहित जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को लिखा पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** टाटा भेलाटांड़ मोड़ सहित आसपास में कोयला परिवहन कर रहे हाइवा के कारण सड़क जाम की समस्या से लोगों का हाल बेहाल है। दिन रात जाम की स्थिति से कभी भी विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने की संभावना बनी रहती है। इस मुद्दे को लेकर जेबीकेएसएस ने आंदोलन की चेतावनी दी है। इस बाबत जेबीकेएसएस नेता दीपक कुमार महतो ने टाटा स्टील झरिया समूह के जीएम सहित जिला के सभी प्रशासनिक पदाधिकारी को पत्र लिखकर इस समस्या से आम लोगों निजात दिलाने की मांग की है। पत्र में कहा कि टाटा भेलाटांड़ मोड़ में टाटा वाशरी के लिए कोयला एवं कोलियरी के लिए बालू परिवहन करने वाले हाइवा व ट्रक के कारण दिन रात जाम लगा रहता है। इससे आम जनमानस, स्कूली बच्चे, रोज कमाने खाने व कोयला कर्मियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आपातकालीन सेवा भी प्रभावित होती है। कभी कभी जाम की स्थिति ऐसी होती होती है कि घंटो लोग रेंगने को विवश हो जाते हैं। आए दिन छोटी बड़ी दुर्घटना हो रही है। कई लोग हाथ पैर तुड़वा चूके हैं। स्थिति ऐसी है कि कभी भी यहां भयावह घटना घट सकती है कोयला परिवहन में लगे हाइवा के खड़ा होने के लिए कंपनी द्वारा करोड़ों रुपया की लागत से पार्किंग बनाया गया है, लेकिन यह सिर्फ दिखावा मात्र है। भेलाटांड़ मोड़ से बांस कपुरिया, अस्पताल की दिशा में एक लाइन से हाइवा का काफिला अपने नंबर के इंतजार में खड़े रहते हैं। इससे घनी आबादी वाला सड़क का एक हिस्सा पूरी तरह घिरा रहता है। पत्र में कहा गया है कि भेलाटांड़ घनी आबादी वाला इलाका है। सड़क किनारे ही पूरी बाजार बसी है। इसलिए रात 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक हाइवा का परिचालन हो कहा कि यदि भविष्य में किसी तरह की अनहोनी घटना घटती है तो टाटा प्रबंधन इसका पूर्ण जिम्मेवार होगा। जल्द समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो आम जनता के साथ जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

## सिंदरी : शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी, हत्या की आशंका



**सिंदरी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिंदरी अनुमंडल के सिंदरी थाना क्षेत्र के मनोहरटार निवासी तीरथ महतो के छोटे पुत्र दीपक महतो दुकान बंद करने के बाद रात से लापता था। खोजबीन करने के बाद जब परिजनो को दीपक का पता नही चला तो थक हार कर सिंदरी थाना में लापता की सूचना दी। जैसे ही सुबह दीपक महतो का शव सिंदरी में मिला क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। सिंदरी पुलिस दल बल के साथ स्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई। दीपक महतो के भाई ने बताया कि कल रात से मेरे भाई दूकान बंद करने के बाद से लापता थे फिर हमने पुलिस को इसकी सूचना दी थी। मेरे भाई को किसी ने मार कर फेंक दिया है, सिंदरी पुलिस ने खोजबीन में भरपूर सहयोग किया और हत्या की आशंका जताई है। घटना की खबर पाकर सफल इंडिया के सचिव प्रदीप महतो पूरी टीम के साथ घटनाथल पर पहुंचे। वहीं परिजन का रो रो कर बूरा हाल है।

## बाल विवाह सामाजिक कुरीति व अभिशाप : डॉ. लंबोदर

**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन व सहयोगिनी के बैनर तले बोकारो में चल रहे अभियान बाल विवाह मुक्त भारत को लेकर बुधवार को गोमिया विधायक डा लंबोदर महतो के आवासीय कार्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक ने मौजूद लोगों को बाल विवाह का शपथग्रहण करवाते हुए अभियान को जिले में जोर-शोर से चलाने की बात कही। विधायक ने कहा बाल विवाह सामाजिक अभिशाप है। इससे मुक्ति के लिए ईमानदारी के साथ सामूहिक प्रयास की जरूरत है । उन्होंने कहा ऐसे ही प्रयासों की बदौलत बाल विवाह में काफी कमी आई है। यदि इसको लेकर इसी तरह जागरूकता अभियान जारी रखा जाए तो बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई का पूरी तरह अंत हो जाएगा। इस दौरान बताया गया कि बोकारो के 150 गांवों में बाल विवाह रोकने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है,जिसमे गांवों-कस्बों से लेकर स्कूली बच्चों से लेकर पंचायत प्रतिनिधियों को शपथग्रहण करवाया जा रहा है। कार्यक्रम में रंजन प्रकाश, सुमीत कुमार, राजेंद्र साव, भुवनेश्वर मरांडी,संतोष सिंह, श्याम कुमार महतो, कृष्णा महतो, उत्तम कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बारिश में गिरे हुए कच्चे मकानों के लिए तुरंत राहत व पुनर्वास की व्यवस्था कराए प्रशासन : राजेश


### व्यवस्था नहीं हुई, तो पीड़ित परिवारों को लेकर प्रशासन के समक्ष होगा आंदोलन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** लगातार बारिश के कारण गिरिडीह जिले में बहुत से गरीबों के कच्चे मकान गिर गए हैं, या जर्जर होकर गिरने की स्थिति में हैं। ऐसे परिवारों का संज्ञान लेकर जिला प्रशासन तुरंत उनके लिए राहत और पुनर्वास शुरू करे। ऐसा नहीं होने से पीड़ित परिवारों के लिए बड़ी मुसीबत हो जाएगी। उपरोक्त बातें भाकपा माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने ऐसे कई पीड़ित परिवारों की समस्या सामने आने के उपरांत कही। श्री यादव ने कहा कि, पिछले कई दिनों से जिले में लगातार बारिश से कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों के समक्ष मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। कई कच्चे मकान गिरकर ध्वस्त हो गए हैं, तो कहीं गिरने की कगार पर हैं। माले नेता ने मिली जानकारी के अनुसार कहा कि, धनयडीह (गिरिडीह) की गुलटन देवी, महदैया (बेंगाबाद) की पूजा देवी, सोनबाद (बेंगाबाद) के कैलाश तुरी तथा हरखी देवी, लोधरातरी (बेंगाबाद) के रामेश्वर महतो, बेलडीह (बेंगाबाद) संदीप गोस्वानी आदि के कच्चे मकान इस बारिश में गिर-धंस चुके हैं। यह भी कहा कि, यदि इन परिवारों को समय रहते पक्का मकान मिल गया रहता तो ऐसी दुखद स्थिति नहीं आती। 2022 तक देश के सभी गरीबों के कच्चे मकानों को पक्का बना देने का वादा किया गया था, लेकिन जुमलेबाज केंद्र सरकार अब इसपर कोई चर्चा नहीं कर रही।

## अहमद निसार को साहित्य का श्रेष्ठ पुरस्कार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** इंडिगो क्लब ने शायर अहमद निसार को 2023 का श्रेष्ठ पुरस्कार देने की घोषणा की है। क्लब द्वारा 06 अक्टूबर को रेलवे आडिटोरियम, धनबाद में आयोजित इसरो के वैज्ञानिकों के नाम मुशायरा एवं कवि सम्मेलन में यह पुरस्कार उन्हें साहित्य में बेहतर योगदान के लिए दिया जाएगा। अहमद निसार के अब तक चार गज़ल संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं तथा वे त्रैमासिक उर्दू पत्रिका "आलमी फलक" के संपादक हैं जो एक बुक सीरीज है। हाल ही में आलमी फलक का कथाकार शमोएल अहमद नम्बर प्रकाशित हुआ है जिसे साहित्यकारों ने खूब सराहा और पसंद किया है। आलमी फलक के शमोएल अहमद नम्बर को पाकिस्तान के वर्ल्ड व्यू पब्लिशर्स, लाहौर ने भी प्रकाशित किया है। अहमद निसार के यह सभी ग़ज़ल संग्रह "बर्ग-ए-उम्मीद", "हवा के हाथ", ÷मौसम खिलाफ था", और "सरहाने मीर के" नेशनल काउंसिल प्रमोशन ऑफ उर्दू लेंग्वेज दिल्ली के आर्थिक सहयोग से प्रकाशित हुए हैं।

अहमद निसार की रचनाएं देश-विदेश के प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहती हैं। अब तक श्री निसार को बिहार उर्दू एकाडमी ने दो पुस्तकों पर और यूपी उर्दू एकाडमी ने एक पुस्तक पर अवार्ड दिया है।

## राज्यस्तरीय योगासना स्पोर्ट प्रतियोगिता के लिए 16 सदस्सीय टीम का गठन

पप्पु वर्मा @प्रभात मंत्र



**गिरिडीह :** आगामी 7 और 8 अक्टूबर को साइनाथ यूनिवर्सिटी जमशेदपुर में होने वाले चतुर्थ राजस्तरीय योगासन स्पोर्ट प्रतियोगिता के लिए गिरिडीह के 13 खिलाड़ियों का चयन किया गया। महासचिव अनिता कुमारी ओझा ने बताया कि इस टीम में 9 से 14 आयु वर्ग बालिका में अनुष्का गुप्ता,जसिका सिंह ,कृतिका कुमारी एवं बालक वर्ग में आकाश राज ,श्रेयान गुप्ता ,विनीत भूषण आशीष शर्मा तथा 14 से 18 आयु वर्ग में बालिका वर्ग में विधि भूषण ,पायल उपाध्याय, अंजली कुमारी एवं बालक वर्ग में रूपेश कुमार ,प्रीतम राज तथा 18 से 28 से आयु वर्ग में अभिषेक वर्मा का चयन किया गया है। इन सभी खिलाड़ियों का चयन पूर्व में हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतने के कारण किया गया है। इस टीम के साथ कोच के रूप में आकाश कुमार स्वर्णकार एंव अनिता ओझा जा रही है। ये टीम कल रात को जमशेदपुर के लिए रवाना होगी। कोषाध्यक्ष अमित स्वर्णकार ने एमपी माइक के निदेशक संजय भूदोलीया का आभार प्रकट किया जिन्होंने सभी प्रतिभागियों एवं ऑफिशियल के लिए टी शर्ट स्पॉन्सर किया है।

## सड़क पर बने तालाब नुमा गड्ढे में लोगों ने मछली मार जताया विरोध



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह-देवघर मुख्य मार्ग में सिहोडीह पर जर्जर सड़क के कारण आए दिन हो रही दुर्घटना और लोगों की परेशानियां को देखते हुए आज स्थानीय लोगों ने इसका कुछ अनोखे अंदाज में विरोध किया. स्थानीय लोगों ने जर्जर सड़क में तालाब रूपी बने गड्ढे में मछली का जाल फेंक कर और बंसी लगा कर मछली मारा और सांसद -विधायक और जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. स्थानीय लोगों ने कहा की जल्द ही अगर इस सड़क का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो एक बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे। स्थानीय विधायक, सांसद और जिला प्रशासन से इस सड़क को बनवाने की मांग किया साथ ही कहा की रोड नहीं तो वोट नही। आने वाले लोकसभा चुनाव से पहले अगर सिहोडीह नया पुल से लेकर कॉलेज मोड़ तक नए सिरे से सड़क का निर्माण होगा तभी चुनाव के महापर्व में वे लोग हिस्सा लेंगे। चिप्पी और टिकरी मरम्मत से काम नही चलेगा इस सड़क से प्रायः हजारों वाहनों का प्रवेश होता है। मौके पर विरोध प्रदर्शन में शिवनंदन प्रसाद,मंजीत शर्मा,प्रमोद स्वर्णकार, गोविंद तुरी, ढालों दास, केदार वर्मा, रामा यादव, बबलू बर्नवाल, चुनमुन राम, सुभाष चौधरी, जीतू चौधरी, अली रजा, भुनेश्वर चौधरी, टिंकू, सुकलेश कुमार, रोहित, मिर्तुंजय सिंह,रितेश शर्मा, रविंद्र शर्मा, पवन दास सहित कई राहगीर मौके पर मौजूद थे।

## टुंडी निवासी अंचला देवी के निधन की खबर पर पीड़ित परिवार से मिले पूर्व सांसद



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के लकड़ाखूंधी निवासी स्व मेवालाल पाण्डेय की पत्नी अंचला देवी की आकस्मिक निधन की सूचना पर गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के 16वीं सांसद रवींद्र कुमार पांडे आज गुरुवार को पीड़ित परिवार से मिले और सांत्वना दिया । मौके पर उनके साथ पूर्व सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार मिश्रा, संतोष पाण्डेय, शुशांत पाण्डेय, रंजीत पाण्डेय, दीपक पाण्डेय समेत कई लोग उपस्थित थे।

## आम आदमी पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने जिला संयोजक अशोक कुमार महतो के नेतृत्व में गुरुवार 5 अक्टूबर को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुतला दहन में शामिल जिला संयोजक अशोक कुमार महतो ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि केंद्र सरकार अरविंद केजरीवाल के द्वारा किये जा रहे कार्य से पूरी तरह डर गई हैं और बोखलाहट में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी की गई।

जबकि संजय सिंह हिंदुस्तान के राजनीतिक में विपक्ष के सबसे मजबूत आवाज रखने वालों में से एक है। यही नही 60 स्वतंत्र पत्रकारों के घर पर भी छापेमारी की गई जो यह साबित कर रही है कि देश की सरकारी एजेंसी ईडी और सीबीआई केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही है। लेकिन जनता सब देख रही है और इसका जवाब 2024 के चुनाव में जनता अपने मद का प्रयोग कर देगी। पुतला दहन में आम आदमी पार्टी के जिला संरक्षक महेंद्र सिंह, जिला महासचिव मदन राम, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष सत्यदेव प्रसाद, अल्पसंख्यक धनबाद जिला से अरशद राजा, पुटकी प्रभारी रॉकी मंडल, मो जावेद, रविंद्र नाथ सिंह, सनोज कुमार तिवारी, सोमनाथ चटर्जी, आलोक खरवार, मो साहब शेख आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भागा रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज निर्माण का कार्य होगा शुरु



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** आद्रा डिविजन के भागा रेलवे क्रॉसिंग पर बनने वाले ओवरब्रिज का कार्य फिर से शुरू करने को लेकर गुरुवार को रेलवे आरसीडी एवं झामाडा के अधिकारियों ने ज्वाईट ले आउट सरवे कर ओभरब्रीज निर्माण में व्याप्त बाधा को दूर करने को संयुक्त रूप से ले आउट सर्वे किया। सर्वे के दौरान सड़क (आर सी डी) डिपार्टमेंट के जेई पंकज कुमार ने बताया है की पूर्व में रेलवे द्वारा ओवरब्रिज का कार्य शरू किया गया था लेकिन निर्माण कार्य के दौरान झामाडा के पाइप लाइन की अड़चन आने के बाद काम को रोक दिया गया था। पाइपलाइन शिफ्टिंग में विलंब होने के चलते निर्माण कार्य बाधित हुई। झामाडा के जेई मनोज कुमार ने कहा है की झामाडा का राइजिंग पाइप लाइन से ओवरब्रिज बनाने में कठिनाई हो रहा था, जिसको दूर कर लिया गया है। ओवरब्रिज निर्माण कार्य में कोई और भी पाइप लाइन के बाधक बनने पर रेलवे अधिकारी द्वारा दो दिन पहले सूचना देने पर उसे भीतत्काल ठीक कर दिया जायेगा। पूर्व में रेलवे को अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया गया है। रेलवे के सेक्सन इंजीनियर अरुण मुखर्जी ने बताया है की पुर्व में हुई गलती से सिख लेकर ओवरब्रिज निर्माण का काम जल्द शरू किया जायेगा। ले आउट सर्वे के दौरान रेलवे के कनीय अभियंता विजय प्रसाद, पीएमसी से एलडी त्रिपाठी आदि भी मौजूद थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित हुई। बैठक में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,रांची द्वारा संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2016 (मुख्य) के राज्य स्तर के मेधा सूची के आधार पर शारीरिक शिक्षक विषय के तीन एवं अंग्रेजी विषय में 01 शिक्षक समेत कुल 04 शिक्षकों की नियुक्ति हेतु प्राप्त अनुशंसा पर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से सभी शिक्षकों की नियुक्ति हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही, स्क्रीनिंग हेतु एक समिति का गठन किया गया।आज की बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता,जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी और जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम उपस्थित थे।

## ढिंगूरपानी बिंझिया समाज खेल समिति द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

**जलडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलडेगा प्रखण्ड परबा पंचायत अंतर्गत ढिंगुरपानी में बिंझिया समाज के तत्वाधान में आयोजित 5 दिवसीय खस्सी नॉक-आउट फुटबॉल प्रतियोगिता का दिनांक 04/10/2023 को फाईनल मैच खेला गया। जिसमें फाईनल



खेल करडेगा बनाम बांसजोर के बीच खेला गिया जिसमें करडेगा के टीम ने दो गोल से बढ़त बनाते हुवे बांसजोर झारखण्ड के टीम को बिछड़ते हुवे करडेगा (ओड़िशा)ने प्रथम पुरुष्कार प्राप्त किया दुसरा बांसजोर (झारखण्ड), तीसरा भालूलता (ओड़िशा),चौथा पुरनापानी जाहड़ी टोली (ओड़िशा) को दिया गिया फाईनल मैच में अहम भूमिका रेफरी का कर्ताब्या निभाते हुवे रामेश्वर मांझी हुटूटुवा जिसमें की मुख्य अथिति के रूप में उपस्थित झारखण्ड प्रदेश बिंझिया जाति खेल समिति के अध्ध्क्ष सुखदेव मांझी, सचिव जोगेश्वर मांझी, कोषाध्यक्ष सतीश नाग, उपसचिव रवि मांझी, उपकोषअध्यक्ष सुलेन्द्र मांझी, मिडिया प्रभारी राजेंद्र मांझी और मुख्य अतिथि प्रदेश केंद्रीय उपाध्यक्ष जालंधर सिंह गोंझु प्रथम पुरस्कार करडेगा के टीम को दे कर खिलाड़ियों का मन को बहलाया खेल हमारे जीवन में बहुत ही जरूरी है खेल से अनुशासन बनता है इसलिए आप सभी खेल को खेल के भावना से खेले और अपने नाम को आगे बढ़ाए और भविष्य में आगे बढ़े ताकि आप लोगो का नाम लेने में हमे भी गर्व महसूस हो। और इस क्षेत्र का नाम आगे बढ़ सके। प्रदेश सचिव हरिहार प्रधान, ओडिशा से इदरीश कुल्लु इस प्रतियोगिता में बिंझिया समाज के तमाम गण मनीय समाज के बुद्धि जीवि और समाज प्रेमी उपस्थित रहें और खेल को मनोरंजन के साथ में फ़ाइनल खेल करया गिया इस प्रकार समाज के ब्यक्ति साधु प्रधान, शिवचरण प्रधान, गोबर्धन प्रधान, बासुदेव प्रधान, बिशेश्वर प्रधान, विनोद प्रधान, नरेंद्र मांझी, संजय मांझी भरत सिंह बिंझिया इत्यादि बिंझिया समाज के लोग उपस्थित थे।

## दो दिवसीय शारिरिक शिक्षा व खेल विकास क्षमता निर्माण कार्यशाला का हुआ समापन

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में साख फाउंडेशन के माध्यम से छलांग प्रोजेक्ट के तहत विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा व खेल विकास के लिए शिक्षकों का दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का समापन किया गया।



कार्यशाला में स्वास्थ्य स्कूल असिसमेन्ट कराया गया जिसमें बॉडी मास इंडेक्स, फिजिकल एक्टिविटी में ड्रिल्स कराया गया साथ ही दुज हैंड बोल, बाल गीत एवं विद्यालयों में गतिविधियों को सही तरिके से कराने के साथ साथ अनेकों महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक सभी शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। रांची से आये प्रोग्राम मैनजर मृतुन्जय चंद्रा के द्वारा प्रोजेक्ट छलांग की अवधारणा, कार्यक्रम का उद्देश्य, मापने योग्य परिणाम, शारिरिक शिक्षा और खेल के महत्व आदि पर विस्तरित रूप से झारखंड के परिपेक्ष्य में जानकारी दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि छलांग प्रोजेक्ट के माध्यम से विद्यार्थियों में शरीरिक कौशल में विकास में छात्रों के सीखने में सुधार, खेल गतिविधियों में बालिकाओं की भागीदारी में सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण सुधार, बालिकाओं की उपस्थिति में सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण सुधार, प्रत्येक छात्र के लिए 40 घण्टे की वार्षिक शारिरिक शिक्षा सुनिश्चित, ऐसे विद्यार्थियों की भी पहचान की जाएगी जिनमें एथलेटिक्स क्षमता आदि विकास हेतु कार्य कर रही है। कार्यशाला में सभी विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी जा रही है साथ ही ट्रेजर हंट, दूज हैंड बोल, बोल पासिंग बिटवीन दा लेग, टिक टैक टो आदि खेल के माध्यम से भी प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में प्रोग्राम मैनजर मृतुन्जय चंद्रा, प्रशिक्षक निर्मल सिंह, अनूप सिंह, शकुंतला सिंह, मीणा कुमारी आदि उपस्थित थे ।

# उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता की अध्यक्षता में आज गुरुवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला परिषद कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम सड़क दुर्घटना में मृत व घायल मामलों की समीक्षा की गई। इसमें सितंबर माह तक कुल 82 सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई जिसमें 54 मृतक हैं। वहीं 61 गंभीर रूप से घायल थे। पुलिस विभाग को संबंधित थानों से प्रतिवेदन प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई कराने का निदेश दिया गया।परिवहन विभाग को ओवर स्पीड, ओवर लोडिंग, ड्रंक एंड ड्राइविंग मामलों में जांच अभियान चलाने का निदेश दिया गया। पुलिस विभाग द्वारा 62 मामलों में 1,59000 रुपये दण्ड स्वरूप वसूल किये जाने की जानकारी दी गयी। पुलिस विभाग को हेलमेट पहनने के लिए सघन वाहन जांच चलाये जाने का निदेश पुलिस विभाग को दिया। हिट एंड रन



मामले में थाना स्तर से लंबित मामलों से संबंधित दस्तावेज सड़क सुरक्षा कार्यालय को भेजे जाने का निदेश दिया गया। पुलिस उपाधीक्षक द्वारा हिट एन्ड रन के निष्पादित किये गए मामलों की जानकारी दी गयी। एनएच, रांची को एनएच 143 और एनएच 143,ए में झुकी डालियों को कटवाने हेतु वन प्रमण्डल लोहरदगा से समन्वय स्थापित किये जाने का निदेश दिया गया। एनएच रांची को बाजार समिति और पवरगंज के पास रम्बल स्ट्रिप लगाये जाने से संबंधित निदेश दिये गये। बीएस कॉलेज और सेरेंगहातु के पास मुख्य पथ में बड़े गड्ढों को भरे जाने का निदेश दिया गया। नगर परिषद लोहरदगा को नवडीहा स्कूल के पास सोनार टोली में बने उच्च कलवर्ट को समतलीकरण हेतु निदेश दिया गया।कैरो से बक्सी,भंडरा से मकुन्दा एवं नरौली से आकाशी जाने वाली सड़क की मरम्मती का निदेश कार्यपालक अभियंता, आरईओ को दिया गया। सिविल सर्जन लोहरदगा को गुड सैमरिटन में व्यक्ति को चिन्हित करते हुए व्यक्ति को दिए जाने वाले लाभ से लाभान्वित किये जाने का निदेश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा सितंबर माह में छोटी-बड़ी गाड़ियों के सघन जांच से सितंबर माह में तीन लाख रुपये दण्ड स्वरूप वसूल किये गए राशि की जानकारी दी गयी। साथ ही 25 ऑनलाइन लाइसेंस सस्पेंड किये गए। साथ ही बताया गया कि मोटरयान निरीक्षक द्वारा सघन वाहन जांच से 64 लोगों से फ़ाईन वसूल किये जाने की जानकारी दी गयी। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को कचहरी चौक और किस्को मोड़ से अतिक्रमण हटा कर सुंदरीकरण किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही,बगड़ू मोड़ से 50 मीटर की दूरी पर चौड़ीकरण के कारण सड़क पर स्थित चापाकल का वैकल्पिक व्यवस्था किये जाने और मैना बगीचा में सड़क के किनारे से अतिक्रमण हटाने का निदेश दिया गया। उत्पाद विभाग द्वारा सितंबर माह में 139 मामलों में किये गए कार्रवाई की जानकारी दी गयी जिसमें 882 लीटर विदेशी शराब और 675 लीटर जावा हैं।

## युवा क्लब संगठन का किया गया पुनर्गठन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** ओड़गा के युवा संगठन का पुनर्गठन किया गया जिसमें ओड़गा सारूबाहर डेलसेरा राजस्व ग्राम के गणमान्य लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिए। या बैठक गोविंद मांझी की अध्यक्षता में ओड़गा सारूबाहर कांशी टोली स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुखिया ओड़गा श्री भीम मांझी जी ने यह संगठन को एक नई दिशा की ओर ले चलने का मार्गदर्शन दिखाएं युवा साथी को। एवं छोटू बड़ाईक ने इस संगठन को मजबूती से चलने का सही सुझाव दिया एवं अंधकार भरी जीवन को उज्जवल की ओर ले चलने की सही मार्गदर्शन दिए। वहीं हमारे सामाजिक कार्यकर्ता गोविंद मांझी एवं नरेश बड़ाईक ने युवा साथी को हम सब को एक साथ मिलकर हर परिस्थिति में किसी प्रकार की परेशानियां या दिक्कतें आती है तो हम सब को मिलकर उस परेशानियों का समाधान करने का प्रयास करेंगे और हर छोटी बड़ी गांव घर की परेशानियों को हम सबको मिलकर उसका समाधान निकलने का प्रयास करना है और साथ रहने का शपथ ग्रहण भी किया गया और वही संगठन का पद भी चयन किया गया। और उन्हें सम्मानित किया गया संस्थापक संतोष महतो एवं दर्शन सिंह की अध्यक्षता में गठन किया गया। अध्यक्ष श्री गोविंद मांझी जी को बनाया गया ।

## मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास के माध्यम से पलायन रोकना है : बीडीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा :** लोहरदगा प्रखंड क्षेत्र से पलायन रोकने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्र के महिला पुरूष और युवक युवतियों को मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास के अन्तर्गत जोड़ कर घरेलू स्तर पर कार्य देने के लिये निर्देश दिया गया है.इस संदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के महिला पुरुष और पढ़े लिखे युवक युवती काम के तलास में बाहर प्रदेशों में पलायन कर जाते हैं. वैसे लोगों के लिये



राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम के माध्यम से रोजगार दिया जाना है. जिसे ग्रामीण क्षेत्र के लोग बिस्किट निर्माण, चूड़ा, पापड़, अचार, तेल, पशुआहार, तेल, गरम मसाला, उपमा, ड्राइफूड, मिनी राइस मिल, अमचूर, सेवई, हल्दी पावडर मिठाई, चॉकलेट निर्माण सहित अन्य कार्यो से जुड़ कर कम पूँजी के लागत से और कम मेहनत में कुटीर व लघु उद्योग का कार्य कर सकते हैं.जिसे मजदूरों को अच्छी आमदनी हो सकती है।जिसे लोग आत्मनिर्भर बन सकेंगे साथ ही कहा कि जो वस्तु का निर्माण होगा वह सभी चीजें बाहर के राज्यों में भी भेजा जायेगा।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जयंती पर याद की गई वीरांगना रानी दुर्गावती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रानी दुर्गावती की जयंती मनाई गई। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने रानी दुर्गावती के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को रानी दुर्गावती के जीवन से जुड़ी डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि कई आक्रमणकारी मुगल शासकों के विरुद्ध अपने साहस और शौर्य के लिए विख्यात रानी दुर्गावती चन्देलगढ़ा साम्राज्य की शासक महारानी थीं। वो भारत की एक



प्रसिद्ध चन्देल वीरांगना थीं,जिनका जन्म दुर्गाष्टमी के दिन 5 अक्टूबर 1524 ई. को कालिंजर के राजा कीर्तिवर्मन द्वितीय चन्देल के यहाँ हुआ था। प्राचार्य के अलावा कन्या भारती और तरुण भारती के प्रधानमंत्री क्रमशः रोशनी उरांव एवं रोहित कुमार और सेनापति भैया अभय साहू और शिक्षक शिक्षिकाओं ने रानी दुर्गावती का चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित की।

## स्वच्छ घर, गांव व ग्राम पंचायत अभियान का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** संकल्प सप्ताह अंतर्गत लोहरदगा जिला के आकांक्षी प्रखण्ड किस्को में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लोहरदगा की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये गए।कार्यक्रम अन्तर्गत ÷स्वच्छता एक संकल्प कार्यक्रम का आयोजन प्रखण्ड के सभी पंचायतों में किया गया जिसके तहत विभिन्न गतिविधियां की गई। सभी पंचायतों में स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया। स्वच्छ घर, गांव एवं ग्राम पंचायत अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रखंड के




विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता रैली,वाक् प्रतियोगिता तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पंचायत स्तर पर स्वच्छता से स्वास्थ्य की ओर जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया।विद्यालय स्तर पर स्वच्छता अन्तर्गत ठोस एवं तरल कचरा,प्लास्टिक कचरा,माहवारी स्वच्छता प्रबंधन एवं शौचालय के रख-रखाव एवं उपयोग हेतु वाक् प्रतियोगिता एवं चित्रकला का आयोजन स्कूल के बच्चों के माध्यम से किया गया। विभाग स्तर से सभी पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन हेतु पंचायत स्तर पर कर्मियों को नामित किया गया। कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी के रूप में सहायक अभियन्ता, नोडल पदाधिकारी द्वारा कार्य किया गया।इस कार्यक्रम में कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा एवं जिला समन्वयक स्क्रूल(त) आयोजित विभिन्न कार्यक्रम में भाग लिये ।

### लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत की अध्यक्षता में लोकसभा समन्वय समिति की बैठक आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 30 सितंबर को रांची में आयोजित लोकसभा प्रभारी एवं संयोजक की बैठक में प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडये के निर्देशानुसार दिनांक 6 अक्टूबर को 2ः00 बजे लोहरदगा परिसदन में लोहरदगा लोकसभा समन्वय समिति की एक आवश्यक बैठक रखी गई है। जिसकी अध्यक्षता लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत करेंगे। इस बैठक में लोहरदगा लोकसभा के संयोजक प्रदीप तुलस्यान, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा मनोनीत लोहरदगा लोकसभा समन्वय समिति के सदस्यों में मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, जिला प्रभारी, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा के एलडीएम कोऑर्डिनेटर, गुमला एवं रांची के वरिष्ठ कांग्रेस जन, अग्रणी मोर्चा के अध्यक्ष सहित अनेक नेतागण शामिल होंगे।

## ड्रीम एलेवन में 9 लाख 25 हजार ठगी को लेकर कैरो थाना में प्राथमिकी दर्ज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो :** लोहरदगा थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत नगजुवा चरिमा गांव निवासी जमाल अंसारी के पुत्र मोख्तार अंसारी ने ड्रीम एलेवन में ठगी को ले मामला दर्ज कराया है। बताया जाता है कि मोख्तार अंसारी ड्रीम एलेवन में 09 लाख 25 हजार जीता था। लेकिन ड्रीम एलेवन में जीती हुई राशि उसके बैंक खाता में नहीं आया। वह राशि किसी दूसरे व्यक्ति के बैंक खाते में चला गया। जिसके बाद मोख्तार ने साइबर क्राइम थाना रांची में आवेदन देकर राशि वापसी की गुहार लगाई थी। कैरो थाना पुलिस ने साइबर क्राइम थाना जीरो एफआईआर के आधार पर कैरो थाना मे कांड संख्या 45/23 भादवि की धारा 419,420,120 (बी) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कैरो थाना पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## अखिलेश्वर मंदिर परिसर में आगामी दस अक्टूबर को होगा ऐतिहासिक जितिया जतरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा :** लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड के अखिलेश्वर मंदिर परिसर में आगामी दस अक्टूबर को ऐतिहासिक जितिया जतरा का आयोजन किया जाएगा। जितिया जतरा के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को बिठ्ठू उरांव की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में ऐतिहासिक जितिया जतरा को लेकर कमिटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष अंजनन उरांव,उपाध्यक्ष सूरज उरांव,सचिव सूरज उरांव,कोषाध्यक्ष गोबरा मुंडा को



चुना गया। मौके पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे बिशुनपुर विधायक प्रतिनिधि बिठ्ठू उरांव ने कहा कि अखिलेश्वर मंदिर में आयोजित ऐतिहासिक जितिया जतरा का इतिहास काफी पुराना है। अपने ऐतिहासिक परंपरा को पुनर्जीवित करने को लेकर इस बार भव्य रूप से जितिया जतरा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रखंड के सात गांव से खोड़हा नृत्य मंडली भाग लेंगे। इस दौरान उन्होंने जितिया जतरा की तैयारी करने को लेकर दिशा-निर्देश दिया है। मौके पर गोवर्धन मुंडा,बिरसा उरांव, रामदयाल उरांव, बंसी उरांव, राजू उरांव, विजय उरांव,सूरज उरांव, शंकर उरांव,लक्ष्मण उरांव, विनोद उरांव, बीजू उरांव, बांदे उरांव, बिरसा उरांव, मुन्ना उरांव, कुंडिया उरांव, शनि उरांव, संजय उरांव, पंकज उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## झारखंड पार्टी युवा कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

# युवा शक्ति ही देश का भविष्य बदलेगा : संदेश एक्का

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** प्रखंड के लचरागढ़ में झारखंड पार्टी युवा कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन, मौके पर पहुंचें झारखन्ड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का। झारखन्ड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का के पहुंचते ही फूल माला और बुके देकर भव्य स्वागत किया, वहीं इस सम्मेलन में कई लोगों ने झापा का थामा दामन। झारखंड पार्टी में सभी शामिल होने वाले लोगों माला पहनाकर स्वागत किया गया,वहीं,मौके पर झारखंड पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष संदेश एक्का ने सबसे पहले सभी युवा कार्यकर्ता को सम्मनेलन में आए हुए लोगों को स्वागत किया और शुभकानाएं देते हुए कहा की आप जितने भी लोग आज इस सम्मेलन में जुड़े हैं , हम उनका स्वागत करते हैं अभिनंदन करते हैं जितने भी



कार्यकर्ता जुड़ रहे है वे सभी दिल से जुड़े हम आपको बताना चाहेंगे की जिस समय झारखण्ड पार्टी कोलेबिरा विधानसभा में विधायकी थी तब कई क्षेत्रों में विकास का कार्य हो रहा था और विकास की कार्य पर कोई बाधा नहीं हो रही थी, सभी क्षेत्रों में जरूरत को पूरा किया गया था, पानी से लेकर बिजली तक झारखन्ड पार्टी देने का काम किया था और अब भी देते रहेगा आप लोग बढ़ चढ़ कर इस आने वाला विधानसभा चुनाव में झारखन्ड पार्टी को भारी मतों से विजई बनाएं ।

वहीं उन्होंने कहा की भारत की आबादी में सबसे ज्यादा हिस्सा युवाओं का है। आज युवा देश की पहचान बन चुके हैं। हर देश के लिए उनकी युवा पीढ़ी एक नए भविष्य के निर्माण की ईंट होती है। जो आने वाले समय में अपने देश को एक अलग पहचान दिलाएगी। झारखंड पार्टी में युवा अध्यक्ष सबनम केरकेट्टा, कार्यकारी अध्यक्ष सूरज पंडा , उपाध्यक्ष सुनील कंडूलना, आनंद पंडा, शरीफ नायक,राधा नायक, चंदन सिंह, गुणेश्वर सिंह,ने थामा दामन। मौके पर प्रखंड पूर्वी अध्यक्ष कोलेबिरा,मालाकी डांग, पश्चिमी अध्यक्ष सुगड़ जड़िया, सैमुअल धनवार, सुनील भुइंया, संतोष साहू एवं समस्त झापा कार्यकर्ता मौजुद रहें।

## रानी दुर्गावती ने मुगल शासक के आगे कभी घुटना नही टेका : विमला प्रधान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी एवं गोंडवाना समाज द्वारा रानी दुर्गावती की जयंती मनाई गई। सिमडेगा स्थित अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के समीप उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए, मौके पर पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने रानी दुर्गावती की जीवनी को याद करते हुए कहा की रानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर 1524 में गोंडवाना राज्य में हुआ था वह कालिंजर के राजा कीर्ति सिंह चंदेल की इकलौती संतान थी दुर्गा अष्टमी के दिन बांदा जिले के कालिंजर किले में जन्म होने के कारण उनका नाम दुर्गावती रखा गया था उनके तेज वीरता साहस और सौंदर्य के कारण ही लोग उनका इतना सम्मान करते थे। उनका नाम इतिहास के पदों पर स्वर्णिम अक्षरों से लिखा गया है क्योंकि पति की मृत्यु के पश्चात भी रानी दुर्गावती ने अपने राज्य को बहुत ही अच्छे से संभाला था



इतना ही नहीं रानी दुर्गावती ने मुगल शासक अकबर के आगे कभी भी घुटने नहीं टेके थे इस वीर महिला योद्धा ने तीन बार मुगल शासक को हराया था और अपने अंतिम समय में मुगलों के सामने घुटना टेकने की जगह इन्होंने अपनी कटार से अपनी हत्या कर ली थी उनके इस वीर बलिदानी के कारण लोग इनका इतना सम्मान करते हैं। हम सबों के लिए रानी दुर्गावती आज भी प्रेरणा स्रोत है उनकी जीवनी हमें यह प्रेरणा देती है की महिलाएं कुछ भी कर सकती हैं चाहे युद्ध का मैदान हो या कोई भी क्षेत्र हो। मोके पर गोंडवाना समाज के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ भोय ने कहा कि रानी दुर्गावती हमारे देश की वह वीरांगना है जिन्होंने अपने राज्य की रक्षा के लिए मुगलों से युद्ध कर वीरगति को प्राप्त की वह बहुत ही बहादुर और साहसी महिला थी जिन्होंने अपने पति की मृत्यु के बाद न केवल उनके राज्य संभाला बल्कि राज्य की रक्षा के लिए कई लड़ाइयां भी लड़ी हमारे देश के इतिहास की बात की जाए तो बहादुर और वीरता में कई राजाओं के नाम सामने आते हैं लेकिन इतिहास में एक शख्सियत ऐसी भी है जो कि अपने पराक्रम के लिए जानी जाती है वह रानी दुर्गावती। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष अजय सिंह नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद गोंडवाना समाज के महासचिव श्याम किशोर प्रधान बालमुकुंद नागेश्वर सोमलाल प्रधान सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं गोंडवाना समाज के लोग मौजूद थे ।

## चलते चलते एक नजर

### बरवाडीह में झामुमो का संगठन विस्तार

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड की बड़ी पार्टी झामुमो का बरवाडीह प्रखंड में भी संगठन की मजबूती का दायरा बढ़ता जा रहा है। जहां पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष की कड़ी मेहनत और प्रयास से प्रखंड के पंचायतों में संगठन का विस्तार किया जा रहा है। जहां पंचायत खुरा, बरवाडीह के साथ पंचायत छेंचा में गुरुवार को पंचायत कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष के रूप में संदीप कुमार रजक, सचिव सलाउद्दीन खां उपाध्यक्ष सागर पासवान,उमेश सिंह वहीं सदस्य के रूप में पूनम देवी,अनिल सिंह,पुष्पा देवी समेत अन्य लोगों को शामिल किया गया। मौके पर प्रखंड सचिव बाबू राम सिंह जयपाल प्रसाद, बबली देवी,देवमनियां देवी, शोभा देवी, संजय राम , अनुरोध बैठा,सोनू राम,प्रमोद रजक,विजय बैठा, लालो बैठा समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### तारा शाहदेव पर फैसला असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की जीत : सांसद

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेशनल शूटर तारा शाहदेव मामले में न्यायालय के फैसले का रांची के सांसद संजय सेठ ने स्वागत किया है। सांसद ने इसे असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म की जीत बताया है। सांसद ने कहा कि यह न्याय तारा शाहदेव के संघर्ष का परिणाम है। समाज के धैर्य का परिणाम है। अधर्म के रास्ते पर चलने वाले विधर्मियों के खिलाफ एकजुट होकर खड़े समाज की एकता का परिणाम है। सांसद ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आज से नौ वर्ष पूर्व धर्मांतरण के लिए जब नेशनल शूटर तारा शाहदेव को निशाना बनाया गया, उस वक्त सिर्फ रांची शहर नहीं, पूरा देश तारा के साथ खड़ा हुआ। हम सबने तारा की मदद की और फिर समाज के एक साथ खड़े होने का यह परिणाम आज हम सबके सामने है। सांसद ने कहा कि जब भी ऐसी परिस्थितियों हो, बेटियों बहनों पर अत्याचार हो, विधर्मी मानवता के ऊपर प्रहार करें, ऐसे में समाज जब एकजुट खड़ा रहेगा तो चाहे विधर्मी कितना भी शक्तिशाली हो, उसका पतन तय है। सांसद ने इस फैसले पर न्यायालय का आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि इससे भारतीय न्याय व्यवस्था के प्रति आम जनता का विश्वास और भी गहरा हुआ है। धर्म परिवर्तन के लिए प्रताड़ना झेल रही बेटियों-बहनों को न्याय दिलाने का मार्ग खुला है।

### सीएम से मिलीं जमशेदपुर महिला विवि की कुलपति

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ अंजिला गुप्ता ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 11 अक्टूबर को यूनिवर्सिटी की नई बिल्डिंग के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। साथ ही मुख्यमंत्री को यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों तथा कार्यक्रमों से भी अवगत कराया।



# कैबिनेट की बैठक में पीएम मोदी ने पलामू को दिया तोहफा

## * केंद्र 1836.41 करोड़ रुपये कराएगा उपलब्ध



### मंडल डैम के शेष कार्य को पूरा करने की संशोधित लागत को दी मंजूरी

**रविंद्र उपाध्याय @ प्रभात मंत्र**

**नई दिल्ली-रांची :** केंद्रीय कैबिनेट ने पलामू का बहुप्रतीक्षित उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना (मंडल डैम) के शेष कार्यों को पूरा करने की संशोधित लागत को मंजूरी दे दी. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना के शेष कार्यों को संशोधित 2430.76 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्सा 1836.41 करोड़ रुपये) की लागत से पूरा करने के लिए जलशक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के एक प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दी है, जबकि अगस्त, 2017 में शेष कार्य के लिए पहले स्वीकृत लागत 1622.27 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्सा 1378.60 करोड़ रुपये) की थी.काम पूरा होने के बाद ये परियोजना झारखंड और बिहार के कुछ सूखाग्रस्त जिलों में 42,301 हेक्टेयर क्षेत्र को अतिरिक्त वार्षिक सिंचाई प्रदान करेगी. गौरतलब है कि उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना एक अंतर-राज्यीय प्रमुख सिंचाई परियोजना है, जिसका कमान क्षेत्र दो राज्यों बिहार और झारखंड में है. इस परियोजना में कुटकू गांव (जिला लातेहार, झारखंड) के पास उत्तरी कोयल नदी पर एक बांध, बांध के नीचे 96 किमी एक बैराज (मोहम्मदगंज, जिला पलामू, झारखंड), दाहिनी मुख्य नहर (आरएमसी) और बैराज से बाईं मुख्य नहर (एलएमसी) शामिल हैं.

#### 1993 से रुका हुआ था काम

बिहार सरकार द्वारा उसके अपने संसाधनों से साल 1970 में बांध के निर्माण के साथ-साथ अन्य सहायक गतिविधियां शुरू की गई. काम 1993 तक जारी रहा और उस साल बिहार सरकार के वन विभाग द्वारा रोक दिया गया. बांध में जमा पानी से बेतला नेशनल पार्क और पलामू टाइगर रिजर्व को खतरा होने की आशंका के कारण बांध का काम रुका हुआ था. काम रुकने के बाद ये परियोजना 71,720 हेक्टेयर में वार्षिक सिंचाई प्रदान कर रही थी. नवंबर 2000 में बिहार के विभाजन के बाद, बांध और बैराज का मुख्य कार्य झारखंड में हैं.

#### पलामू टाइगर रिजर्व के मुख्य क्षेत्र को बचाने के लिए लिया गया था फैसला

इसके अलावा मोहम्मदगंज बैराज से पूरी 11.89 किमी बाईं मुख्य नहर (एलएमसी) झारखंड में है. हालांकि, दाहिनी मुख्य नहर (आरएमसी) के 110.44 किमी में से पहला 31.40 किमी झारखंड में है और शेष 79.04 किमी बिहार में है. वर्ष 2016 में, भारत सरकार ने परिकल्पित लाभों को हासिल करने के लिए परियोजना को संचालित और उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना के शेष कार्यों को पूरा करने के लिए सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया. पलामू टाइगर रिजर्व के मुख्य क्षेत्र को बचाने के लिए जलाशय के स्तर को कम करने का निर्णय लिया गया. परियोजना के शेष कार्यों को 1622.27 करोड़ रुपये के अनुमानित व्यय पर पूरा करने के प्रस्ताव को अगस्त 2017 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित किया गया था.

#### केंद्र 1836.41 करोड़ रुपये उपलब्ध कराएगा

इसके बाद दोनों राज्य सरकारों के अनुरोध पर कुछ अन्य घटकों को परियोजना में शामिल करना आवश्यक पाया गया. परिकल्पित सिंचाई क्षमता प्राप्त करने के लिए तकनीकी दृष्टि से आरएमसी और एलएमसी की पूर्ण लाइनिंग को भी आवश्यक माना गया. इस प्रकार, गया वितरण प्रणाली के कार्य, आरएमसी और एलएमसी की लाइनिंग, रास्ते में संरचनाओं की रीमॉडलिंग, कुछ नई संरचनाओं का निर्माण और परियोजना से प्रभावित परिवारों (पीएएफ) के राहत एवं पुनर्वासन (आर एंड आर) के लिए एकबारगी विशेष पैकेज को अद्यतन लागत अनुमान में प्रदान किया जाना था. इसके अनुसार परियोजना का संशोधित लागत अनुमान तैयार किया गया था. शेष कार्यों की लागत 2430.76 करोड़ रुपये में से केंद्र 1836.41 करोड़ रुपये उपलब्ध कराएगा.


#### क्या है मंडल डैम परियोजना

मंडल डैम की शुरूआत 1970 ई में की गई थी। यह परियोजना लातेहार जिले के मंडल गांव में स्थित है। मंडल डैम से पनबिजली उत्पादन होना था। इसके लिए 90 प्रतिशत कार्य लगभग पूर्ण हो गया था। अचानक केंद्र सरकार द्वारा 1993 ई में इस परियोजना पर रोक लगा दी गई। जिसके कारण यह परियोजना 30 वर्षों से अधर में है। इस परियोजना के चालू हो जाने से बिजली उत्पादन भी होता और झारखंड की बिजली क्षमता बढ़ती। वहीं झारखंड व बिहार की एक लाख 20 हजार हेक्टेयर भूमि की पटवन होती। इसमें एक लाख हेक्टयेर भूमि की पटवन सिर्फ बिहार की भूमि की होगी।

#### डैम के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए पीएम मोदी ने 5 जनवरी 2019 को रखी थी आधारशिला

मंडल डैम के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 जनवरी 2019 को आधारशिला रखी थी. जिसमें मार्च 2022 तक डैम के अधूरे काम को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था. लेकिन काम आगे नहीं बढ़ पाया।उत्तर कोयल नहर परियोजना के तहत कोयल नदी पर मंडल और कुटकु में डैम बनाया जाना था, इस डैम को मंडल और कुटकु के नाम से भी जाना जाता था. 1970-71 में करीब 30 करोड़ की परियोजना थी. 1997 में मंडल में एक इंजीनियर की हत्या कर दी गई, जिसके बाद से मंडल डैम का निर्माण कार्य बंद कर दिया गया था. जिसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंडल डैम के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए 2019 में आधारशिला रखी. जिसके लिए करीब 2300 करोड़ रुपए जारी किए गए. ये मंडल डैम परियोजना पलामू टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आता है, जिसके कारण डैम की ऊंचाई 367 मीटर से घटा कर 341 मीटर किया जाना है.

### रंग लाया सांसद वीडी राम का प्रयास




केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के साथ उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना (मंडल डैम) के निर्माण को लेकर पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम कई बार बैठक भी कर चुके हैं। इनके आग्रह पर केंद्रीय टीम ने मंडल डैम का निरीक्षण भी किया। साथ ही संसद वीडी राम ने इस मुद्दे को कई बार संसद में भी उठाकर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया था। अंततः सांसद वीडी राम का प्रयास रंग लाया और केंद्रीय कैबिनेट में पीएम मोदी ने मंडल डैम के शेष भाग को पूरा करने के लिए राशि स्वीकृत कर दी।

# सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी पर दिल्ली में आप ने किया जोरदार प्रदर्शन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को लंबी पूछताछ के बाद राज्यसभा सांसद और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया। रिमांड में लेने के लिए ईडी ने आप नेता को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। बता दें कि संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद इस मामले में अब तक 14 लोगों को अरेस्ट किया जा चुका है। संजय सिंह, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विश्वासपात्र हैं। इसलिए उनकी गिरफ्तारी से अब आम आदमी पार्टी की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ आप कार्यकर्ता और समर्थक गुरुवार को दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। दीन दयाल उपाध्याय



मार्ग के यातायात को बंद कर दिया गया।

बीजेपी मुख्यालय जाने के रास्ते को बंद कर दिया गया। संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा मुख्यालय घेराव करने की तैयारी में थे।दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय ने कहा,पिछले चार दिन से तानाशाही का तांडव चल रहा है, जो पत्रकार पूछते हैं गरीबी, महंगाई के मामले पर उस पत्रकार को गिरफ्तार कर लिया जाता है।जब तक भाजपा के हार की गारंटी नहीं हो जाएगी तब तक यहीं सिलसिला चलता रहेगा। बात मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और संजय सिंह की नहीं , बल्कि भाजपा वाले कह रहे हैं कि वह केजरीवाल को गिरफ्तार करने वाले हैं।दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय ने कहा,कल बुधवार को भाजपा के इशारे और मोदी के आदेश पर संजय सिंह के घर पर शाम तक ईडी की छापेमारी चलती रही। घर का चप्पा चप्पा छाना गया, कुछ नहीं मिला तो गिरफ्तारी क्यों हुई, यह देश जानना चाहता है?

## मदरसा के मौलाना पर नाबालिग छात्रा से अश्लील हरकत करने का मामला दर्ज

**रांची :** शहर के ओरमांझी थाना क्षेत्र के एक मदरसा के मौलाना आलम अंसारी पर नाबालिग छात्रा से अश्लील हरकत करने का आरोप लगा है। इस मामले में छात्रा के पिता ने ओरमांझी थाना में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि उनकी पुत्री ओरमांझी के मदरसा में पढ़ने जाया करती थी। पिछले एक सप्ताह से वह काफी परेशान दिख रही थी और मदरसा जाने में आनाकानी कर रही थी। जब उन्होंने बेटी से इसका कारण जानने की कोशिश की तब उन्हें पता चला कि मदरसा का मौलाना बेटी के साथ गलत हरकत कर रहा है। वह तुरंत थाना पहुंचे और मौलाना के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाया। पुलिस आरोपित मौलाना की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# राजा मेदिनिराय के सपने को सीएम हेमंत सोरेन ने किया साकार : अविनाश देव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेधा डेयरी प्लांट के उद्घाटन में पलामू पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एयरपोर्ट पर अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर पार्टी के युवा नेता अविनाश देव ने अभिनंदन व स्वागत किया। साथ में गणके चियांकि उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। अविनाश देव ने कहा कि पलामू के समृद्धि का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है की यहां के प्रतापी राजा अपने प्रजा के हाल जानने भेष बदल कर इलाके में निकलते थे। जिसके घर में मलहान के आवाज नहीं आता उसको बुलाकर दुधारू गाय देते थे। उस जमाने में और आज भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मूल आधार कृषि व पशुधन था।

यही काम आज सूबे के सीएम हेमंत सोरेन ने मेधा डेयरी प्लांट लगा कर पलामू के किसानों को तोहफ़ा देने के साथ राजा मेदिनीराय के सपनो को साकार करने का काम किया है।



पलामू दूध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनेगा। रोजगार मिलेगा और पलायन रुकेगा।

पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर से सात किलोमीटर दूर चियांकी गनके में झारखंड दुग्ध उत्पादन सहकारी समिति व झारखंड सरकार के द्वारा स्थापित मेधा डेयरी प्लांट का उद्घाटन माननीय हेमंत सोरेन ने किया। इस मौके पर कृषिमंत्री बादल पत्रलेख, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव की गरिमायी उपस्थिति रही। हजारों हजार के संख्या में किसान पशुपालक पहुंचे और माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का बातों को सुना। उम्मीद है इसी तरह पलामू में कृषि आधारित अन्य फैक्ट्री का स्थापना होगा।

# पलामू के कई युवाओं ने थामा जेएमएम का दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू झामुमो जिला कार्यालय में झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के समक्ष पलामू के कई युवाओं ने झामुमो का दामन थामा। सभी को शामिल कराते हुए राजेंद्र सिन्हा ने कहा, झामुमो समाज के सभी लोगों के हितों का ख्याल रखती है, आज मनोहर चंद्रवंशी जैसे पत्रकार के शामिल होने से झामुमो पलामू को और मजबूती मिली है। बीते दिन ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पलामू के किसानों को मेधा डेयरी प्लांट के रूप में सौगात दी है, झारखंड सरकार धान की तरह वन उत्पादों पर एमएसपी देगी। साथ ही पशुधन में वृद्धि हो और पलामू राज्य का बड़ा दुग्ध उत्पादक राज्य बने इसके लिए हेमंत सरकार पशुधन पर नब्बे प्रतिशत तक अनुदान दे रही है, साथ ही दूध पर तीन रुपया प्रोत्साहन राशि भी देगी। अब भाजपा का खाता भी मुश्किल से ही झारखंड में खुलेगा। पत्रकार मनोहर ने कहा, आज झारखंड के माटी की पार्टी में शामिल होने का सौभाग्य मिला इसके लिए झामुमो का धन्यवाद। झामुमो आंदोलनकारियों की पार्टी है, झारखंड के आम अवाम के दुख दर्द को समझती है,साथ ही कलम का इज्जत भी करती है। इस कार्यक्रम में सचिव सन्नू सिद्धिकी, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, संगठन सचिव अनुराग सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक, नगर सचिव छोटू त्रिपाठी मौजूद थे, साथ ही शामिल होने वालों में सूरज विश्वकर्मा, पंकज मेहता, धनंजय राम, रूपेश प्रसाद, रवि कुमार, मनीष कुमार, दिवाकर कुमार, आकाश कुमार, विक्की कुमार, मनीष कुमार, जीतू कुमार, रोहित कुमार, अनूप कुमार, विजय पासवान, ऋतिक कुमार, संदीप कच्छप, रजत वर्मा, उज्ज्वल पासवान, विकास गुप्ता, बिट्टू कुमार, श्रवण कुमार सहित दर्जनों लोग थे।

## कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय तीन दिवसीय दौरे पर छह को आएंगे रांची

**रांची :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की कार्यसमिति के सदस्य और झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय तीन दिवसीय झारखंड प्रवास पर शुक्रवार को रांची पहुंचेंगे। वे रांची एयरपोर्ट से पेसा आभार यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा मोरहाबादी से शुरू होकर कचहरी रोड, लालपुर चौक होते हुए बिरसा समाधि स्थल पहुंचेगी। इसके बाद वे पुराना विधानसभा सभागार, धुर्वा रांची में कांग्रेस सेवादल के समागम सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लेंगे। दूसरी ओर शनिवार को आर्या होटल, लालपुर में प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस की बैठक भाग लेंगे। इसके बाद तुपूदाना राज वैंक्वेट हॉल में एनएसयूआई के मिलाप सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। प्रवास के अंतिम दिन आठ अक्टूबर को गीतांजलि बैंक्वेट हॉल, चिरौंदी, नामकुम में प्रदेश युवा कांग्रेस के मिलन समारोह में शिरकत करेंगे।

# सिक्किम में बाढ़ : 14 की मौत,102 लापता, 26 घायल

**एजेंसी**

**गंगटोक :** उत्तरी सिक्किम में ल्होनक झील पर बादल फटने से तीस्ता नदी में अचानक आई बाढ़ में 14 लोगों की मौत हो गई। बाढ़ की वजह से 102 लापता और 26 घायल हैं। घायलों में 22 सैन्यकर्मी भी हैं। अधिकारियों ने कहा कि मरने वाले सभी लोगों की पहचान आम नागरिकों के रूप में की गई है, जिनमें से तीन लोग उत्तरी बंगाल में बह गए थे। उन्होंने बताया कि सुबह लापता हो गए सेना के 23 जवानों में से एक को बाद में बचा लिया गया।अधिकारियों ने बताया कि सिक्किम में रात करीब डेढ़ बजे शुरू हुई बाढ़ की स्थिति चुंगथांग बांध से पानी छोड़े जाने के कारण और बदतर हो गई। सिक्किम के मुख्य सचिव वी बी पाठक ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों से आए 3,000 से अधिक पर्यटकों के राज्य के



विभिन्न हिस्सों में फंसे होने की सूचना है। पाठक ने कहा कि चुंगथांग में तीस्ता चरण तीन बांध में कार्यरत कई कर्मचारी भी फंसे हुए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि बाढ़ के कारण सड़क बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान हुआ है क्योंकि 14 पुल ढह गए हैं, जिनमें से नौ सीमा सड़क संगठन के अधीन हैं और पांच राज्य सरकार के हैं। करीब 166 लोगों को बचाया गया

एक अन्य अधिकारी ने कहा कि अब तक करीब 166 लोगों को बचाया गया है, जिनमें सेना का एक जवान भी शामिल है। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने कहा कि बचाए गए सैनिक की स्वास्थ्य स्थिति स्थिर है। अधिकारियों ने बताया कि बचाव कर्मियों ने सिंगताम के गोलिटार में तीस्ता नदी के बाढ़ क्षेत्र से कई शव निकाले।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिक्किम के मुख्यमंत्री पी एस तमांग से बात की और राज्य में अचानक आयी बाढ़ से उपजे हालात की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार को हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया। कैबिनेट सचिव ने सिक्किम सरकार को आश्वासन दिया कि सभी केंद्रीय एजेंसियां तैयार हैं और सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगी। केंद्रीय सचिव ने समिति को बताया कि केंद्र सरकार द्वारा लगातार स्थिति पर नजर रखी जा रही है और हर संभव मदद दी जा रही है।